डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 10 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-262, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




**संसेक्स**
80,351.64 ▲ +391.26

**डॉलर**
83.487 ▲ +0.039

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 72,590
01 किलो 93,390

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## एक नजर

### नक्सलियों का कोल्हान बंद आज

**रांची।** राज्य के कोल्हान क्षेत्र में भाकपा माओवादियों ने आज बंद की घोषणा की है। नक्सलियों के इस बंद को लेकर राज्य की पुलिस अलर्ट पर है। झारखंड के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा कि नक्सलियों के बंद को लेकर पुलिस अलर्ट है।

### डीपी ज्वेलर्स लूटकांड आठ गिरफ्तार

**रांची।** बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स दुकान में हुई लूट का खुलासा करते हुए रांची पुलिस ने आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, इन अपराधियों द्वारा पहना गया दो हेलमेट, सफेद शर्ट, काला रंग का जूता, आसमानी रंग का जिंस भी बरामद किया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी पलामू, बिहार, ओडिशा से की गई है।

### प्रसिद्ध अर्थशास्त्री रमेश शरण का निधन



**रांची।** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री रमेश शरण का कोलकाता एक अस्पताल में सोमवार की देर रात निधन हो गया। वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को शोक व्यक्त किया है। उन्होंने रमेश शरण के निधन को झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

### आज कल




**नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलसचिव से राष्ट्रीय नवीन मेल की खास बातचीत**

# शिक्षकों का वेतन व शैक्षणिक सत्र नियमित करेंगे : एसके मिश्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. एसके मिश्रा मंगलवार को राष्ट्रीय नवीन मेल के प्रेस कार्यलय पहुंचे। इस दौरान विश्वविद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं व उसके निदान पर उन्होंने बेबाकी से अपनी बात रखी। कुलसचिव ने विश्वविद्यालय से जुड़ी सभी समस्याओं को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। साथ ही निराकरण करने का हर संभव प्रयास करने का भरोसा भी जताया। शिक्षकों का वेतन नियमित करने, शैक्षणिक सत्र को नियमित करने व विश्वविद्यालय के विकास में शिक्षकों, छात्रों में आपसी समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश-

**सवाल :** विश्वविद्यालय व उसके अंगीभूत कॉलेजों में परीक्षा में हो रही विभिन्न त्रुटि को सुधारने के संबंध में आपका क्या योगदान रहेगा?

**जवाब :** जब से वह कुल सचिव के रूप में योगदान दिए हैं तब से लगातार परीक्षा में हो रही त्रुटि के समाधान के लिए कृत संकल्पित है। छात्रों की परीक्षा से जुड़ी शिकायतों के लिए एक अलग काउंटर की शुरूआत की गई है। वहां छात्र अपनी समस्याओं को रख सकते हैं। उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका निराकरण किया जाता है।



**सवाल :** किसी भी भवन को बनाने से पहले चहारदीवारी का निर्माण किया जाता है, विवि परिसर में अब तक चहारदीवारी का निर्माण क्यों नहीं किया गया है?

**जवाब :** भवन निर्माण लगातार अब तक जारी है। उससे जुड़ी सभी सड़कों का भी निर्माण किया गया है। उनकी जानकारी में बाउंड्री के लिए अब तक फंड निर्गत नहीं किया गया है। चहारदीवारी के निर्माण के लिए विभाग को लिखा जाएगा।

**सवाल :** वर्षों से कई कर्मचारी एक जगह पर ही जमे हैं?

**जवाब :** विश्वविद्यालय में स्थाई कर्मचारियों की संख्या काफी कम होने के कारण कैजुअल स्तर पर कर्मचारी बहाल हैं, जिनसे कार्य लिया जाता है। संख्या काफी कम होने के कारण उनका फेर बदल करना काफी मुश्किल है। उनमें भी कुछ कर्मचारियों को सभी कार्य का ज्ञान है।

**सवाल :** कॉलेज में नई शिक्षा नीति का पालन कब से किया जाना है?

**जवाब :** नई शिक्षा नीति में वृहद स्तर पर फेरबदल किया गया है। जिन्हें अचानक से परिवर्तित करना काफी मुश्किल है। विश्वविद्यालय के अधिकारी लगातार विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति पर की जाने वाली मीटिंग में शामिल हो रहे हैं। उसके बाद ही कुछ निर्णय लिया जाएगा।

**सवाल :** विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार बनने के बाद पहली प्राथमिकता क्या रही जिन पर आपने सबसे पहले अमल किया?

**जवाब :** विवि के कर्मचारियों का वेतनमान महीनों से लंबित था। उनका मनोबल न गिरे इस कारण उसे दिलाया गया। कई शिक्षकों के प्रोन्नति के फाइल आगे बढ़ाई। छात्र हित को प्राथमिकता देते हुए उनकी सभी समस्याओं का निराकरण करने का पूरा प्रयास किया।

**सवाल :** विश्वविद्यालय स्थापना के बाद केवल एक बार विवि छात्रसंघ का चुनाव हुआ। अगला छात्र संघ चुनाव कब तक होगा?

**जवाब :** एक बार व्यवस्थित ढंग से अलग-अलग समस्याओं का निराकरण करने में सफल हो जाए उसके बाद छात्रसंघ चुनाव पर भी जरुर विचार किया जाएगा।

**सवाल :** छात्रों को अपनी ओर से क्या संदेश देना चाहेंगे?

**जवाब :** छात्र अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। साथ ही कक्षाओं में नियमित रुप से उपस्थित रहें। विश्वविद्यालय के कुलपति व पूरा विश्वविद्यालय छात्रहित में कार्य करने के प्रति प्रतिबद्ध है।

**नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की हुई सुनवाई**

# फुटपाथ दुकानदारों व सब्जी विक्रेताओं को सड़क से तुरंत हटाएं : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनके पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि मेन रोड (महात्मा गांधी मार्ग), लालपुर, हिनू, बिरसा चौक आदि जगहों में फुटपाथ दुकानदार एवं सब्जी विक्रेताओं को अविलंब हटाएं और सोमवार, यानी 15 जुलाई तक शपथ पत्र दाखिल करे। मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी।

कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ दुकानदार एवं सब्जी विक्रेताओं को सड़कों से हटाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर रांची नगर निगम अभियान चलाए, ताकि सड़क पर जाम की समस्या ना हो और सुगम यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर के मुख्य सड़कों पर फुटपाथ विक्रेता बैठे रहते हैं, जिससे प्रतिदिन जाम की समस्या से राजधानीवासी परेशान रहते हैं। इनके लिए अलग जगह सुनिश्चित की जाए। कोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा कि फुटपाथ दुकानदारों और सब्जी विक्रेताओं के लिए सड़क की शेष पृष्ठ 11 पर



**अदालत ने कहा**

- फुटपाथ दुकान से प्रतिदिन होती है जाम की समस्या
- ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाए नगर निगम
- राज्य सरकार भी राजधानी में जाम की समस्या को गंभीरता से ले
- कोर्ट आला पुलिस अधिकारी को भी तलब कर सकती है
- रांची नगर निगम 15 जुलाई तक शपथ पत्र दाखिल करे

### हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा, 13 वर्षों के बाद भी धनबाद में रिंग रोड क्यों नहीं बनी?

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने धनबाद में वर्ष 2011 में प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने को गंभीरता से लिया है। इससे संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मंगलवार को कोर्ट ने मौखिक कहा कि 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी धनबाद में रिंग रोड के निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया, जबकि इसके लिए जमीन भी राज्य सरकार ने लोगों से अधिग्रहित कर ली है। कोर्ट ने कहा कि जमीन अधिग्रहण को लेकर मुआवजा के रूप में सरकार ने 76 करोड़ रुपये भी खर्च कर दिए हैं, लेकिन अब तक इसका निर्माण कार्य क्यों नहीं शुरू किया गया? जमीन अधिग्रहण होने से कई लोगों की जमीन चली गई, लेकिन वर्षों बाद भी उनकी जमीन का सदुपयोग नहीं हुआ। कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि धनबाद में रिंग रोड बनाने को लेकर क्या कार्रवाई की गई? मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी। इससे पूर्व, याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 16 मई, 2011 को राज्य सरकार ने धनबाद में रिंग रोड बनाने के लिए अधिसूचना निकाली थी। सरकार की एजेंसी झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार को रिंग रोड बनाने की जिम्मेदारी मिली थी। लेकिन, रिंग रोड के लिए कोई प्लान नहीं बनाया गया और इसका निर्माण कार्य 13 वर्षों के बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हुआ है। सरकार की ओर से वर्ष 2011 में ही धनबाद के धनसार, झरिया, मनाइटाड़ आदि जगह में लोगों की जमीन ली गई थी, जिसमें जमीन अधिग्रहण के मद में राज्य सरकार की ओर से 76 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई थी।

## रात 10 बजे के बाद रांची में कैसे बज रहे डीजे : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में रात 10:00 बजे के बाद डीजे एवं लाउडस्पीकर कैसे बज रहे हैं और बैंड-बाजे के साथ बारात कैसे निकल रही है? इसकी इजाजत कौन और कैसे दे रहा है? बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग से जुड़ी एक जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस डॉ बीआर षाडंगी एवं जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने सरकार से ये सवाल पूछे। कोर्ट ने जानना चाहा कि इस पर रोक के लिए सरकार की ओर से क्या-क्या कदम उठाए गए हैं, ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गई है और ध्वनि प्रदूषण पर रोक के लिए आगे की क्या योजनाएं हैं? कोर्ट ने सरकार से इस मामले में एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने बताया कि अदालत के आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने ध्वनि प्रदूषण होने पर शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया है। इस नंबर पर ध्वनि प्रदूषण संबंधी समस्या की शिकायत करने से तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में जनता से ही शिकायत करने को क्यों कहा जा रहा है। जब इसे लेकर पूर्व से नियम हैं और कोर्ट ने भी आदेश दिया है, तो उनका पालन क्यों नहीं कराया जा रहा है? ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाना सरकार का दायित्व है। कोर्ट ने जिस जनहित याचिका पर सुनवाई की, वह सिविल सोसाइटी की ओर से दाखिल की गई है। उनकी ओर से अधिवक्ता खुशबू काटारूका ने अदालत को बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद भी रात 10:00 बजे के बाद बारात निकाली जाती है। रिहायशी इलाकों में रात में भी तेज ध्वनि से लाउडस्पीकर बजाया जाता है, इससे लोगों को परेशानी होती है। सरकार को कोर्ट के आदेश का सख्ती से पालन कराना चाहिए, ताकि इस तरह की गतिविधियों पर रोक लग सके।

## रांची का हरमू फ्लाईओवर दो साल में बनकर होगा तैयार, मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैबिनेट के फैसले के बाद पथ निर्माण विभाग ने राजधानी रांची के हरमू फ्लाईओवर निर्माण के लिए स्वीकृति आदेश जारी कर दिया है। 430.75 करोड़ की लागत से इस पुल का निर्माण कराया जाएगा। दो वित्तीय वर्षों 2024-25 में 60 फीसदी व 2025-26 में 40 फीसदी पुल का काम पूरा कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस वित्त वर्ष 260 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। इसमें भू-अर्जन की भी राशि शामिल है। जल्द ही इसके निर्माण के लिए भू-अर्जन व टेंडर का काम किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग ने सहजानंद चौक के नजदीक से जज कॉलोनी के नजदीक चार लेन एलिवेटेड पुल कुल लंबाई तीन किमी निर्माण की स्वीकृति दी है। इसके निर्माण का जिम्मा झारखंड राज्य राजममार्ग प्राधिकार को दिया गया है। रांची कार्यपालक अभियंता व एसई को मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग ने इस फ्लाईओवर के डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) के अनुसार काम कराने के पहले आईआईटी या एनआईटी से सर्वे कराकर मंजूरी लेने को कहा है, ताकि भविष्य में कोई तकनीकी समस्या नहीं आए। फ्लाईओवर निर्माण में रैंप भी बनाए जाने हैं। राजभवन की भी सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्रेमलिन में हुई शिखरवार्ता में कहा-**

# भारत-रूस सहयोग से विश्व अर्थव्यवस्था में आई स्थिरता

**- पीएम ने कहा- युद्ध समाधान नहीं, आतंक का दर्द हम जानते हैं**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्रेमलिन में शिखरवार्ता के दौरान कहा कि ऊर्जा, खाद्य पदार्थ और ऊर्वरक आदि मामलों में दोनों देशों के बीच सहयोग के कारण भारत में इन पदार्थों की किल्लत नहीं हुई। रूस से कच्चे तेल के आयात के कारण विश्व अर्थव्यवस्था में भी स्थायित्व कायम हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी दो दिवसीय मास्को यात्रा के दूसरे दिन राष्ट्रपति पुतिन के साथ अकेले और बाद में प्रतिनिमंडल स्तर पर द्विपक्षीय और वैश्विक मामलों पर विचार-विमर्श किया।



उन्होंने आतंकवाद के ताजा खतरे का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 40-50 वर्षों से भारत आतंकवाद को झेल रहा है। आतंकवाद कितना भयानक और घिनौना होता है, उसे हम जानते हैं। मॉस्को और दागिस्तान में हुई आतंकवादी घटनाओं की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस दर्द को समझते हैं। यूक्रेन संघर्ष की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध के मैदान में अक्सर समस्याओं का समाधान नहीं होता। हथियारों के जरिये शांति और समाधान कायम नहीं होता, बल्कि विचार-विमर्श से ऐसा संभव है। मोदी ने यूक्रेन की राजधानी कीव में एक बच्चों के अस्पताल पर हुए हवाई हमले की ओर संकेत करते हुए कहा कि मानवता में विश्वास करने वाले हर व्यक्ति को जान-माल के नुकसान से दुख होता है। जब निर्दोष बच्चे इसका शिकार बनते हैं, तो दुख और भी गहरा हो जाता है। इस संबंध में उन्होंने व्लादिमीर पुतिन का ध्यान आकर्षित कराया है। एक मित्र के रूप में मेरा मानना है कि सुखद भविष्य के लिए शांति सर्वोपरि है। यूक्रेन के संघर्ष में भारत की नीति को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांति के पक्ष में खड़ा है तथा संघर्ष के संबंध में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

# संसद में लाइव विवाद असंसदीय या सस्ता प्रचार?



सुनील बादल

कभी एक समय था जब संसद की कार्यवाही के संपादित अंश आकाशवाणी और दूरदर्शन पर देर रात प्रसारित होते थे जिसके श्रोता या दर्शक कम थे। आज नवीनतम तकनीक से पल पल की गतिविधियां संसद टीवी चैनल पर दिखाई जा रही हैं जिसमें अनेक अवांछित और असंसदीय भी प्रसंग प्रसारित हो रहे हैं जिसको लेकर संसदीय कार्यवाही के लाइव टीवी प्रसारण पर सवाल उठने लगे हैं। अमेरिका की परंपरा है कि राष्ट्रपति के चुनाव के पूर्व प्रमुख प्रतिद्वंदियों के बीच टीवी पर लाइव बहस प्रसारित की जाती है ताकि देश उनकी नीतियों को समझ सके। ब्रिटिश संसद में एक परंपरा है कि संसदीय कार्यवाही से हटाए गए शब्दों को न तो कभी उद्धत किया जा सकता है और न ही उसे रिपोर्ट किया जा सकता है। स्पष्ट है कि हटाए गए शब्द अमर्यादित, तथ्यहीन और गरिमा के विरुद्ध होते हैं। जब तक टेलीविजन नहीं था, पत्रकारों को संसदीय इम्बार्गो और कार्यवाही की रिपोर्टिंग के मायने गहराई से समझाए जाते थे। अखबारों के रिपोर्टर संसद की रिपोर्टिंग करते हुए सांसदों की उन बातों को भी सुनते ही थे, जिन्हें कार्यवाही से हटा दिया जाता था। लेकिन उनका उल्लेख वे अपनी रिपोर्टों में नहीं करते थे। इसका उद्देश्य था कि लोगों तक वही बातें पहुंचे, जो मर्यादित एवं तथ्यात्मक रूप से ठीक हों। लाइव प्रसारण के चलते अब जनता तक वे सारी बातें भी पहुंच रही हैं, जो तथ्यहीन हैं, और इसीलिए जिन्हें संसदीय कार्यवाही से निकाल दिया जा रहा है। उदाहरण के लिए, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण को रखा जा सकता है। उन्होंने अग्निवीर, फसलों पर एमएसपी आदि पर तथ्यहीन बातें कीं। चूंकि लाइव प्रसारण के कारण उन्हें संसद के लाइव प्रसारण देखने वाले सभी लोगों ने देखा और सुना। इसके बाद भले ही उनकी बातों को कार्यवाही से हटा दिया गया हो, लेकिन जनता के बीच संदेश तो पहुंच ही गया। इसी तरह राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को पदेन सभापति जगदीप धनखड़ ने कई बार टोका, लेकिन नहीं मानने पर उनके भाषण के हिस्सों को एक्सपंज किया जाता रहा। यह कोई पहला मौका नहीं था,



जब लाइव प्रसारण के दौरान सांसदों के ऐसे कई बयान देखे-सुने गए। सांसदों को रोका जाता है, तो वे इसे अपने प्रति दुर्भावना बताते हैं। आरोप लगाते हैं कि उनका माइक बंद कर दिया गया। राहुल गांधी ने भी अपने भाषण से हटाए गए शब्दों को रखने की मांग की है। मौजूदा दौर में हर सांसद चाहता है कि वह संसद में जो भी बोले, उसका प्रसारण हो, ताकि उसके वोटरों के बीच यह संदेश जाए कि उसका सांसद दमदार है और जनता के मुद्दों को संसद में उठाता है। संसद की कार्यवाही का पहला प्रसारण 20 दिसंबर, 1989 को दूरदर्शन पर शुरू हुआ, तो शुरू में चुनिंदा संसदीय कार्यवाही को ही टीवी पर दिखाया गया। लेकिन 18 अप्रैल 1994 से लोकसभा की पूरी कार्यवाही को फिल्माया जाने लगा। उसी साल अगस्त में, कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू किया गया। तीन नवंबर, 2003 को डीडी न्यूज लॉन्च होने पर दोनों सदनों के प्रश्नकाल का प्रसारण डीडी चैनलों पर एक साथ होने लगा। संसदीय कार्यवाही के लाइव प्रसारण के इतिहास में दो घटनाएं बहुत याद की जाती हैं। जब अक्तूबर, 1990 में भाजपा द्वारा समर्थन वापसी के बाद वीपी सिंह सरकार अल्पमत में आ गई, तो उन्होंने संसद में विश्वास मत प्रस्तुत किया था। उस पर दो दिनों तक चली बहस का दूरदर्शन ने लाइव प्रसारण किया था। 'अंतरात्मा की आवाज' पर वीपी सिंह का सांसदों से समर्थन मांगना बेहद चर्चित रहा। दूसरी घटना तेरह दिन की वाजपेयी सरकार के विश्वास मत पर हुई चर्चा से संबंधित है। विश्वास मत पर चर्चा का जवाब देते हुए वाजपेयी ने जो भाषण दिया, उसे उनके कालजयी भाषणों में से एक माना जाता है। इससे उनकी लोकप्रियता काफी बढ़ी। इसके बाद से ही संसदीय बहसों में शामिल होते ही सांसद लाइव प्रसारण में दिखने की इच्छा पालने लगे। दिसंबर, 2004 में दोनों सदनों की कार्यवाही के सीधे प्रसारण के लिए एक अलग समर्पित सैटेलाइट चैनल की स्थापना की गई। 2006 में लोकसभा टीवी ने निचले सदन की कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू किया। लेकिन राज्यसभा टीवी की शुरूआत उस दौर के नेता प्रतिपक्ष और सभापति के बीच मतभेदों के चलते नहीं हो पाई। जब हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति बने, तो 2011 में राज्यसभा टीवी के लिए अलग से चैनल की शुरूआत हुई। एक मार्च, 2021 को लोकसभा और राज्यसभा-दोनों चैनलों को एक करके संसद टीवी बना दिया गया। जब से संसद टीवी बना है, तब से कुछ ज्यादा ही विवाद उठ रहे हैं।

## झारखंड में कमजोर पड़ा मानसून

**रांची।** झारखंड में मानसून कमजोर पड़ रहा है। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में मौसम साफ रहने की संभावना है। कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात होने का अनुमान है। अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में मौसम साफ रहने से तापमान में दो से तीन डिग्री तक बढ़ोतरी भी हो सकती है, लेकिन दस जुलाई के बाद मौसम का मिजाज बदल सकता है। रांची में बीते दो दिनों से बारिश नहीं हुई है। रांची के लोगों को कड़ी धूप ने खूब परेशान किया। यही हाल अन्य जिलों का भी रहा, लेकिन कुछ जिलों में हल्की बारिश हुई। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि अधिसंख्य जिलों का मौसम साफ रहने की संभावना है। कुछ हिस्सों में गरज के साथ वज्रपात होने शेष पृष्ठ 11 पर

# हुसैनाबाद : दो घरों में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

- ढाई से तीन लाख रुपए की संपति की चोरी
- बंद पड़े घरों में चोरी होने पर लोगों में दहशत

नवीन मेल संवाददाता


**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में इन दिनों घरों में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। नतीजा लोगों में दहशत का माहौल बनता जा रहा है। वहीं चोर बंद घरों को अपना टारगेट बना रहे हैं। सोमवार की रात थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में चोरों ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर घर में रखे सोने, चांदी की आभूषण और नगद समेत ढाई से तीन लाख रुपए की संपति की चोरी कर ली। इस संबंध में गम्हरिया गांव निवासी संजय सिन्हा ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है।



लिखित आवेदन में कहा है कि हम दोनों भाइयों का पुराना घर में ताला बंद था, मेरे बड़े भाई बाहर गए हुये थे, मंगलवार की सुबह जब घर आया तो देखा की दोनों घरों का ताला टूटा पड़ा है, और कई सामान बिखरे पड़े है, वहीं दो दिन पूर्व चोरों ने थाना क्षेत्र के उपरी कला गांव निवासी बीरबल पासवान के बंद घरों का ताला तोड़कर घर में रखें नगदी, आभूषण समेत बेस कीमती सामान समेत तीन लाख रुपए मूल्य की संपत्ति की चोरी कर ली। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बंद पड़े घरों में चोरी होने पर लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने दोनों मामलों की लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए चोरों के धरपकड़ के लिए अभियान तेज कर दी है। वहीं चोरी की घटना के बाद एसआई बीरेंद्र मेहता ने स्थल का जांच कर भुक्तभोगी से पूछताछ की।

## किसान ब्रिगेड ने मां भगवती का पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने मंगलवार को अपने सभी सदस्यों के साथ हैदरनगर देवी मंदिर एवं गजना धाम मंदिर में माथा टेका और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के जनता के सुख समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास के लिए मन्नत मांगी। उन्होंने प्रार्थना किया कि क्षेत्र में अमन चैन व खुशहाली बनी रहें इस वर्ष अच्छी बरिश हो जिससे किसान अच्छी फसल पैदा कर सके। उन्होंने माता रानी से शक्ति मांगा की हुसैनाबाद विधानसभा से भय, भूख, भ्रष्टाचार को दूर कर सकें व एक नई संकल्प के साथ नया हुसैनाबाद का निर्माण कर सकें। उन्होंने युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। हुसैनाबाद में विकास कार्य को गति देने के लिए साथ चलने का आह्वान किया। मौके पर पूर्व मुखिया शिवलाल राम, बसंत यादव, बद्रीनारायण सिंह, लक्ष्मण सिंह, बुटन यादव, राजकुमार प्रजापति, भोला पासवान, सुरेन्द्र सिंह, सुदेश प्रजापति, पच्चु शर्मा, कमलेश सिंह, गणेश राम, भृगुनाथ सिंह, गणेश प्रजापति, लल्लू उपाध्याय, सुधीर सिंह, सत्यनारायण यादव, बिहारी सिंह, अवधेश सिंह, रविरंजन सिंह, डबल सिंह, अमित सिंह, भानु प्रताप, नीरज, शुभम, पियूष, पुष्कर, मनोहर सिंह आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### चौकीदार बहाली में अनुसूचित जाति को आरक्षण नहीं देना दलितों के साथ अन्याय : कमलेश सिंह



**हुसैनाबाद।** चौकीदार बहाली में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किए जाने का हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पलामू में चौकीदार बहाली की निकले विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। विज्ञापन संख्या 01/2024 दिनांक 2 जुलाई 2024 के मुद्दे पर उन्होंने विज्ञापन संख्या 1/2024 को निरस्त कर अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण का लाभ देने की मांग की है। विधायक ने कहा कि चौकीदार का पद अनुसूचित जाति के लोगों को शुरू से दिया जाता रहा है। इस पद पर सेवानिवृत या अन्य कारण से सेवा में नहीं रहने वाले चौकीदार के ही रिश्तेदार या पुत्र पुत्री की न्युक्ति की जाती रही है। पलामू जिला में चौकीदारों की न्युक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में झारखंड सरकार के आरक्षण रोस्टर का भी पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार दलितों की खुद को हिमायती कहती है। जबकि इसी सरकार के अधीनस्थ अधिकारी चौकीदारों की न्युक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लोगों को दरकिनार कर दिया है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन को निरस्त कर दोबारा अनुसूचित जाति को आरक्षण के साथ विज्ञापन नहीं निकला गया तो राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को पत्र लिखा जायेगा। जरूरत पड़ी तो एनसीपी न्यायालय की शरण में जाने को भी बाध्य होगी। विधायक ने कहा कि अधिकारियों के इस मनमाने रवैया के पीछे अनुसूचित जाति के लोगों को चौकीदार के पुस्तैनी पद से अलग करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश एनसीपी का अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ इस मामले को लेकर आंदोलन करेगा।

### मुखिया पर नकली एलईडी लगाकर राशि की बंदरबांट किये जाने का आरोप, जांच नहीं होने से आक्रोश

**हैदरनगर।** प्रखंड के चौकड़ी पंचायत की मुखिया शारदा देवी पर नकली एलईडी लगाकर सरकारी राशि की बंदरबांट किये जाने के आरोपों की जांच दो माह बाद भी नहीं किये जाने से उपमुखिया, वार्ड सदस्य, ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष हैं। मुखिया, पंचायत सचिव की मिलीभगत से की गई उक्त घोर अनियमितता से संबंधित एक शिकायत पत्र उपमुखिया सतीश कुमार सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक वार्ड सदस्यों ने अप्रैल माह में ही निबंधित डाक से हैदरनगर के बीडीओ को भेजा था। बीडीओ ने जांच व कार्रवाई नहीं की तो पुनः उन्होंने उप विकास आयुक्त को आवेदन दिया। बताया जाता है कि उप विकास आयुक्त कार्यालय से पुनः बीडीओ को ही जांच कर रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया गया। मामला अब तक अधर में लटका रहने से रोष का पारा चढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत 15 वीं वित्त आयोग की राशि से पंचायत के विभिन्न स्थानों पर एक सौ एलईडी लाइट लगाने के लिए करीब एक लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति दी गयी थी। उपमुखिया सतीश कुमार सिंह एवं कई वार्ड सदस्यों ने उप विकास आयुक्त पलामू को लिखे आवेदन में मुखिया शारदा देवी व पंचायत सचिव योगेश्वर यादव पर नकली एलईडी लाइट लगाने का आरोप मढ़ते हुए कहा कि ब्रांडेड कंपनी का लाइट नहीं खरीदे जाने से लगाई गई एलईडी लाइटें अल्प समय में ही खराब हो गई। इससे शाम ढलते ही ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नकली लाइटों को लगाने से सरकारी राशि का दुरुपयोग भी किया गया है। पंचायत सचिव ने लाइटों की गुणवत्ता की जांच नहीं की। सूत्रों के अनुसार 50 वाट की फिलिप्स कंपनी की स्ट्रीट एलईडी लाइट की कीमत 800 से लेकर 1375 रुपये तक है। जो वाटर प्रूफ टेक्नोलॉजी से युक्त है। जिसकी वारंटी गारंटी भी है। इस संबंध में मुखिया शारदा देवी ने कहा कि उन पर लगाया गया आरोप निराधार व बेबुनियाद ही नहीं, बल्कि राजनीति से प्रेरित है। उनका कहना है कि उपमुखिया व वार्ड सदस्य की देखरेख में ही एलईडी लाइट खरीदने का कार्य किया गया है। इस वर्ष आने वाले ओलावृष्टि व बारिश तूफान के कारण एलईडी खराब हुआ है। बहरहाल आरोप प्रत्यारोप के बीच निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि एलईडी नकली है या असली।

### सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में रतनाग की टीम विजयी

**पांडू।** प्रखंड के प्लस टू कल्याण उच्च विद्यालय के खेल मैदान में 63 वां सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का प्रखंड स्तरीय का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ष में बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पांडू, बालक वर्ग में प्लस टू रतनाग उच्च विद्यालय की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता का सफल संचालन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पांडू महेंद्र प्रजापति ने किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पांडू सतीश कुमार तिवारी, कोच अनुपम तिवारी, लेखापाल मनीष प्रसाद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

नीतीश सिंह ने केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की

## अधौरा को मॉडल स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित करने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से नई दिल्ली में युवा प्रतिनिधि आरोग्य समिति अधौरा के नीतीश सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा का संचालन, आवश्यक व्यवस्था डिजिटल एक्स रे मशीन, सोलर पैनल, नॉर्मल ओटी, व्यवस्थाएं के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा को मॉडल सेंटर के रूप में विकसित करने की मांग की है। केन्द्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि सभी व्यवस्थाएं बहुत जल्द वहां उपलब्ध होगा। राज्य सरकार को अविलंब उपरोक्त व्यवस्था पूर्ण के लिए पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी। युवा प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा प्रतिदिन लगभग 30-40 मरीजों का ओपीडी किया जाता है।



जिससे वहां के ग्रामीणों को स्वास्थ्य का बेहतर लाभ मिल रहा है। निरंतर गर्भवती महिलाओं का जांच सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया जाता है। प्रसव, लैब की सुविधा, टीवी, जांच, 108 एंबुलेंस, एंटी रैबीज की वैक्सीन की व्यवस्था वहां सदैव रहता है। इससे आसपास के लोगों को काफी सुविधा उपलब्ध होता है। इसके लिए सिविल सर्जन पलामू डॉ. अनिल सिंह, डीपीएम स्वास्थ्य दीपक गुप्ता, अनुमंडल उपाधिक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन व उनकी टीम के प्रयास से निरंतर गांव के स्वास्थ्य व्यवस्था का लाभ मिल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगे भी इस प्रकार मिलकर पीएचसी अधौरा को मॉडल स्वास्थ्य व्यवस्था के रूप में विकसित करेंगे।

## चहारदीवारी पुनर्निर्माण में अनियमितता व घटिया सामग्री के प्रयोग का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंतर्गत कौवाखोह स्थित अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय में चहारदीवारी पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें घटिया निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह निर्माण किस मद व किस विभाग द्वारा कराया जा रहा है, इसकी जानकारी या शीला पट नहीं लगाया गया है। स्थानीय लोगों ने संवेदक के द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग करने एवं अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। दरअसल विद्यालय के चहारदिवारी का निर्माण तो हो रहा है। लेकिन पुराने चहारदीवारी के ऊपर बिना पिलर के ही निर्माण हो रहा है। जबकि पुराना चहारदीवारी कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके बावजूद भी ऊपर से चहारदीवारी का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही मिट्टी युक्त बालू तथा पुराने व घटिया ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव



रंजन ने मंगलवार को कहा कि पलामू जिला का इकलौता अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय कौवाखोह में अवस्थित है। योजनास्थल पर योजना से संबंधित बोर्ड नहीं लगाया गया है। संवेदक मनमाना ढंग से कार्यों को अंजाम दे रहा है। कार्यों की गुणवत्ता घटिया है। दक्षिण साइड का पुराने दीवाल पर ही रंगरोगन कर दिया गया, मेन गेट साइड में निर्माण होते ही चहारदीवारी गिरकर ध्वस्त हो गयी। वहीं मोहन प्रसाद, सत्येन्द्र प्रसाद, अनिल यादव, मुन्ना कुमार, जगजीवन राम सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं नियम अनुसार होना चाहिए नहीं तो इसे लेकर ऊपर के अधिकारियों से शिकायत की जाएगी। संवेदक के द्वारा मनमानी कर घटिया सामग्री का प्रयोग एवं निर्माण कार्य में घोर अनमिता बरती जा रही है। लोगों ने कहा कि निर्माण हुए चहारदीवारी को तोड़कर पुनः निर्माण कराया जाए, किसी भी हालत में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एक नजर

### समीक्षा बैठक करने का आग्रह

**पाटन।** भाजपा कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान ने भाजपा जिला अध्यक्ष को पत्र के माध्यम से पाटन मंडल अध्यक्ष द्वारा बार-बार ग्रुप से हटा देने की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के लिए ऊपर से पार्टी द्वारा जो संसाधन दिया गया था वह कार्यकर्त्ता के बीच नहीं मिला। उन्होंने विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार को अवगत करा कर समीक्षा बैठक कराने का आग्रह किया है।

### वृक्ष धूप में रहकर दूसरों को छाया देते हैं : डॉ. एके सिंह

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने एक संस्कृत श्लोक के माध्यम से वृक्ष की उपयोगिता का वर्णन करते हुए कहा कि वृक्ष धूप में रहकर दूसरों को छाया करते हैं। इसके फल भी दूसरों के लिए होता हैं। वृक्ष सज्जन पुरुषों के समान हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या व आधुनिकीकरण का सीधा प्रभाव हमारे वनों पर पड़ता है, जिसके चलते वनों की कटाई हो रही है। वनों के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए वन महोत्सव देशभर में मनाया जाता है। वन महोत्सव को एक राष्ट्रीय त्योहार घोषित किया गया है। वन महोत्सव की शुरूआत सन 1950 में देश के कृषि मंत्री कन्हैया लाल मणिक लाल मुंशी द्वारा की गई की थी। वन महोत्सव भारत सरकार द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रति वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है। इस सप्ताह में देश के सभी विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, सरकारी दफ्तरों, अनेक संगठनों व संस्थाओं द्वारा सम्पूर्ण देश में पौधे लगाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## प्रेमी के साथ मिल कर पति की हत्या की साजिश रचने वाली महिला समेत चार गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में दो जुलाई को अपराधियों ने एक बाइक रोक कर महिला व उसके दामाद को गोली मारने की घटना का उद्भेदन कर लिया है। गोली चालन की घटना मेंआशीष कुमार, उनकी सास संगीता देवी को गोली लगी थी। आशीष कुमार पांकी थाना क्षेत्र के चुरादोहर के रहने वाले हैं। उनकी शादी पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के पथरा के रहने वाली मंशु कुमारी के साथ हुई है। पुलिस के अनुसंधान में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने का सामने आया है। मंगलवार को मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव में पत्रकारों को समक्ष पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि आशीष कुमार की पत्नी मंशु कुमारी ने अपने पति की हत्या के लिए शूटरों का इस्तेमाल



किया था। इसके लिए एक लाख रुपए की सुपारी दी। इसके बाद शूटरों ने मंशु के पति आशीष पर गोली चलाई, लेकिन वह बच गया। इस मामले में जब पुलिस ने जांच की तो पूरे मामले का सच समाने आ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या की साजिश रचने वाली मंशु कुमारी, उसके प्रेमी, शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है। गोली चालन की घटना में आशीष कुमार, उनकी सास संगीता देवी को गोली लगी थी। आशीष कुमार पांकी थाना क्षेत्र के चुरादोहर के रहने वाले हैं। उनकी शादी पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के पथरा के रहने वाली मंशु कुमारी के साथ हुई थी। आशीष सास का इलाज करवाने मनातू जा रहे थे इस दौरान फायरिंग की घटना हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या की साजिश रचने के आरोप मंशु कुमारी उसके प्रेमी प्रेम शंकर मेहता, शूटर इख्तार अंसारी के साथ चंदन कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मंशु कुमारी अपने ननिहाल मनातू में रहकर पढ़ाई करती थी। इस क्रम में प्रेम शंकर मेहता के साथ उसका प्रेम संबंध हो गया। मंशु व प्रेमशंकर शादी करना चाहते थे, लेकिन उनकी शादी नहीं हुई थी। शादी के बाद भी दोनों एक दूसरे के संपर्क में थे। दोनों ने मिलकर आशीष कुमार की हत्या की योजना बनाई। प्रेमशंकर मेहता ने हत्या के लिए शूटर को एक लाख रुपए की सुपारी दी थी।

पहल

### खतरे में हरही नदी का अस्तित्व

## सीओ ने स्थिति का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के निकट बहने वाली हरही नदी वर्तमान में गंभीर संकट से गुजर रही है। नदी में भारी मात्रा में कूड़ा-कचरा भरा हुआ है, जिससे न केवल नदी का सौंदर्य खत्म हो गया है, बल्कि उसका अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। हरही नदी के किनारे बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो चुका है। लोगों ने नदी के किनारे अवैध निर्माण कर रखे हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है। इसके अलावा नगर पंचायत की ओर से नदी की सफाई की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे कूड़ा-कचरा नदी में जमा होता जा रहा है। इस स्थिति से न केवल नदी के जलस्तर में गिरावट आई है, बल्कि जल की गुणवत्ता भी बेहद खराब हो गई है। हरही नदी में बढ़ते कूड़ा-कचरे और अतिक्रमण से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। साथ ही नदी के किनारे रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए हुसैनाबाद



के कुछ समाजसेवियों ने स्थानीय अधिकारियों को एक सप्ताह पूर्व ज्ञापन सौंपा था, जिसमें उन्होंने नदी की सफाई और अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इस ज्ञापन के बाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को नदी की स्थिति का जायजा लिया। सीओ ने मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण किया और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को तत्काल इस दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए पत्र लिखने की बात कही। सीओ ने कहा कि सर्वप्रथम नदी की सफाई जरूरी है। फिर भविष्य में किसी भी तरह के अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा। साथ ही उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे नदी में कूड़ा-कचरा न डालें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस मौके पर समाजसेवी मुन्ना कुमार देव, नगर पंचायत के पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद उर्फ मिथुन खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### शहर में एक अदद सब्जी मंडी नहीं

## खरीदारों को करना पड़ता है गंदगी व कीचड़ का सामना

**वर्तमान सब्जी मंडी का भी हाल बदहाल**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में एक अदद सब्जी मंडी की मांग पिछले कई सालों से की जा रही है। निगम द्वारा शहर में कहीं भी सब्जी मंडी नहीं बनाया गया है। शहर के बड़ा तालाब स्थित एक सब्जी मंडी बना भी था, मगर गलत स्थान होने की वजह से हाई कोर्ट ने उसे तोड़ने का आर्डर किया है। सरकारी पैसे का पूरी तरह से दुरुपयोग हुई है। स्थाई सब्जी मंडी नहीं होने की वजह से शहर में रहने वाले लोगों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर सब्जी खरीदने वालों की बात की जाए तो मेदिनीनगर नगर निगम के लोगों को आज भी सब्जी खरीदने के लिए गंदगी व कीचड़ का सामना करना पड़ता है। यहां के लोग आज भी दूषित सब्जी खरीदने के लिए मजबूर हैं। शहर में कुछ सब्जी मंडी हैं भी तो वह अव्यवस्थित व शहर के बीच मुख्य बाजार में है। वर्तमान सब्जी मंडी का भी हाल बदहाल है। वहां किसान, व्यापारी, सब्जी विक्रेता, ग्राहक परेशान रहते हैं। एक तो कम जगह, दूसरी सफाई के अभाव में मंडी गंदगी व कीचड़ के बीच संचालित हो रहा है। मंडी पहुंचने वाले लोग सब्जी खरीदने के दौरान गंदगी से दो चार हो रहे हैं। बता दे कि 1995 में तत्कालीन स्थानीय विधायक इंदर सिंह नामधारी के कार्यकाल में नगर पालिका से करोड़ों रुपए खर्च कर सब्जी मंडी का निर्माण कराया गया था। मगर इस सब्जी मंडी का निर्माण कार्य अधूरा हीं रह गया। जानकारी के अनुसार सब्जी मंडी बड़ा तालाब के जमीन पर संवेदक द्वारा बना दिया गया था, जिसके कारण इसका निर्माण कार्य रुक गया था, जो आजकत पुनः सब्जी मंडी का निर्माण नहीं हो सका।

### निगम को जल्द मिलेगा वेंडर मार्केट : नगर आयुक्त



नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि वेंडर बाजार को लेकर निगम सक्रिय है। जल्द ही शहर को वेंडर मार्केट उपलब्ध होगा। फिलहाल एक वेंडर मार्केट बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इसे लेकर निगम ने टेंडर निकाला था जिसकी प्रक्रिया पूरी हो गई है। अगले 20 दिनों में वेंडर मार्केट बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में चार और वेंडर जोन बनाने की निगम की योजना है। इस सिलसिल में नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले अंचलाधिकारी को पत्र लिखा गया है। साथ ही भूमि प्रतिवेदन की मांग की गई है।




## एक नजर

### विहिप ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद ने सेवा प्रकल्प द्वारा मंगलवार को रेड़मा, श्री राम पथ, रोड नंबर तीन में एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र में वर्तमान में दो सिलाई मशीन रखी गई है। इस सिलाई केंद्र में वंचित वर्ग के बच्चियों को कम से कम शुल्क पर सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन प्रांत विहिप मंत्री मिथलेश मिश्र ने किया। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का संचालन वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह द्वारा किया जाएगा। सिलाई केंद्र में प्रशिक्षण लेने के लिए बालिकाओं को प्रेरित करने की जिम्मेवारी प्रशिक्षण केंद्र संचालिका व जिला सेवा प्रमुख का होगा।

## भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता के घर चोरी

# 31 लाख के जेवर सहित नकद ले गए चोर

- चोरों का पता लगाने में पुलिस ने लिया स्निफर डॉग का सहारा
- चोरी की सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सह पांकी पूर्वि की पूर्व जिला परिषद सदस्य लवली गुप्ता के सुदना स्थित आवास पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर रखा 31 लाख रूपए का गहना नकद नकद चोरी कर ली है। चोरी की घटना रविवार रात की है। चोरी की सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से एक भुजाली भी बरामद किया है। पुलिस लवली गुप्ता के आवास पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास भी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लवली गुप्ता के घर में रहने वाला किराएदार बैंक मैनेजर भी रविवार को अवकाश होने के कारण अपने घर चला गया था। सोमवार को वह काम पर लौटा। काम से वापस लौटने के बाद बैंक मैनेजर ने देखा कि घर का ताला टूटा है। इसके बाद उन्होंने लवली गुप्ता को चोरी की घटना की जानकारी दी।

**पुलिस मामले की छानबीन में जुटी**



### चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा : एसडीपीओ

सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास तेज कर दी है। चोरों का पता लगाने के लिए स्निफर डॉग का भी सहारा लिया गया है। मौके प्रभारी शहर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### चोर सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर भी साथ ले गए

चोरों ने चोरी करने के बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर भी अपने साथ ले गए हैं। जानकारी के अनुसार लवली गुप्ता अपने परिवार के साथ शादी समारोह में रांची गई थीं। रांची से वापस लौटने के क्रम में वह पार्टी के कार्यक्रम में भाग लेने चतरा गई थी। चतरा में उनके घर में किरायेदार बैंक मैनजर ने मोबाइल पर जानकारी दी कि घर का ताला टूटा है।

## दुर्गा बाड़ी में विपदतारिणी पूजा की गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बंगीय दुर्गा बाड़ी में मंगलवार को विपदतारिणी पूजा संपन्न हुई। मुख्य पुरोहित देवी प्रसाद बनर्जी, मुख्य यजमान शिवनाथ चटर्जी ने पूजा संपन्न कराया। दुर्गा बाड़ी ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा ने कहा की हर वर्ष दुर्गा बाड़ी प्रांगण में बिपदतारिणी पूजा का आयोजन किया जाता है। मान्यता के अनुसार इस पूजा के आयोजन से परिवार में आने वाली विपत्तियां टल जाती है। विपदा से मुक्ति मिलती है। इस पूजा में परिवार की शादीशुदा महिलाएं भाग लेती है। पूजा के आयोजन के बाद महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाती है व अपने परिवार के सदस्यों के बाहों में पूजा किया हुआ लाल धागा बांध कर विपदा से मुक्ति की कामना करती है। उन्होंने बताया की दुर्गा पूजा की तैयारी भी शुरू हो गई है। इसके लिए कई उप समितियां बनाई जाएगी। इसके लिए आगामी 14 जुलाई दिन रविवार को शाम चार बजे से बैठक की जाएगी। विपदतारिणी पूजा को सफल बनाने में सचिव दिवेन्दु गुप्ता, गौतम बोस, सौभिक दत्ता, उज्वल सेनगुप्ता, शिवेश मोइत्रा, वासुदेव गोस्वामी, विपुल डे, दीप साहा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### सब्जी, फल थोक व्यवसाय का शिष्टमंडल मिला सांसद से, मांगों से कराया अवगत

# थोक व्यवसाइयों को बाजार समिति प्रांगण में व्यवस्थित करें : राकेश सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड सब्जी फल थोक व्यवसाय महासंघ के केंद्रीय संयोजक सह मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को एक शिष्टमंडल सांसद वीडी राम से मिला। शिष्टमंडल ने शहरी क्षेत्र स्थित सब्जी, फल थोक विक्रेताओं को स्थाई रूप से बाजार समिति के अंतर्गत व्यवस्थित कर व्यस्त यातायात से निजात व सरकारी राजस्व की बढ़ोतरी को लेकर सांसद से अपनी मांगों को रखा। मांग पत्र के माध्यम से राकेश सिंह ने कहा कि सरकारी बस डिपों में अव्यस्थित तौर पर प्रशासन द्वारा सब्जी व शहर के व्यस्ततम सड़कों पर फल के थोक व्यवसाईयों को व्यवस्थित किया गया है। इससे आए दिन यातायात जाम आदि की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकारी बस डिपो में सब्जी थोक विक्रेताओं का माल वाहक वाहन लगने व माल उतरवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। व्यवसाईयों में आपस में ही आए दिन झड़प होते रहती है। पूरा बस डिपो जाम हो जाता है। जिला प्रशासन द्वारा प्रातः 8 बजे तक ही बस डिपो में व्यापार करने का अनुमति दिया गया है, जिस कारण खुलकर व्यापार करने में काफी दिक्कत है। माल बच जाने पर कूड़ा कचरा में फेंकना पड़ता है जिससे पूंजी भी व्यापारियों का डूब रहा है। इस संदर्भ में व्यावसायिक ने पणन सचिव बाजार समिति मेदिनीनगर, उपयुक्त पलामू, नगर आयुक्त मेदिनीनगर, सहित प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद रांची झारखंड को आवेदन व मांग पत्र दिया है। उन्होंने कहा कि सब्जी, फल, थोक व्यवसाइयों को बाजार समिति प्रांगण में व्यवस्थित किया जाए, ताकि सुचारू रूप से व स्वतंत्रता पूर्वक व्यापार किया जा सके। साथ ही शहर के मुख्य मार्ग यातायात जाम से मुक्त हो सके। प्रतिनिधि मंडल में रोशन चौरसिया, प्रियरंजन पाठक, मोहम्मद मनान, मोहम्मद राजा, विवेक कुमार सिंह उर्फ लड्डू सहित अन्य शामिल थे।


## न्यूज बॉक्स

### झारखंड में लूट व भ्रष्टाचार की सरकार : नीरा यादव



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सभागार में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप जला कर किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह कोडरमा विधायक नीरा यादव ने कहा की भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। झारखंड में लूट व भ्रष्टाचार की सरकार है। हर स्तर पर भ्रष्टाचार है। सरकार का लूट व भ्रष्टाचार पर कोई नियंत्रण नहीं है। आने वाला कल भाजपा का है। सांसद वीडी राम ने कहा कि कार्यकर्ता अभी से विधानसभा चुनाव में लग जाएं। जिस तरह से कार्यकर्ताओ ने लोकसभा चुनाव में दिन रात मेहनत कर पार्टी को जीत दिलाई है। इस सिलसिला को रुकने नही देना है। लोकतंत्र का दूसरा पर्व विधानसभा चुनाव अभी बाकी है। पहले पर्व बना चुके हैं, लेकिन दूसरा भी बाकी है। इस पर्व में भी कार्यकताओं को को मेहनत कर विधानसभा में जीत दर्ज करानी है। मौके सांसद विष्णुदयाल राम, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया। कार्यक्रम में पलामू लोकसभा चुनाव में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले बूथ कमेटी के सभी बूथ टॉपर्स को अंगवस्त्र व बैग देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भोला चंद्रवंशी, रूपा सिंह संध्या सिंह,सुनील पासवान जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,डॉ बीपी शुक्ला, अभिमन्यु तिवारी, विश्रामपुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया।

### एसीबी के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप



**मेदिनीनगर।** एसीबी इंस्पेक्टर के नाम पर रिश्वत मांग मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला समाने आया है। पूर्व अमीन कृष्णा मिस्त्री ने भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय प्रमुख को आवेदन देकर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है। अमीन ने बतया कि वह गढ़वा अंचल में आउटसोर्सिंग के तहत बतौर अमीन कार्यरत हैं। कथित एसीबी इंस्पेक्टर की प्रताड़ना से तंग आकर उन्होंने पिछले चार जुलाई को अपर समाहर्ता को अपना इस्तीफा भी दे दिया है। मामले में बताया कि 27 जून को उनके मोबाइल नंबर 6200261147 पर 7870809153 से मिस्ड कॉल आया था। उसके बाद जब उन्होंने कॉल बैक किया तो दूसरी तरफ से कहा गया कि वह एसीबी से बोल रहे हैं। अगले दिन उसे डालटनगंज आकर मिलने के लिए कहा गया। परेशान होकर वह अपने पुत्र को लेकर उक्त व्यक्ति के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए डालटनगंज गए। उस दौरान भी उक्त व्यक्ति ने उन्हें फोन कर डालटनगंज आने को लेकर जानकारी ली। डालटनगंज पहुंचने पर उन्हें कोयल नदी पुलिस चौकी के पास रूकने के लिए कहा गया। वहां कुछ देर बाद वह व्यक्ति कार से पहुंचा। उसके बाद उक्त व्यक्ति ने उसे वहां से लेकर गढ़वा आने वाले रास्ते पर ले गया। वहां कार रोककर उसे पहले हड़काया। उसके बाद उसके खिलाफ शिकायत मिलने की बात की। बाद में उसने एक लाख रुपये की मांग की। इस पर उन्होंने कहा कि अब तक उसके खिलाफ कोई आरोप नहीं लगा है। इस पर उक्त पदाधिकारी ने कहा कि अब तक उसने नावा, चिनिया, लातेहार में कई लोगों को जेल भेजवा चुका है, जिससे अमीन ने मानसिक रूप से परेशान हो कर अपना काम से इस्तीफा देकर उच्च अधिकारी से न्याय कि गुहार लगाई है।

### एमएमसीएच में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

# 35 नवजात बच्चियों के बीच बेबी केयर यूनिट का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** महिला केंद्रित विषयों पर पूरे देश में 100 दिनों का विशेष जागरूकताअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को एमएमसीएच के मातृ शिशु वार्ड में समाज कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त शशि रंजन,उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमरी सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान मौजूद थी। मौके पर सभी पदाधिकारियों ने 35 से अधिक नवजात बच्चियों के माताओं के बीच बेबी केयर यूनिट व फल का वितरण किया। किट में नवजात की जरूरत के सभी सामान उपलब्ध था। सभी बच्चियों के अभिभावकों को स्तनपान की महत्व के विषय पर भी जागरूक किया गया।

### स्कूलों में चलाया जायेगा जागरूकता अभियान

महिला केंद्रित विषयों पर पूरे देश में 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह का रूटीन बनाया गया है। जिसके तहत जिले में बाल विवाह,भ्रूण हत्या,बाल मजदूरी, लिंग भेद, डायन प्रथा के विषय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। यह सभी कार्यक्रम स्कूलों,कस्तूरबा विद्यालय, व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चलाया जायेगा।

## विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है अभाविप : एसके पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 76 स्थापना दिवस मंगलवार को राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। अभाविप के कार्यकताओं द्वारा 12 प्रखंडों में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता,गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में रन फार कैंपस के तहत दौड़ प्रतियोगिता, विचार संगोष्ठी, पौधारोपण, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम परिषद के कार्यकताओं ने प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला में 'वन्दे मातरम' गान के साथ झंडोत्तोलन किया। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य एसके पांडेय ने छात्रों से कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। ज्ञान, शील, एकता के मूल मंत्र पर चलने वाला यह छात्र संगठन हैं। झारखंड प्रदेश के सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता छात्र हित, समाज हित, राष्ट्रीय हित के मुद्दों को लेकर के हमेशा से समाज में मुखर रही हैं। आगे भी परिषद के कार्यकर्ता निरंतर कार्य करते रहेंगे। जिला संयोजक नीतीश दुबे ने कहा कि पलामू जिले में परिषद सभी प्रखंडों में इकाई पुनर्गठन करेगी। सदस्य संख्या 12 हजार करने का कार्य करेगी। मौके पर परिषद के विभाग संयोजक अभय वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामाशंकर पासवान, राहुल कुमार चेरो, अभिषेक कुमार रवि, राजन कश्यप, गणेशलाल अग्रवाला कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव, जनता शिवरात्रि कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा, छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी, प्रभात दुबे, रोहित कुमार, राहुल उपाध्याय, श्रीकांत तिवारी, विवेक तिवारी, प्रकाश पांडेय सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को हो रही परेशानी

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली जाने के बाद जेनरेटर लगे होने के बावजूद पावर बैकअप का प्रयोग नहीं किया जाता। भारी उमस तथा गर्मी में इमरजेंसी हेतु भर्ती मरीज को रात जागकर गुजारनी पड़ती है। हालांकि अस्पताल के इमरजेंसी एरिया में डॉक्टर तथा अस्पताल के कर्मचारी इनवर्टर का प्रयोग अपने लिए करते हैं। यहां तक कि मरीज के कमरे में इनवर्टर का कनेक्शन भी नहीं दिया गया है। रात के वक्त ड्यूटी में तैनात कर्मचारी अस्पताल के बेड पर अपने लिए सोने की व्यवस्था कर लेते हैं। अक्सर कोई मरीज ऐसे होते हैं जिन्हें बेचैनी की शिकायत होती है। कई मामलों में मारपीट या दुर्घटना के शिकार मरीज आते हैं। अस्पताल में रात में मच्छरों का भी प्रकोप काफी बढ़ जाता है, जिस कारण आवश्यकता और बढ़ जाती है। इस बाबत जानकारी लेने पर बीपीएम राजकुमार सिंह ने बताया कि लाइट कटने की स्थिति में जेनरेटर का प्रयोग किया जाता हैं, परंतु प्रयाप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध नहीं कराया जाता। जिस कारण कई बार जेनरेटर नहीं चल पाता। इनवर्टर केवल स्टाफ द्वारा प्रयोग करने की बात पर उन्होंने कहा कि मरीज के लिए अलग से इनवर्टर है जो कल कार्य नहीं कर रहा था। आगे उसे ठीक करवाया जा रहा है।

## प्रवचन

### सिंगरा अमानत तट पर चतुर्मास व्रत कथा, प्रतिदिन लग रही भक्तों की भीड़

# धर्म के कारण ही मर्यादा है: जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिंगरा अमानत नदी तट पर चतुर्मास व्रत कथा में लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी ने कहा की धर्म के द्वारा धर्म का वर्णन ही श्रीमद्भागवत है। धर्म के कारण ही भगवान जाने जाते हैं। धर्म के कारण ही सृष्टि का प्राणियों के साथ समाज के साथ संबंध बना हुआ है। धर्म सब का उद्धार करने में सक्षम है। धर्म के कारण ही मयार्दा है। धर्म को मानव मात्र से अलग कर दिया जाय तो पति-पत्नी का संबंध, भाई-बहन का



संबंध, बेटा-बेटी का संबंध, स्वामी-सेवक, गुरु-शिष्य का संबंध क्या होता है हम कैसे जान और समझ पाएंगे। धर्म के द्वारा ही मानव जाति के एक दूसरे प्रति संबंध को जान पाते है। धर्म को धारण करने वाला ही धार्मिक है। धार्मिक व्यक्ति को कैसे पहचान सकते हैं। 10 आचरण, व्यवहार, स्वभाव जिस मनुष्य में पाया जाता है वही धार्मिक है। उन्होंने कहा कि देश हित, राष्ट्र हित, समाज हित का विरुद्ध कार्य किया जाना जो क्षमा योग्य नहीं है वैसे कृत्य को क्षमा नही करना चाहिए। क्षमा करने योग्य अपराध को क्षमा करना है धर्म है। सभी अपराध के अलग अलग दंड प्रावधान शास्त्रों में व न्याय व्यवस्था में है। उसका पालन करने ही धर्म है और जो इसे धारण करता है वह धार्मिक मानव है।

### धार्मिक व्यक्ति सुख दुःख में सर्वदा सम अवस्था में रहते हैं

धृतिः क्षमा दमोस्तेयं शौचं इन्द्रिय निग्रह :,धीः विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्म लक्षण श्लोक के अर्थ की व्याख्या में बताया की धार्मिक व्यक्ति सुख दु:ख में सर्वदा सम अवस्था में रहते हैं। धार्मिक व्यक्ति धैर्यवान होते हैं। अर्थात धैर्य, किसी का अपराध का क्षमा करना, किसी दूसरे की सम्पत्ति को ना चुराना, मन वचन, कर्म में शुचिता का होना, अपनी इन्द्रियों पर नियन्त्रण रखना, बुद्धिमत्ता, विद्या, सत्यकर्मी क्रोध पर नियंत्रण करना धर्म के 10 लक्षण हैं। ये 10 लक्षण जिस व्यक्ति में भी हो वह सभी धार्मिक हैं।

### शिक्षा मंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त किया

**मेदिनीनगर।** बैद्यनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उत्पाद एंव मध निषेध विभाग मिलने पर आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, प्रदेश महासचिव बबलू सिंह बधाई दी है। इसके अलावा पलामू जिला अध्यक्ष राजीव रंजन शुक्ला, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, पलामू जिला उपाध्यक्ष सूरत राम, पाटन प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, आदि सहायक अध्यापक के नाम शामिल है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**धुरकी।** अवैध रूप से घर में घुसकर जबरन संबंध बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। मामला धुरकी थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव का है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव निवासी अवधेश यादव उम्र (21वर्ष) पिता राजेंद्र यादव पर गांव के ही एक विवाहित महिला ने घर में घुसकर जबरन अवैध संबंध बनाने के खिलाफ धुरकी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन के आलोक में धुरकी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कांड संख्या 97/24 दिनांक 7/7/24 धारा 64 (1)/351(3) भारतीय न्याय संहिता के आधार पर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया है।

### किसानों के बीच मक्का बीज वितरण

**बड़गड़।** बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत परसवार पंचायत के किसानों के बीच मक्का बीज वितरण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत महिला समूहों के बीच हाइब्रिड धान बीज वितरण किया गया। मक्का एवं धान बीज का वितरण बीडीओ अमित कुमार पासवान, मुखिया जंगलपति लकड़ा , प्रखंड कृषि पदाधिकारी एरियल कच्छप, बीटीएम जगरनाथ कुमार ने किया। इस अवसर पर परसवार पंचायत के किसानों के बीच दो-दो किलो मक्का बीज का वितरण किया गया। एवं महिला समूह के बीच 70 किलो धान बीज का वितरण हुआ।

### शिव शंकर प्रजापति की हादसे में मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत तेलिया निजामत गांव निवासी शिव शंकर प्रजापति की कार्य स्थल पर हादसे में मौत हो गई। यह घटना सोमवार सुबह 8:50 बजे की है। शिव शंकर प्रजापति विशाखापट्टनम के कल्पतरु कंपनी में बनवाए जा रहे एक मॉल निर्माण में सेटरिंग का काम करने गया था। सेटरिंग करने के लिए ऊपर चढ़ रहा था। इसी दौरान ब्रेसिंग पाइप के खुल जाने से वह एकाएक पीठ के बल ऊपर से गिर गया। उसके माथे और पीठ में काफी चोट आई। बेहोशी की हालत में इलाज के लिए उसे विशाखापट्टनम के दमयंती हॉस्पिटल में ले जाया गया।

### कार्डधारियों ने किया ब्लॉक कार्यालय का घेराव

**भंडरिया।** प्रखंड कार्यालय के घेराव करने के दौरान दर्जनों महिला पुरुष आकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार से मिले। राशन लाभुकों ने बताया कि उनके गांव के डीलर बृजमोहन मिंज 11 माह से एक भी राशन नहीं दिए हैं। लाल कार्डधारी 92 लाभुक सहित अंत्योदय ग्रीन को भी राशन नहीं मिल रहा है। राशन की मांग करने पर पहले डीलर के द्वारा कहा जाता था कि मेरा डीलर का कार्य कैंसिल कर दिया गया है। बाद में पता चला कि डीलर के द्वारा हर माह लाभुकों का राशन उठाव बदस्तूर जारी है।

## मौसम में लगातार बदलाव के कारण लोग वायरल इंफेक्शन शिकार

# बिना डॉक्टरी सलाह के न लें कोई भी दवा : डॉ पीयूष

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
तेजी से मौसम में लगातार बदलाव के कारण लोग वायरल इंफेक्शन शिकार हो रहे हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण बुखार, सर्दी- जुकाम, खांसी, लूज मोशन इत्यादि के मरीज बढ़ रहें हैं। बच्चों एवं बुजुर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर उनमें बिमारी का खतरा अधिक बढ़ जाता है। पिछले 4-5 दिनों के दौरान सदर अस्पताल में सर्दी, बुखार, खांसी एवं लूज मोशन के मरीजों में करीब 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जहां एक सप्ताह पूर्व वायरल इंफेक्शन के 50 से 80 मरीज पहुंचे थे। वहीं सोमवार को सदर अस्पताल के ओपीडी में कुल 548 मरीज पहुंचे। जिसमें 200 से अधिक मरीज वायरल इंफेक्शन से पीड़ित थे। बदलते मौसम का सबसे अधिक प्रभाव कम प्रतिरोधक क्षमता होने के कारण वृद्ध एवं बच्चों पर हो रहा है।




### वयस्कों की अपेक्षा में बच्चे अधिक संक्रमित

सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पियूष प्रमोद के अनुसार मौसम का अचानक से बदलाव मौसमी बीमारी की सबसे बड़ी वजह है। कभी चिलचिलाती धूप तो कभी अचानक से बादल होने के कारण कम कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग जल्दी मौसमी बीमारी के चपेट में आ जाते हैं। जिसके चलते सर्दी, खांसी, बुखार लूज मोशन के मरीज बढ़े हैं। खासकर पेट के रोगियों को ज्यादा परेशानी हो रही। उन्होंने बताया बीमारी से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वायरल इंफेक्शन के चपेट में वयस्कों की अपेक्षा बच्चे अधिक आ रहे सोमवार को सदर अस्पताल पहुंचने वाले वायरल फीवर के मरीजों में सबसे अधिक वृद्ध मरीजों की ही थी जबकि वयस्कों की तुलना में बच्चे भी अधिक वायरल इंफेक्शन के चपेट में आ रहें है। सदर अस्पताल के ओपीडी में अहले सुबह से ही पंजीकरण काउंटर पर पर्चा कटवाने को लोग लाइन में लगे रहते हैं तो अंदर ओपीडी के सामान्य विभाग में चिकित्सक से इलाज कराने को मरीजों में आपाधापी मची रही। दूर-दराज से लेकर शहरी क्षेत्र के लोग सर्दी, खांसी, बुखार, सिरदर्द व बदन दर्द से परेशान अस्पताल पहुंचकर इलाज करा रहे थे। बीमारी से बचाव के लिए सावधानी जरूरी धूप से आने से बाद तुरंत फ्रीज का पानी पीने से बचे। साफ-सफाई का ध्यान रखे। हल्की भी परेशानी होने पर बिना चिकित्सीय परामर्श के कोई भी दवा नहीं ले।

### भू माफियाओं ने विधवा की जमीन किया पर कब्जा

**डंडई।** क्षेत्र में आपराधिक तत्व के लोगों के सहारे भू माफिया लाल मोहम्मद अंसारी और अशफाक अंसारी एक विधवा की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। विधवा यासमीन बीवी पति स्वर्गीय फारूक अंसारी ने बताया कि दबंग लाल मोहम्मद अंसारी द्वारा मेरी रयती जमीन के साथ-साथ गैर मजुरुवा जमीन पर कब्जा जमाने की नीयत से धमकाया जा रहा है। कहा जाता है कि मैं भू माफिया हूं पूरा आंचल के स्टाफ मेरे कब्जे में है। इधर थक हार कर विधवा यासमीन बीवी ने प्रभारी अंचलाधिकारी यशवंत नायक से आवेदन देकर अपने भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर शिकायत की है। जिस पर संज्ञान लेते हुए अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने सीआई राजेंद्र यादव को तत्काल अवैध कब्जा हटाने एवं मामले की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके पूर्व भी महिला द्वारा कई बार राजस्व विभाग के अधिकारियों के पास न्याय की गुहार लगा चुकी है। लेकिन उसके विपक्षी द्वारा विभागीय अधिकारियों को धन देकर मामला को दबा दिया जा रहा है। इस मामले में सीओ यशवंत नायक ने कहा कि महिला द्वारा आवेदन मिला है। उसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए अवैध कब्जा हटाने एवं मामले कि जांच का आदेश दिया गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### जुलाई के पहला सप्ताह समाप्त, पंडा नदी में पानी नहीं



**केतार।** केतार प्रखंड की लाइफ लाइन माने जाने वाली पंडा नदी में जुलाई माह के प्रथम सप्ताह बीत जाने के बाद भी एक बुंद पानी नहीं है।इस कारण केतार, केतरी, खोनहर,दासीपुर, मुकुन्दपुर, ताली, परसोडीह, बांसडीह, चौरा गांव के सैकड़ों किसान जो सिंचाई के लिए पुरी तरह से पंडा नदी पर निर्भर रहते हैं उनको चिंता सता रही है। पंडा नदी में पानी नहीं रहने के कारण नदी के दोनों तटों के समीप खेती करने वाले किसान अरहर, धान, मक्का फसल की बोवाई नहीं कर पा रहे हैं। वही पशुओं को भी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिन किसानों के पास सिंचाई का साधन है वो अपने खेत तैयार कर बोवाई कर रहे हैं। किसानों ने कहा की यही स्थिति एक सप्ताह रहा तो खेती करना मुश्किल होगा। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्ष से पंडा नदी में पानी नहीं बहा है।

### मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर बने रागीब



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया स्थित कर्बला के मैदान में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के गठन को लेकर अंजुमन कमेटी की निगरानी में सदर तौहीद खान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर डॉ रागिब हुसैन खान उर्फ मुन्ना खान को मनोनीत किया गया। आयोजन को बेहतर बनाने के लिए नायब सदर मो खुर्शीद खान, सेकेट्री अपसर खान, नायब सेकेट्री मो शाहनवाज खान, खजांची मो अजहरुल खान सहित 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। नव मनोनीत सदर डॉ रागिब हुसैन खान ने कहा कि शांति एवं भाईचारे के साथ मुहर्रम त्योहार मनाया जायेगा मौके पर महमुद आलम सीनियर, मंसूर खान, फुलटून खान, मुराद खान, तौवाब खान, शोएब अख्तर, अजूबा खान, डॉ शेर मो खान, वाजुद्दीन खान, फिरोज खान, हारुण खान, अख्तर खान, हैदर खान, इरफान खान, एकलाख खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आरकेपीएस में पेरेंट्स टीचर्स मीट का हुआ आयोजन



**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय के निर्देशन में कक्षा 6 से कक्षा 12वीं के सभी शिक्षक एवं संबंधित कक्षा के अभिभावकों के साथ बैठक की गयी। इससे पूर्व पिछले रविवार को नर्सरी से कक्षा पांच तक के अभिभावक और शिक्षकों की बैठक आयोजित की गयी थी। इस अवसर पर संबंधित शिक्षक व सभी अभिभावकों से उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। स्कूल की तरफ से सभी अभिभावकों को सुझाव दिया कि वे अपने बच्चों की रीडिंग और राइटिंग पर विशेष ध्यान दें और बच्चों को जंक फूड,स्मार्टफोन एवं स्कूटी/बाइक से दूर रखें।अभिभावकों से यह भीआग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों की डायरी नियमित देखें और उनकी गतिविधियों एवं संगति पर नजर रखें।बच्चों के साथ समय व्यतीत करें और उनसे स्कूल की गतिविधियों की जानकारी लेकर समय-समय पर स्कूल को सूचित करें। अगर अभिभावक अपने बच्चों की डायरी और उनके कॉपी को नियमित चेक करना शुरू कर दें तो उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### स्कूली बच्चों को नेत्र समस्या से निजात दिलाने के लिए शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित



**खरौंधी।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति के सौजन्य से मंगलवार को बीआरसी भवन खरौंधी में स्कूली शिक्षकों को नेत्र जांच के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला नेत्र सहायक सोनी कुमारी ने सभी शिक्षकों को आंखों के बचाव के तरीके, आंखों के रोग के प्रकार तथा नेत्र जांच तकनीक आदि विषयों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी. उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने स्कूलों में बच्चों की नेत्र जांच कर प्रखंड संसाधन केंद्र में सूचित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि 8 से 14 अगस्त तक बीआरसी भवन में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा की जांच के उपरांत जिन बच्चों में देखने में समस्या पायी जाएगी, उन्हें जिला अंधापन नियंत्रण गढ़वा की ओर से निःशुल्क चश्मा मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा की अगर किसी बच्चे की आंखों में ज्यादा ही समस्या है तो उनके अभिभावक से संपर्क कर सरकार के माध्यम से बेहतर इलाज कराया जाएगा।

### अनुमंडल पदाधिकारी ने किया लवाही पंचायत में निर्मित कई मनरेगा योजनाओं की जांच

**डंडाई।** अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र स्थित लवाही पंचायत में मनरेगा से संचालित चार सड़क व दो तालाबों का निरीक्षण किया। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर जांच करने पहुंचे एसडीओ के द्वारा सबसे पहले एक-एक कर सभी सड़कों का जांच पड़ताल करने का काम किया गया। उसके बाद अलग-अलग स्थलों पर निर्मित दो तालाबों का भी उन्होंने जांच पड़ताल किया। एसडीओ की जांच में कमोबेस त्रुटि को छोड़ सभी सड़कें धरातल पर पाई गई। जबकि निर्मित दोनों तालाब भी अलग-अलग स्थलों पर पाया गया। उन्होंने निर्मित तालाब को देख उसकी प्रशंसा भी किया। एसडीओ ने कहा की जिले के उपायुक्त के द्वारा उक्त सभी योजनाओं का जांच करने का जिम्मा मुझे दिया गया था।

## पंचायत भवनों में शिफ्टेड प्रज्ञा केंद्र संचालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
पंचायत राज विभाग झारखंड सरकार के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में डिजिटल पंचायत परियोजना से जुड़े सीएससी संचालकों को पुराने समाहरणालय अवस्थित जिला परिषद भवन सभागार गढ़वा में डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत कार्यरत सीएससी संचालकों के ऑनलाइन उन्मुखीकरण हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पंचायती राज पदाधिकारी गढ़वा परमेश कुशवाहा, डीपीएम पंचायती राज शाहनवाज असगर, सीएससी मैनेजर कौशल किशोर एवं मनीष कुमार के द्वारा किया गया। पंचायत स्तर पर आम जनों को सभी प्रकार की सरकारी सेवा प्रदान कराने एवं उनका निष्पादन पंचायत स्तर पर ही करने हेतु डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत प्रशिक्षण का विशेष आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिजिटल पंचायत परियोजना से जुड़े सीएससी संचालकों को सीएसी द्वारा नामित मास्टर ट्रेनर अंजर अहमद, जिला प्रबंधक कौशल किशोर एवं मनीष कुमार द्वारा प्रशिक्षण सात सत्रों में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रदान किया गया। पंचायत राज विभाग के द्वारा पंचायत भवन में भीएलई के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सरकारी सेवा जीटूसी सेवा एवं गैर सरकारी सेवा बीटूसी सर्विस की जानकारी के साथ स्टेट टीम से आए मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को पंचायत अंतर्गत मनरेगा की गतिविधियों एवं उसके पोर्टल पर एंट्री की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पंचायत विकास सूचकांक के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मौके पर उपरोक्त के अलावे सभी पंचायत शिफ्टेड प्रज्ञा संचालक एवं डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज डिजिटल पंचायत प्रोजेक्ट गढ़वा अजीत कुमार सिंह, सौरभ दूबे उपस्थित थें। अंत में सीएससी मैनेजर गढ़वा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का समापन किया गया।

## 15 दिनों से गिरा है बिजली का पोल ग्रामीणों के बीच दुर्घटना की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला पंचायत के सबुआं गांव में बिजली का एक पोल नीचे गिर कर 15 दिनों से पड़ा है। इस पर किसी भी जनप्रतिनिधियों व बिजली विभाग के कर्मियों का कोई ध्यान नहीं है। बरसात का मौसम है। उक्त पोल पर टंगे तार भी पोल के साथ नीचे गिर चुका है। विद्युत प्रवाह से कभी बड़ी दुर्घटना भी घट सकती है, किन्तु किसी की जान का परवाह किसी को नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात हीरा बोरिंग की गाड़ी ने उक्त पोल में धक्का मारकर धराशाई कर दिया है। सड़क पर धराशायी बिजली पोल के कारण रास्ता भी बंद हो गया है। लोगों को उक्त रास्ता से आवागमन करने में काफी दिक्कत हो रही है। न ही बिजली का पोल खड़ा करवाया जा रहा है और न ही उसे रास्ते से हटाया जा रहा है। जबकि उक्त सड़क से दर्जनों गांवों के लोगों का आना-जाना होता है, जिसमें सननी, पतहरिया, हरिगावां सहित अन्य गांव भी शामिल हैं। जब किसी के साथ कोई घटना घट जाएगी तब शाबासी बटोरने के लिए जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व नेताओं की भीड़ दिखने लगेगी। सबुआं गांव स्थित दोहर में कई बिजली पोल 60 डिग्री तक झुके हुए हैं। अच्छी बारिश होने पर दर्जनों पोल धराशाई हो सकते हैं।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ने मनाया 76वां स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का 76वां स्थापना दिवस व राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में कांडी नगर मंत्री प्रिन्स कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा प्रखण्ड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वृक्षारोपण एवं विचार संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय परिसर में दर्जनों फलदार व इमारती पौधे लगाए गए तत्पचात संगोष्ठी आयोजित की गई। वहीं संबोधित करते हुए नगर मंत्री प्रिन्स कुमार सिंह ने कहा कि वातावरण स्वच्छ होगा, तभी हम सब स्वस्थ रह सकते हैं। वातावरण स्वच्छता का सीधा सा नाता पेड़ पौधों से है, ऐसे में हम सभी को मिलजुल कर पेड़-पौधे लगाकर अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक संसाधनों की सौगात देनी होगी। कहा की विद्यार्थी परिषद् स्थापना काल से ही विश्वविद्यालय, महाविद्यालय इकाई से लेकर प्रदेश एवं राष्ट्रीय पटल पर विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान का काम विश्व के सबसे विराट छात्र संगठन अभाविप का है। स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात कर चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को मूर्त रूप देने का काम अभाविप स्थापना काल से ही करती आयी है। अनवरत 76वर्षों से ज्ञान-शील-एकता के मंत्र को धारण कर राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिये युवाओं का मार्गदर्शन कर रही है, एवं छात्र राजनीति के द्वारा शिक्षा में सुधार लाने हेतु लगभग सात दशकों से अपना बहुमूल्य योगदान दे रही है।

## ट्रैक्टर के धक्के से युवक घायल, चल रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
एनएच 75 बाइपास फोरलेन पर गढ़वा थाना क्षेत्र के हूर गांव के समीप एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चपेट में आकर अखिलेश चौधरी पिता वीरा चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के हूर गांव का रहने वाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि पवन चौधरी ने पैदल ही गढ़वा थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव स्थित अपनी बहन के घर से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान हूर गांव के समीप एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में अखिलेश चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर, चेहरा व दायां हाथ में गंभीर चोट लगी है। घटनास्थल के समीप मवेशी चरा रहे हूर गांव को लोगों की मदद से घायल अखिलेश चौधरी को अस्पताल भेजवाया गया।

### बाइक से गिर कर युवक घायल, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** गढ़वा थाना अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के सोनपुरवा बैल बाजार निवासी मजहर हुसैन पिता मोहम्मद हबीब मंगलवार को मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मजहर हुसैन एवं उसका भाई छोटू हुसैन एकही मोटरसाइकिल पर सवार होकर गढ़वा शहर के कचहरी रोड में जा रहे थे। इस दौरान शहर के रंका मोड़ पर अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में मजहर हुसैन घायल हो गया। उसके पैर में चोट लगी है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर महिला घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** मझिआंव-बिशनपुरा रोड में मझिआंव थाना क्षेत्र के रपुरा गांव के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर नीलम देवी पति महेंद्र राम गंभीर रूप से घायल हो गई। वह मझिआंव थाना क्षेत्र के सेमरहत गांव की रहने वाली है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार नीलम देवी ने अपने पुत्र ओमप्रकाश राम के साथ मोटरसाइकिल से मेराल से अपने घर लौट रही थी। इस दौरान रपुरा गांव के समीप मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी नीलम देवी असंतुलित होकर गिर गई। इस घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद उसके स्वजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

**परेशानी** नाली निर्माण नहीं होने से लोग नरकीय जीवन जीने को विवश

# नगर पंचायत के विरुद्ध लोगों का आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 स्थित जंगीपुर में विशुन राम के घर से बाकी नदी तक नाली निर्माण नहीं होने से वहां के लोग नरकीय जीवन जीने को विवश है। सैकड़ो वार्ड वासियों ने मंगलवार को नगर पंचायत के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर वार्ड नंबर 14 में नाली का निर्माण कराने व नरकीय जीवन से लोगों को मुक्ति दिलाने का आग्रह किया है। वार्ड वासियों ने कहा कि जंगीपुर में विशुन राम के घर से बाकी नदी तक नाली निर्माण नहीं होने से जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। यहां नाली निर्माण नहीं होने से आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगो ने बताया कि पूर्व में ही इस गली में पक्की सड़क बना दिया गया है लेकिन गली में घरों के एवं गली के पानी निकासी का कोई साधन नहीं रहने के कारण लोग नाली के पानी को पार कर आवागमन करते हैं। घर से निकलने के साथ ही लोगों का पहला कदम कीचड़ व गंदे पानी में ही रखना मजबूरी बन गई है। यहां बरसात के दिनों में अक्सर पानी का जमाव हो जाता है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण मच्छर के अलावा कई गंभीर बीमारी होने की आशंका बनी रहती है। वार्ड के लोग लंबे समय से यहां नाली निर्माण करने की मांग करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं नगर पंचायत से कई बार की हैं लेकिन अभी तक नतीजा कुछ भी नहीं हुआ। समस्या जस के तस हैं।



### पानी निकासी का हो इंतजाम

वार्ड के राहुल कुमार, उपेंद्र मेहता, राकेश कुमार, उमेश महतो, अरुण मेहता सहित सैकड़ों लोगों ने कहा कि स्थानीय प्रशासन यहां पानी के निकासी की व्यवस्था कराएं। कब तक वार्ड के लोग नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर होंगे। हम लोगों को मूलभूत सुविधा मिलना चाहिए। पानी निकासी का इंतजाम नहीं होने के कारण घरों से निकलने वाला पूरा पानी सड़क पर आ जाता हैं। उसी गंदे पानी से होकर आना जाना करना पड़ता हैं। बारिश के पानी की निकासी का प्रबंध नहीं होने से बारिश के दिनों में लोगों के घरों के आगे जलभराव की समस्या बन जाती हैं।

## छात्राओं को फॉर्म भरने के लिए ब्लॉक आने की जरूरत नहीं : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
सीडीपीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने मंगलवार को एक निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्राओं को इस योजना का लाभ सुनिश्चित रूप से मिले इसकी जवादेही संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य की है। यह बात स्पष्ट कर दिया गया है। यदि कोई भी योग्य छात्रा इस योजना से वंचित रहती है तो इसे स्कूल के प्रधानाचार्य की लापरवाही माना जाएगा। यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि किसी भी छात्रा को फॉर्म भरने के लिए प्रखंड कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य को यह जवाबदेही दी गई है कि छात्राओं का फॉर्म वे अपनी निगरानी में भरवाना सुनिश्चित करेंगे। उसके बाद छात्राओं के भरे हुए फॉर्म को संबंधित प्रधानाचार्य समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को या फिर प्रखंड कार्यालय में सीडीपीओ कार्यालय को रिसीव कराएंगे और इसकी विधिवत रिसीविंग लेंगे। निर्धारित समय सीमा के अंदर सभी स्कूली छात्राओं को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिल जाए यह स्कूल के प्रधानाचार्य सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उनकी लापरवाही मानी जाएगी।



### माहे मोहर्रम का आगाज, 17 को होगा यौमे आशूरा, तैयारियां शुरू

**केतार।** इस्लामिक कलैंडर का पहला महिना यानी मोहर्रम का चांद का दीदार हो गया है। सोमवार को मोहर्रम की पहली तारीख रही। इस तरह 17 जुलाई को यौमे आशूरा मनाया जायेगा। मोहर्रम का त्योहार को लेकर मुस्लिम समुदाय ने तैयारीयां शुरू कर दी है। दस दिनों तक प्रत्येक दिन तरह- तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वहीं सोमवार से इमामबाड़ा पर फतिहा होना शुरू हो गया। बेलाबार - नावाडीह गांव के सदर समीम अंसारी, पुर्व सदर अली हुसैन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी , इम्तियाज आलम ने कहा की कर्बला दुनिया को हक , सच्चाई, इंसाफ का पैगाम देता है। हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में नाना के दीन को बचाने के लिए जो महत्वपूर्ण कुर्बानियां दी है।

## एक नजर

### मोहर्रम को लेकर हुई बैठक, अध्यक्ष बने महफूज

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत अंतर्गत बरवाडीह आजाद मोहल्ला में बीते रात्रि मुस्लिम समुदाय की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मोहम्मद मोहिब व संचालन मोहम्मद नईम ने किया। बैठक में ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण से निकलने की चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मुहर्रम कमेटी का गठन करते हुए, मौलाना महफूज रहमान को अध्यक्ष, मोहम्मद तौहीद अंसारी उपाध्यक्ष, मोहम्मद तौसीफ सचिव, मोहम्मद नईम उपसचिव, मोहम्मद दानिश को कोषाध्यक्ष व मोहम्मद इरफान को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे कई लोगों को सदस्य मनोनित किया गया।

### पंसस ने उपायुक्त से मिलकर सौंपा ज्ञापन




**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को पंचायत समिति संघ के टंडवा प्रखंड ईकाई ने उपायुक्त रमेश घोलप व एसडीओ सिमरिया सनी राज को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। बताया गया कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत प्रदत दायित्वों के निर्वहन में उनके द्वारा अधिकारों के उपयोग पर सदैव उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। बैठकों में उनके प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाता है। साथ ही पंसस को निर्धारित मासिक भुगतान भी नहीं हुआ है। वहीं टंडवा में पंचायती राज विभाग के कॉर्डिनेटर का प्रभार में रहने से 15 वें वित्त योजनाओं के क्रियान्वयन में गहरा प्रभाव पड़ा है । बता दें कि वित्तीय वर्ष के आवंटित कुल राशि में से महज 2 प्रतिशत हीं अबतक व्यय की गई है। इसके साथ हीं, मनरेगा के योजनाओं में प्रशासनिक क्रियान्वयन में पंसस द्वारा अनुमोदन की व्यवस्था पूर्ववत लागू करने की मांग की गई है।

### पत्रकार संघ ने थाना परिसर में किया पौधारोपण



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** प्रेस क्लब चतरा के अध्यक्ष सुनील कश्यप के दिशा निर्देश पर मंगलवार को पत्थलगड़ा थाना परिसर में पत्रकार संघ पत्थलगड़ा द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम पत्रकार संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत राणा एंव पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी उपस्थित थे। श्रीकांत राणा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेस क्लब चतरा द्वारा 20 जुलाई तक पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा की प्रत्येक व्यक्तियों को प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में एक-दो वृक्ष जरूरी लगाना चाहिए। जिससे पृथ्वी की सुंदरता बढ़ती है और पर्यावरण प्रभावित नहीं होता है। साथ ही पत्रकार संघ द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान की सराहना की।

### रंगदारी मांगने वाले पांच युवकों को पुलिस ने देशी कट्टा व गोली के साथ किया गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रंगदारी मांगने के मामले में पांच युवकों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवकों के पास से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा गोली और दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रोहित कुमार ने प्रेस वार्ता में देते हुए बताया कि सदर थाना क्षेत्र के गोडरा गांव में आरकेएस कंपनी का क्रशर प्रोजेक्ट चल रहा है। जिसमे रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से दो बार फायरिंग और धमकी दी गयी। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 201/24 एवं 220/24 दर्ज किया गया था।

डीसी की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षा बैठक में दिए कई दिशा निर्देश

# लाभुकों अपने आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य जल्द पूर्ण करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं की क्रम वार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग प्रभात रंजन चौधरी के द्वारा उपायुक्त को वर्तमान में संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं, सर्वजन पेंशन योजना आदि के तहत लाभुकों को दिए जा रहे हैं लाभ की जानकारी दी गई। इस संबंध में



उपायुक्त ने नियमित रूप से लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने तथा बचे हुए लाभुकों के आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने आधार सीडिंग के दौरान अयोग्य पाए जाने वाले पेंशन लाभुकों का नाम पेंशन सूची से हटाने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्री प्रभात रंजन चौधरी , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कर वैसे वोटर जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाया जाएगा। साथ हीं 18 वर्ष के नए वोटर्स का नाम जोड़ा जाएगा एवं अन्य मतदाता सूची से संबंधित कार्य किए जाएंगे।बैठक में उपायुक्त ने बीएलओ के द्वारा किये जा रहे घर -घर सर्वे कार्य की नियमित रूप से निरीक्षण करने, एवं सभी योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में निबंधन कराने का निर्देश दिया। इसके अलावे जिन प्रखंडो में प्रपत्र 7, 8 कम प्राप्त हुए हैं, वैसे बीएलओ और बीएलओ के पर्यवेक्षक के साथ अलग से इआरओ को बैठक कर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### पारिवारिक विवाद में युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास, रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के हेरहंझ प्रखंड मुख्यालय के सलैया ग्राम निवासी राजेंद्र गंझु (35 वर्ष) ने पारिवारिक उलझन में आकर कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र का घर में कहा सुनी हो गई थी जिससे गुस्से में आकर कीटनाशक दवा खा लिया परिवार जनों को जानकारी मिलने पर आनंन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद से परिवार जनों में चिंता देखी जा रही है।

### जन वितरण प्रणाली दुकानदार के आकस्मिक निधन पर दुकानदार संघ ने शोक व्यक्त किया

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत फुलसू पंचायत निवासी सह पीडीएस दुकानदार गौरी सिंह (60) की आकस्मिक निधन पर जन प्रणाली दुकानदार संघ ने गणेश राणा के आवास में दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। जन प्रणाली दुकानदार संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ने कहा की मृतक सिंह 1983 से पीडीएस दुकान चलाकर ईमानदारी से लोगों का सेवा किया है। आगे बताया कि गौरी सिंह बिल्कुल स्वस्थ थे। 6 जुलाई को अचानक सीने में दर्द हुआ। उनके परिजन इलाज के लिए रांची ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही मौत हो गई। गौरी बहुत ही मिलनसार व हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। इनकी आकस्मिक निधन पर पीडीएस दुकानदार संघ गहरा शोक व्यक्त करती है। शोक व्यक्त करने वालो में मुख्य रूप से कुंवर प्रसाद, उमेश प्रसाद, उदय प्रसाद, नरसिंह सिंह, महेश पासवान, गणेश राणा, दिवाकर सिंह, अवध केशरी, मुकेश साव सहित अन्य पीडीएस दुकानदार शामिल थे।

### मोहर्रम को लेकर कमेटी गठित अध्यक्ष मो. मनान तो सचिव मो. जुबैर बनाये गए



**बालूमाथ।** प्रखंड में मोहर्रम त्यौहार मनाये जाने के लिए चांदनी मोहल्ला स्थित मनान कुरैशी के आवास पर मनान कुरैशी के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुस्लिम धर्म लंबियो से कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में उपस्थित लोगों ने इस वर्ष मोहर्रम का त्यौहार बालूमाथ मोहर्रम सेन्ट्रल कमेटी के द्वारा मनाए जाने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष मो.मनान कुरैशी को ही इस बार भी अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सचिव मो. जुबैर कुरैशी, कार्यकारी सदस्य के रूप में छोटू कुरैशी,फिरदौस कुरैशी,मो० मुनाजिर, मो टीपू,मो मोनू,मो शहबाज,मो मुजाहिद, शाहिद अंसारी, मो० सनी, मो० शोएब आलम सहित 21 सदस्य चुना गया। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष मनान कुरैशी एवं सचिव जुबैर कुरैशी ने संयुक्त रूप से कहा कि इस वर्ष मोहर्रम कमेटी द्वारा हसन हुसैन के शहादत के याद में फातेहा,जुलूस, अखाड़ा,झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे कई लोग उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया आयोजन

**लातेहर।** जिला स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन संयुक्त रूप से जनजाति अस्पताल मानन चोटाग लातेहार में एक दिवसीय जागरूकता उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लातेहार जिला के सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी , प्रखंड साधन सेवी , स्कूल साधन सेवी व शिक्षकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। सभी प्रखंड के एक एक प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार के उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। जिला मलेरिया सलाहकार सुनील कुमार सिंह ने फाईलेरिया रोग के बारे में जानकारी दी कि मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से फाईलेरिया रोग से लोग ग्रसित हो जाते है। इस का लक्षण तुरंत नहीं दिखाई पड़ता है इसका प्रभाव 5 से 7 वर्षो में दिखाई देता है। यह एक लाईलाज बीमारी है उन्होंने कहा कि लोगों में जानकारी एवं जागरूकता लाकर ही इस बीमारी से बचाव किया जा सकता है। वहीं पीरामल फाउंडेशन सीडी टीम के कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से फाईलेरिया बीमारी के बारे में क्रार्यक्रम में आये हुये लोगों को इसके बारे में विस्तारपूर्वक प्रतिभागियों को जानकारी दी।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार दोपहर टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना से विस्थापित गांव कुमरांग खुर्द के एक दंपति की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएम आफिस के बगल में पृथ्वी भुईयां अपनी पत्नी के साथ जा रहा था, इसी दरम्यान अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया जिससे रमणी देवी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पृथ्वी भुईयां के रीढ़ की हड्डी टूट जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया।

### 20 सूत्री कार्यालय में बीडीओ ने जड़ा ताला

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव मंगलवार को ताला जड़ दिया। बताया गया कि सरकार गठन होने के साथ ही 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति भंग हो गई है। जब तक सरकार से पत्र प्राप्ति नहीं होती है तब तक कार्यालय में ताला लगा रहेगा। इधर 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान ने कार्यालय में ताला लगाने की विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार से 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति भंग होने का कोई भी पत्र जारी नहीं किया गया है। यहां तक की कई प्रखंड में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक भी हुई है। परंतु प्रखंड विकास पदाधिकारी मनमानी रवैया अपनाते हुए ताला जड़ दिया है। जो किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं है।

# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह , जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी शोभना टोप्पो व सदर अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में सदर अस्पताल के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के सफलता को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया।

इस आयोजित किये गये दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारीयों को माध्यमिक स्तर से लेकर रेफरल प्रणाली तक समन्वय स्थापित करने के लिये विशेष रूप से प्रशिक्षिण दिया जा रहा था। वहीं कुष्ठ रोगियों को विकलांगता से कैसे बचाव किया जाये उसके



उपायों एवं चिकित्सा पुनर्वास पर संस्थागत को लेकर विशेष रूप से प्रशिक्षण दी गई। दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य कार्यक्रम प्रमुख एनएलईपी सलाहकार एवं आई एलईपी राज्य समन्वयक, (एनएल आर) झारखंड के डॉक्टर सिद्धार्थ बिसवाल, सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश्वर प्रसाद समेत डॉक्टर राजेश कुमार द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचे हुये चिकित्सकों को कुष्ठ उन्मूलन अभियान के सफलतम आयोजन को लेकर विशेष रूप से प्रशिक्षण दी जा रही थी।

ताकि जिले के सभी प्रखंडों में विशेष रूप से कुष्ठ उन्मूलन अभियान का सफल आयोजन कर के प्रखंड स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक में सभी कुष्ठ रोगियों को खोज कर एवं कुष्ठ रोगियों का समुचित इलाज की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि दो दिवसीय कुष्ठ उन्मूलन प्रशिक्षण क्रार्यक्रम का आयोजन का मुख्य उद्देश्य है, जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त कराना एवं इसके शत प्रतिशत सफलता को लेकर जिले के सभी प्रखंडों के चिकित्सा प्रभारी को दो दिवसीय प्रशिक्षण देकर बेहतर परिणाम प्राप्त करना।

### डायरिया के संक्रमण रोकथाम करने को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ राहुल देव ने मुखिया व जल सहिया के साथ बैठक किया। बैठक में पेयजल स्वच्छता विभाग के जिला कॉर्डिनेटर अरुण मिश्रा व मंगल सिंह बांदा मुख्य रूप से उपस्थित थे। यह बैठक डारिया के संक्रमण को रोकथाम करने को लेकर किया गया। उपस्थित मुखिया व जल सहिया को बताया गया कि बरसात के पानी को बिना जांच किये उपयोग नही करने को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाएं। साथ ही जल सहिया को अपने-अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर जागरूक करने का निर्देश दिया। में खराब पड़े चापानल व जलमिनार की सूचना पीएच को देने का निर्देश दिया गया।

# मंत्रियों के अनुभव का लाभ निश्चित रूप से हेमंत सोरेन कैबिनेट को मिलेगा : असगर



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड कॉग्रेस कमिटि ने हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री बने डॉक्टर इरफान अंसारी एवं दीपिका पांडे सिंह को बधाई दिया है।

प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इन्हें मंत्री बनाया जाना ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण क्षण है, इस शपथ ग्रहण से कांग्रेस के कार्यकताओं के साथ साथ आम जनता को भी आशा और उम्मीद है कि दोनों मंत्री अपने कार्यकलापों के जरिए न सिर्फ मंत्री पद की गरिमा में चार चांद लगाएंगे, बल्कि राज्य की जनता एवं कांग्रेसी कार्यकताओं की अपेक्षाओं पर खरा भी उतरेंगे। आगे यह भी कहा कि कम समय में दोनों मंत्री बेहतर काम करेंगे और जनता की अपेक्षा को पूरा करेंगे, इसके लिए हम सभी आश्वस्त हैं। इसके अलावे इन दोनों मंत्रियों का अनुभव का लाभ निश्चित रूप से हेमंत सोरेन के कैबिनेट को मिलेगा। बधाई देने वालों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान,वरिष्ठ नेता रामयश पाठक, निर्मल कुमार भारती,संजय दुबे, मोफील खान, राम शर्मा, छोटू, गिदियोंन खाखा, करनालुस एक्का, बालजी उरांव, कैलाश बैठा, दामोदर उपाध्याय, छटन राम, सागर प्रजापति, मोहम्मद रसीद, हसनैन खान, अरुण भारती,बाबर खान, साजिद खान, लखन जैसवाल, बजरंगी सिंह समेत कई लोग शामिल हैं।

### दाखिल खारिज नामांतरण हेतु विशेष राजस्व शिविर शुरू

**चंदवा।** उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार चंदवा अंचल के विभिन्न पंचायतों मे 9 जुलाई से लेकर 20 जुलाई तक खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों और आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल खारिज नामांतरण करने हेतु विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को बारी पंचायत में आयोजित शिविर में खतियानी रैयत के उत्तराधिकारी हेतु तीन आवेदन प्राप्त हुए जिसमें अंचल के द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उक्त शिविर का लाभ लेने की अपील अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने की है। 9 जुलाई को पंचायत भवन बारी, 10 जुलाई को सासंग,11 जुलाई को चंदवा,12 जुलाई को कामता,13 जुलाई को पंचायत भवन तरहसी सेरक,15 जुलाई को चकला,16 जुलाई को मालहन,18 जुलाई को डुमारो,19 जुलाई को बेतर, बरवाटोली तथा 20 जुलाई को बोरसीदाग में आयोजित किया गया है।

# मंत्री बनने के बाद पहली बार चंदवा पहुंचने पर बैधनाथ राम

कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

राज्य सरकार में शिक्षा व मध निषेध मंत्री बैधनाथ राम का मंत्री बनने के बाद पहली बार चंदवा पहुंचने पर कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंत्री जी के आने की सूचना मिलते ही जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा व प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु के नेतृत्व में बड़ी संख्या में झामुमो नेता व कार्यकताओं का जुटान इंदिरा गांधी चौक के समीप होने लगा था। मंत्री जी के चंदवा पहुंचते ही कार्यकताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ता पूरे जोश में दिखे। कार्यकताओं ने मंत्री बैधनाथ राम जिंदाबाद,हेमंत सोरेन जिंदाबाद,झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद आदि नारे भी लगाए। वंही मंत्री श्री राम ने अपने संबोधन में कहा कि बहुत कम समय में हमलोगो को बेहतर कार्य करना है। शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम तक पहुंचाना है। मध निषेध विभाग भी सरकार के लिए एक अहम विभाग है जिससे सरकार को राजस्व की प्राप्ती होती है। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व केंद्रीय नेतृत्व ने जिस उम्मीद से मुझे शिक्षा व मध निषेध विभाग का मंत्री पद सौंपा है उसपर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। मौके पर झामुमो जिला सचिव शमशुल होदा, शितमोहन मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, प्रखंड सचिव मो इजहार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष असगर अली, मो सरफराज, मो शमीम, सोनु अंसारी समेत बड़ी संख्या झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

संजय कुमार रवि विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कर रहें जनसंपर्क, कहा-

# क्षेत्र की जनता काफी उत्साहित हैं और अपार समर्थन मिल रहा है

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार विधानसभा सीट से उभरता हुआ युवा विधायक प्रत्याशी संजय कुमार रवि विधानसभा क्षेत्र में निरंतर जनसंपर्क अभियान चल रहे हैं। संजय कुमार रवि लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित गोविंद नगर के स्थाई निवासी हैं। जनसंपर्क के दौरान बालूमाथ बारियातू, चंदवा एवं लातेहार सदर प्रखंड के विभिन्न ग्राम - पंचायत के ग्रामीणों से सीधा रूबरू हो रहे हैं। इस दौरान संजय कुमार रवि से पूछे जाने पर उन्होंने बतलाया कि पढ़ाई कंप्लीट होने के साथ ही मैं समाज सेवा की सोच लेकर क्षेत्र में भ्रमणशील था और अपने ही विधानसभा क्षेत्र के बुद्धिजीवी समाजसेवी अभिभावकों के कहे जाने पर हमने प्रत्याशी के रूप में क्षेत्र में दौरा कर लोगों से जनसंपर्क कर रहा हूँ।जन संपर्क के दौरान लोग काफी उत्साहित हैं और अपार समर्थन मिल रहा है। कहा क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में खनिज संप्रदा एवं उसकी परिवहन हो रही है फिर भी यहां के लोग बेरोजगार हैं ।रोजगार के लिए पलायन करते हैं, शिक्षा की क्षेत्र की बात करें या स्वास्थ्य व्यवस्था की बात करें यह सब मामले में हमारा जिला पिछड़ा



हुआ है आज भी लोग उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहर जाते हैं जिसमें समृद्ध लोग ही अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दे पा रहे हैं गरीबों के बच्चे आज भी प्लस टू करके ही रह जाते हैं। कहा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ग्रामीण काफी शोषित एवं उनकी समस्या को सुन समाधान करने वालों की जरूरत है। अगर जनता मुझे सहयोग करती है तो मैं उनका समस्या का समाधान, उनकी लाठी बनूंगा और अपने लातेहार विधानसभा क्षेत्र को विकसित जिला बनाने के लिए अथक प्रयास करूंगा। हर हाथ को रोजगार काम मिले ऐसा कुछ व्यवस्था बनाऊंगा। शिक्षा -स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिन-रात मेहनत करूंगा। इस दौरान पूर्व जेवीएम के जिला उप अध्यक्ष सह वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश उराँव ने कहा कि लातेहार विधानसभा क्षेत्र में जनता गिने-चुने चेहरे को प्रतिनिधि के रूप में देखकर उब गए हैं। इस बार बदलाव की जरूरत है। इस बार विधानसभा चुनाव में पढ़ा लिखा ग्रेजुएट युवा प्रत्याशी संजय कुमार रवि विकल्प के रूप में देखे जा रहे हैं और हम सभी उनको अपार समर्थन के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं । जनसंपर्क अभियान में जितेंद्र सिंह-पूर्व जिला अध्यक्ष आजसू पार्टी लातेहार,अनिल कुमार उराँव- पूर्व प्रदेश सचिव बसपा, रवि शंकर जाटव- वर्तमान जिला कोषाध्यक्ष बसपा,लगन मनोहर खाखा पूर्व वरिष्ठ कार्यकर्ता जेवीएम राजद नेता बाबूलाल राम के अलावे बालेश्वर राम संतोष राम, शेर सिंह ,अविनाश कुमार, हरेंद्र कुमार ,कैलाश राज शर्मा, संजय कुमार यादव ,अखिलेश यादव, निर्मल राम ,राजू कुमार राम ,रघुराम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता के नाम शामिल है।

### शिक्षण संस्थान के 100 गज के दूरी वाले दुकानों में की गई छापेमारी



**चतरा।** सोमवार को सादर थाना, स्वास्थ्य विभाग जिला एवं राज्य के संयुक्त तत्वाधान में चतरा चौक एवं शिक्षण संस्थान के आसपास क्षेत्र में तंबाकू व तंबाकू जनित पदार्थ के दुष्परिणाम के रोकथाम हेतु छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में राज्य नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर अश्विन, सलाहकार राजीव, राज्य कार्यक्रम सहायक धीरज कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजेश शर्मा, जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम चतरा रश्मि दूबे के द्वारा किया गया। छापेमारी दल द्वारा जांच के क्रम में कुल 3 प्रतिष्ठानों से कुल 600 रुपया का अर्थदंड वसूला गया। साथ ही साथ शिक्षण संस्थान में तंबाकू के प्रति बच्चों को जागरूक किया जा रहा है या नहीं और शिक्षण संस्थान को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है या नहीं का जायजा भी लिया गया।

### ब्रह्मपुर, मंझगांवा, घटेरी आदि गांव के ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय का किया घेराव

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के ब्रह्मपुर, मंझगांवा, घटेरी सहित अन्य गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को अंचल कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने मंझगांवा के खाता संख्या 36,16 व 81 में कुछ लोगों द्वारा 170.66 एकड़ भूमि को फर्जी तरीके से पंजी टू में दर्ज करने का विरोध करने के साथ ग्रामीण पंजी टू में दर्ज जमीन को रद्द करने व दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि पर उपरोक्त गांव के करीब ढाई सौ परिवार 80 वर्षों से जीवन अपन कर रहे हैं। इस कार्य में अंचल कर्मियों के साथ-साथ रिकॉर्ड रूम के कर्मियों की मिलीभगत है। इधर अंचल अधिकारी राहुल देव को ग्रामीणों ने इस बाबत विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा है। जिस पर अंचल अधिकारी ने मामले की जांच करते हुए दोषी लोगों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। साथ ही साथ अंचल निरीक्षक प्रमोद सिन्हा को मामले की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है। अंचल अधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में उक्त भूमि को ऑनलाइन नहीं किया जाएगा। इसके पश्चात ग्रामीण अंचल घेराव को स्थगित करते हुए वापस अपने अपने घर लौट गए।




### कोल वाहन मालिकों ने डीएमओ चालान की वैधता बढ़ाने की रखी मांग

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को टंडवा प्रखंड अंतर्गत सीसीएल से विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के ट्रक-हायवा वाहन संघ ने झामुमो नेता मनोज चंद्रा के नेतृत्व में खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो से मुलाकात की। जहां कोल ट्रांसपोर्टिंग के लिए डीएमओ चालान की वैधता पूरे राज्य क्षेत्र में न्यूनतम 24 घंटे व अंतरराज्यीय परिवहन के लिए 48 घंटे करने का आग्रह किया गया। बिजय साहु ने बताया कि व्यवहारिक तौर पर कांटा घर से पेपर बनाने,बेरियर से बाहर निकलने, बिल्टी कटवाने, डीजल लेने तथा नो एंट्री में घंटों समय बर्बाद होने के तथ्यों से अवगत कराये हैं। वहीं परिस्थितियों को दरकिनार कर जुमार्ना व अन्य प्रशासनिक कार्रवाई से बचाने की मांग पर डीएमओ ने यथोचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। लोगों की मानें तो विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए चालकों द्वारा निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री झारखंड, उपायुक्त चतरा, एसडीओ सिमरिया तथा सीसीएल के आम्रपाली व आम्रपाली प्रबंधक को भी दी गई है। मौके पर प्रकाश यादव, अनिल कुमार, दिनेश साहु, बसंत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



# भंडरा में एकबार फिर पहुंचा 17 हाथियों का दल, झुंड में 4 छोटे हाथी भी शामिल

- *कचमची गांव में जंगली हाथियों के झुंड आने की खबर से ग्रामीणों में मचा हड़कंप*
- *जंगली हाथियों की चिघाड़ सुनकर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी*





**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा से सटे भीठा पंचायत के मकुन्दा व कचमची इलाके में एक बार फिर मंगलवार की सुबह 17 जंगली हाथियों का दल पहुंच गया।हाथियों की झुण्ड में चार हाथी के बच्चे भी है। गांव में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब हाथियों के झुण्ड ने एक दो शख्स को दौड़ा लिया। शख्स ने जैसे तैसे भागकर अपनी जान बचाई। गांव में जंगली हाथियों के झुंड की खबर मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। हाथियों के भंडरा रथ मेले व घनी बस्ती क्षेत्र में पहुंचने की आशंका को देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की रेस्क्यू टीम व भंडरा पुलिस गांव के आसपास लगातार नजर बनाए हुए है। दरअसल मंगलवार की सुबह करीब 17 की संख्या मे हाथियों कैरो होते हुई बंडा गांव पहुंची देर रात तक ग्रामीण रातजग्गा कर हाथियों को नंदनी डैम की ओर खड़ेड़ा। नंदनी डैम के रास्ते हाथी मकुन्दा गांव पहुंची। जहाँ दर्जनों किसानो के धान बिचडो अन्य फसलों को रोदते हुए मंगलवार की सुबह तेतरपोका होते हुए कचमची मोहना टोली पतरा मे डेरा बनाये रखा था। इलाके में जंगली हाथियों का झुंड और हाथियों की चिंघाड़ सुनकर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी दौरान हाथी की झुण्ड में से एक बड़े हाथी ने इलाके के कई लोगो को दौड़ाया तो जैसे-तैसे भागकर अपनी जान बचाई। हाथियों की वजह से इलाके में आतंक का माहौल बन गया। हाथियों ने मकुन्दा, तेतारपोका, कचमची के पास किसानों के फसलों को नुकसान भी पहुंचाया।

## वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

आनन-फानन में इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस की दी गई। उनके बस्ती में घुसने की आशंका को देखते हुए अधिकारियों में हड़कंप मच गया। उन्हें जंगलों में खदेडने के लिए वन्य प्राणी विशेषज्ञों को बुलवाया गया है। उन्हें 24 घंटे लगातार निगरानी रखने और हाथियों की सुरक्षित रूप से वापसी होने तक यहां रहने के निर्देश दिए गए है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को हाथियों से दुरी बनाने रखने, व रात के समय घर से बाहर नहीं निकलने की हिदायत दी। बता दें कि इससे पहले भी 17 जून को हाथियों का एक दल भीठा मकुन्दा, नगड़ी, बंडा क्षेत्र में आ गया था, उन्हें खदेड़े के लिए वन विभाग की स्पेशल रेस्क्यू टीम तैयार की गई थी। हाथी भंडरा से कैरो होते हुए कुडू तक गई थी पुनः हाथी भंडरा क्षेत्र पहुंची। एक माह के अंदर यह दूसरा मौका है जब हाथियों का झंडू से भटकते हुए भंडरा क्षेत्र हाथियों का झुण्ड पहुंचा है।

डीसी ने की एनकोर्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक, कहा

## नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को चिह्नित करते हुए नशामुक्ति केंद्र भेजें



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एनकोर्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में मादक/नशीले पदार्थ का प्रयोग, क्रय-विक्रय एवं अवैध खेती पर रोक के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। इसमें नशे की गिरफ्त में आये युवाओं को चिन्हित कर उन्हें नशा उन्मूलन केंद्र भेजे जाने आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई और पदाधिकारियों को निदेश दिये गये। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा नशा उन्मूलन के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुजाता कुजूर, सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी अभिनीत सूरज समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित थे।

हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत किस्को पेशरार में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन

## प्रखंड कार्यालय में व्याप्त है भ्रष्टाचार : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** किस्को एवं पेशरार प्रखंड में आजसू पार्टी के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया गया। धरना कार्यक्रम के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी को 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि सभी प्रखंडों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। गरीबों का सुनने वाला कोई नहीं है। अगर अधिकारी अपनी कार्यशैली का बदलाव नहीं करते हैं तो आजसू पार्टी प्रखंड कार्यालय का घेराव करेगी और जोरदार आंदोलन करेगी। कहा कि चाहे जमीन दाखिल खारिज का मामला हो मोटेशन का मामला हो एलपीसी का मामला हो पंजी टू में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या हो सभी समस्याओं से जनता त्रस्त है और बिना चढ़ावा चढ़ाए कोई कार्य नहीं होता है। मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा की मनरेगा की स्थिति



यह है कि कूप निर्माण की राशि अभी तक लाभुको को नहीं दी जा रही जबकि बरसात शुरू हो गई है। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा की छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति हेतु जाति आय आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है उसमें शीघ्रता लाई जाए और बैंकों को भी अपनी कार्यशैली में सुधार करना चाहिए। अरविंद यादव ने कहा कि सभी किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए ताकि खेती किसान ढंग से कर सके। केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव ने कहा कि प्रखंडों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है इसलिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। राजू गुप्ता ने कहा कि ध्रुवा मोड़ से पाखर तक पथ निर्माण कराया जाए और 15वे वित्त आयोग से सभी पंचायत में योजनाओं का कार्य कराया जाए। अबुआ आवास एवं पीएम आवास में बालू पर रोक हटाया जाए। मौके पर हरि महली, बाबू लाल नगेसिया, मनोज उरांव, सनी नगेसिया, आयुष मेहता, आकाश मेहता, विजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## जिले में पर्यटन विकास को लेकर योजनाओं पर हुई चर्चा, डीसी ने दिए आवश्यक निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय में आज सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् शासी निकाय विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। पर्यटन को बढ़ावा देने एवं नए पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाई। उन्होंने जिले के अधिसूचित पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी को उक्त स्थानों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में परिवर्तित करने को लेकर डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। पर्यटन स्थलों के विकास से संबंधित भी समीक्षा कर उक्त स्थानों को विकसित करने हेतु भी डीपीआर तैयार करने का निर्देश जिला खेल



पदाधिकारी को दिया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों अंजन धाम, टांगीनाथ धाम, नवरत्न गढ़, गोबर सिल्ली आदि जैसे स्थानों के भी विकास के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, साथ ही धरातलीय कार्यों को अविलंब प्रारंभ करने की बात कही। साथ ही बैठक में पर्यटक संवर्धन परिशद् को डीटीपीसी अधिनियम 1860 के तहत निबंधन को बढ़ावा दने का निर्णय लिया गया। जिले का प्रवेश बोर्ड पर साईनेज लगाने को कहा गया। सभी पर्यटन स्थलों पर साईन बोर्ड तथा साफाई कराने का निर्देश दिया। जिले के सभी पर्यटन स्थालों को साफ सफाई रखने को निर्देश डीटीपीसी को दिया गया। रीओ के माध्यम से रोड बनवाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा सिरा सीता में सप्ताहिक स्थानिय पुलिस के द्वारा गस्ती करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले में सभी शहीदों का एक ही स्थल पर शहीद स्मारक बनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकरी, अध्यक्षक जिला परिषद्, जिला खेल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला नजारत उप समाहर्ता, प्रशासक नगर परिषद्, संसद एवं विद्यायक प्रतिनिधि सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोग नगर परिषद प्रशासन गुमला से मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर परिषद प्रशासक से मुलाकात कर पार्किंग, नवपर्किंग के संबंध मे चर्चा की। पार्किंग, नव पार्किंग को लेकर गुमला के ब्यापारियों एवम आम नागरिक असमंजन के स्थिति बनी हुई है। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की व्यापारी से जो ग्राहक कोई भी क्रय विक्रय करते है तो ओह अपना टेंपो, पिकप, या पियगो, में अपना क्रय विक्रय का लोड अनलोड दुकान से करते है। गुमला कोई ट्रांसपोर्ट की सुविधा नही है यह एक पिछड़ा जिला ग्रामीण छेत्र से छोटी छोटी गाड़िया चलती है वही ब्यापारियों से रोजमारा का सामान लेकर जाते है। इसलिए जो भी छोटी गाड़िया लोड अनलोड करते है तो उसपर जुमार्ना से मुक्त किया जाय। इसपर प्रशासक ने का



लोड अनलोड जल्द से जल्द करा कर गाड़ी व्यापारी गाड़ी हटा ले उस पर जुर्माना नही लगेगा पर अगर गाड़ी घनों खड़ा रहती है तो जुर्माना लगेगा दूसरा विषय यह है की अपनें और ग्राहक के गाड़ी को पार्किंग में लगाए इस पर श्री कसेरा ने कहा इससे ग्राहक मे कमी आयेगी और विवाद की संभावना है। नगर परिषद प्रशासक ने इस पर कहा की अगले विक अनुमंडल पदाधिकारी के के साथ होगी इस पर अपने बातो को आपलोग रखेगे। एक ज्ञापन चेट्टर रोड को यथा शीघ्र बनवाने की मांग की।

जिला परिषद की बैठक हुई, अधिकारियों को मिला निर्देश

## बीडीओ को मिला हर घर नल जल योजना की जांच करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अगुवाई में मंगलवार को जिला परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में फरवरी माह में हुई जिला परिषद की बैठक दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा निर्धारित मात्रा के कम तौल कर दिये जानेवाले जनवितरण प्रणाली दुकानदार और किस्को प्रखंड में लाभुक का अंगूठा लिये जाने का बावजूद राशन नहीं दिये जाने की समस्या से अवगत कराया। किस्को



प्रखंड के बिरहोर टोली में मिनी आंगनवाड़ी केंद्र की मांग की गई और मर्ज किये गये विद्यालय के कारण बच्चों को हो हरी परेशानी से अवगत कराया। जिला परिषद सदस्यों द्वारा हर घर नल योजना की शिकायत पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को योजना की जांच किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, शिकायत संबंधी योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। सदस्य, सेन्हा द्वारा चंदवा में महादेव मंदिर के पास बने रेलिंग में क्षति पहुंचने की समस्या से अवगत कराया गया। विधायक प्रतिनिधि द्वारा प्रखंडों में अवस्थित पुस्तकालय में लाईब्रेरियन की आवश्यकता से अवगत कराया गया। इस बिंदु पर डीडीसी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखंड के एक कर्मी को इसके लिए प्रतिनियुक्त कर उसका नाम व मोबाईल नंबर सूचना पट्ट पर अंकित करने का निदेश दिया गया। प्रखंड प्रमुख कुडू और कैरो द्वारा अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों को लाभ दिये जाने की अपील की गई जिसमें उप विकास आयुक्त द्वारा अबुआ आवास योजना में पूरी पारदर्शिता बरते जाने और इस योजना में योग्य लोगों को ही प्राथमिकता दिये जाने की जानकारी दी गई। प्रमुख, कैरो द्वारा बैंक ऑफ इंडिया में लाभुकों का केवाईसी नहीं किये जाने की जानकारी दी।

### अश्लील वीडियो मामले को लेकर युवती ने एसपी को सौंपा आवेदन

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 29 वर्षीय युवती ने गुमला एसपी का आवेदन सौंप कर चाकू का भय दिखा कर बलात्कार करने बलात्कार का फोटो वीडियो बनाकर इंटरनेट में वायरल करने की धमकी तथा वर्तमान में साढे आठ माह की गर्भवती करने के मामले में कार्रवाई को लेकर एसपी को आवेदन सौंपा है। एसपी को सोफे आवेदन में युति ने बताया मेरी मां लकवा ग्रस्त है एवं चलने पीने में असमर्थ है मेरे पिता की मृत्यु हो चुकी है तथा मेरे भाई का दिमाग हालात सही नहीं है जून 2021 को मैं अपने घर के बगल के जंगल में बकरी चराने गई थी। इस बीच एक आदमी चाकू दिखाते हुए पेड़ के पीछे से मेरे सामने आ गया तथा चाकू की नोक पर मेरे मुंह में अपना रुमाल ठूंस कर मुझे नंगा कर मेरे साथ जबरन बलात्कार किया।

## एक नजर

### दो टेंपो की भिड़ंत में 15 घायल, एक महिला सदर अस्पताल रेफर

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधीनगर के समीप दो टेंपो में सीधी भिड़ंत हो गई। इसके बाद एक टेंपो पलट गया। टेंपो पलटने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए जबकि सामने के टेंपो में सवार 10 लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य सभी घायलों का पालकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। सभी घायलों को हल्की चोट लगी है।

### 7 वर्षीय बच्ची के गले में अटका 10 का सिक्का, रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के धोधरा टंगरा टोली निवासी सोमे उरांव की 7 वर्षीय बेटी अरुणा कुमारी के गले में ₹10 का सिक्का अटक गया। जिससे बच्ची को सांस लेने में परेशानी होने लगी और वह बेसुध हो गई। इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए। जहां से डॉक्टर ने बच्ची को रिम्स रांची रेफर कर दिया। जानकारी का मुताबिक बच्ची को घर में ₹10 का सिक्का मिला था। वह खेलते खेलते उसे मुंह में डाल ली। इसके बाद सिक्का उसके गले में जाकर अटक गया।

### होटवार में देवी स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 12 जुलाई को

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के बढकी चापी पंचायत अंतर्गत ग्राम होटवार स्थित नव निर्मित देवी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुक्रवार 12 जुलाई से प्रारंभ होगा। उक्त आशय की जानकारी क्षेत्र के समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के तहत 12 जुलाई शुक्रवार को प्रातः सात बजे सैकड़ों महिलाओं द्वारा नदी से कलश यात्रा निकाली जाएगी। महिला श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर मंदिर परिसर पहुंचेंगी। जहां वैदिक मंत्रोंचारण के साथ वेदी पूजन, 13 जुलाई शनिवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास एवं 14 जुलाई रविवार को जीवन्यास, आदि प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति के समापन के बाद भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। उदय गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप प्रदान किया जा चुका है।

### घाघरा : दो बाइक की टक्कर, एक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जरगा टोली के समीप दो बाइक की सीधी टक्कर में बसुआ निवासी समसुल अंसारी घायल हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। उसके सिर और पैर में काफी चोट लगी है।घटना सोमवार की शाम करीब 6:00 बजे की है। वही सामने वाले बाइक चालक को भी चोट लगी उसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में इलाज चल रहा है।

### छात्रा ने अपने दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना क्षेत्र की इंटर की 22 वर्षीय छात्रा लिलमुनी कुमारी ने अपने घर पर और अपने दुपट्टा से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, इसकी सूचना मिलते ही सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें एसआई कुमार राजवेंद्र ने अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन और पुछताछ शुरू करते हुए , उक्त छात्रा के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु उक्त शव को गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### नए मंत्रिमंडल में शामिल 3 मंत्रियों से मिले कुडू उप प्रमुख, दी मुबारकबाद

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने हेमन्त सरकार के नए मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, डॉ इरफान अंसारी और दीपिका सिंह पांडे से मिलकर उन्हें बधाई दी है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया और बचे हुए कार्यकाल में तेजी से निपटारा कराए जाने की मांग रखी। सभी मंत्रियों ने उप प्रमुख को भरोसा दिलाया कि बचे हुए कार्यकाल में लोहरदगा समेत पूरे प्रदेश में ट्वेंटी-ट्वेंटी के तर्ज पर सर्वांगीण विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा। मुलाकात कर कुडू लौटने पर एनुल अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने समस्त प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखने के उद्देश्य से तीसरी बार डॉ रामेश्वर उरांव एवं तेज तर्रार कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी और दीपिका सिंह पांडेय को बार मंत्री बनाकर यह स्पष्ट संदेश देने का काम किया है कि बचे हुए कार्यकाल में प्रदेश को विकास के मामले में शिखर तक पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जाएगा। और खासकर मन्त्रिण्डल के नए चेहरे प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखेंगे।



### दुर्गाबाड़ी में धूमधाम से हुई मां विपत्ततारणी की पूजा



**लोहरदगा।** श्री श्री दुर्गा बाड़ी लोहरदगा में मां विपत्तारिणी की पूजा का आयोजन किया गया। पूजा में माँ को भोग के रूप में 13 प्रकार के फल, मिष्टान्न, पुड़ी, सूजी, लाल धागा में 13 गांठ बांध कर 13 दुबला घांस बांध कर मां को निवेदन किया गया। पूजा मंदिर के पुरोहित जादव राय के नेतृत्व में कृष्ण देव मिश्रा, गौत्तम देवघरिया के द्वारा किया गया। मंदिर कमिटी के विजय गोपाल दत्ता, देवाशीष कार, सपन दत्ता, बासुदेव दत्ता, राठीन्द्र नाथ राय, तपास राय, तन्मय दत्ता, दीनबंधु डे, सोमनाथ दत्ता, अरुण दास, समित डे, किशोर चौधरी, शौर्यदीप दत्ता आदि उपस्थित रहे। ऐसी मान्यता है की विपत्तितारणी मां की पूजा से सारे दुःख हर लेती है और खुशियां प्राप्त होने लगती है।

### छात्र संगठन अभाविप ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**लोहरदगा।** छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को 76 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर लोहरदगा जिले में एक धेय्य यात्रा निकाली गई, जिसमें विद्यार्थी परिषद से जुड़े कई छात्र-छात्रों ने भाग लिया। मौके पर जिला प्रमुख मनोज्ञा पांडेय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्ष भर सक्रिय रहने वाला देशव्यापी संगठन है। यह हमेशा विद्यार्थियों की हितों की रक्षा के लिए आंदोलन करता है। विद्यार्थियों को उनका हक व अधिकार दिलाने के लिए हमेशा संघर्ष करते आई है। जिला संयोजक आदित्य साहू ने कहा अभाविप दलगत राजनीति से ऊपर उठकर छात्र हित के लिए समर्पित है। नगर उपाध्यक्ष प्रदीप महतो ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। ज्ञान शील एकता परिषद की विशेषता के सिद्धांत पर कार्य करती है। विश्व के सबसे बडे प्रगतिशील एवं अनुशासित रहने वाला छात्र संगठन है। मौके पर जय साहू, दिव्या कुमारी, विवेक मिश्रा, सूरज वर्मा, जान्हवी गोयल,छवि सिंह,अनिल कुमार ठाकुर, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश यादव की अध्यक्षता में सिसई प्रखंड के शैक्षणिक गतिविधियों की आज अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा की गई। प्रखंड के सभी बिआरपी सीआरपी के साथ आहूत इस समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुप्रिया कुमारी तथा दिलदार सिंह के द्वारा प्रखंड की शैक्षणिक आंकड़ों पर प्रस्तुति दी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बच्चों के आधार बनाने, कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण तथा सावित्री बाई फुले योजना के फॉर्म भरवाने के निर्देश दिए। उनके द्वारा बच्चों के हाइट, वेट, सिकल सेल एनीमिया की जांच और ईकल्याण अंतर्गत छात्रवृति हेतु पंजीकरण का निर्देश दिया गया। प्रोजेक्ट इंपेक्ट संबंधी उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बीपीओ सुप्रिया कुमारी ने सभी को विद्यालयों में ईको क्लब गठन तथा प्लांटेशन करते हुए ऑनलाइन लिंक भरने तथा सभी शिक्षकों का प्रतिदिन बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाने की समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत असाक्षरों के चिन्हितीकरण का निर्देश दिया गया। अंत में निर्णय लिया गया कि बीआरसी द्वारा प्रत्येक माह की 10वीं तारीख तक अनिवार्य रूप से शिक्षा विभाग की समीक्षा कराई जाएगी।



### अवैध बालू लदे हाइवा ट्रक को परिवहन के दौरान पुलिस किया जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में जय माता दी होटल के समीप से अवैध बालू लोडेड हाइवा जेएच 02 एएस 1552 को परिवहन करते हुए जब्त किया गया है। सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देशानुसार थाना के सीमावर्ती क्षेत्र कंडरा में एनएच 143 ए पथ पर बालू लोड कर हाइवा ट्रक को परिवहन करते हुए रात्रि लगभग 11 बजे पकड़ा गया है। जब्त अवैध बालू लोड हाइवा को थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए खनन अधिनियम के तहत कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया है। बताया गया कि अवैध बालू लोड कर घाघरा की ओर से लोहरदगा की ओर जाने की गुप्त सूचना लोहरदगा एसपी को प्राप्त हुआ था। जिसके बाद सेन्हा थाना प्रभारी को आदेश देते हुए कारवाई करने का निर्देश दिया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कारवाई करते हुए सेन्हा पुलिस ने हाइवा ट्रक को पुलिस जवानों के सहयोग से पकड़ लिया गया।



# पेड़ से टकराई कार, दो की मौत, दो घायल



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के मुफ्फसिल थाना इलाके के द्वारपहरी में सोमवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद दुल्हन लानी जा रही कार अनियंत्रित होकर पेड़ जा जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए । वहीं कार में सवार दो व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद ले जाया गया।

**मातम में बदली शादी की खुशियां**

मिली जानकारी के अनुसार घनश्याम मंडल के छोटे बेटे की शादी थी। वहीं सोमवार की रात दूल्हे का बहनोई जितेंद्र साव, अनिल मंडल, घनश्याम मंडल और जागो मंडल कार में सवार होकर दुल्हन को लाने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से पहले एक अज्ञात वाहन कार में टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित हो गया और पेड़ से जा टकराई। घटना में बहनोई जितेंद्र साव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूल्हे के पिता घनश्याम मंडल की मौत इलाज के दौरान हो गई।
मामले की सूचना पर मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सदर अस्पताल भिजवाया। जहां सभी को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया।

## ऑटो और कार में हुई भीषण टक्कर, एक महिला की मौत, कई घायल



**गिरिडीह।** जिले में मंगलवार का दिन अमंगल रहा जिले भर में हुए चार सड़क हादसों ने जिले वासियों को दहला के रख दिया। बेंगाबाद थाना इलाके के घुटिया में मंगलवार को ऑटो और नेक्सा गाड़ी के बीच हुए जबरदस्त टक्कर में एक महिला की मौत हो गई। मृतका 40 वर्षीय आशा देवी धनबाद की रहने वाली थी। घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोग जुटे। इस दौरान पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच में जुटी और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। जबकि नेक्सा गाड़ी में बैठे अन्य लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां से शव का पोस्टमार्टम होने के बाद सभी धनबाद चले गए। जानकारी के अनुसार नेक्सा गाड़ी में चालक समेत दो और लोग सवार थे।

## बाइक में आमने - सामने की भीषण टक्कर, एक की मौत



**गिरिडीह।** जमुआ - खोरीमहुआ मुख्य मार्ग के कोदम्बरी चौक पर दो बाइक में आमने- सामने की जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक चालक मौके से बाइक लेकर भाग निकला। इस दौरान मृतक की पहचान हिरोडीह थाना इलाके के बेरिया निवासी अशोक यादव के रूप में की गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना की जानकारी पर परिजनों में दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आए बाइक सवार, गंभीर हाल में धनबाद रेफर



**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र स्थित कुलगो टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 2 बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को आनन फानन में डुमरी रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की गंभीर स्थिती को देखते हुए धनबाद रेफर कर दिया गया। घायल बाइक सवार बगोदर थाना इलाके के अटका के रहने वाले राजदेव कुमार और आकाश कुमार है। घटना को लेकर प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों बाइक पर सवार होकर अटका से इसरी बाजार की ओर आ रहे थे। इसी दौरान टोल प्लाजा के समीप अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला।


## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत सिविल जज, जुनियर डिविजन-1, पलामू, डालटनगंज।
**ओ0एस0 नं0 72/2015**
गोपीनाथ सिंह................मुदई
**बनाम**
दिनेश सिंह वगैरह.........मुदालय
**नोटिस बनाम :-**
1. नन्दु सिंह, 2. रंजीत सिंह, पिता स्व. रामलगन सिंह, 3. रविन्द्र सिंह, 4. उपेन्द्र सिंह, 5. प्रवीण सिंह, 6. नवीन सिंह, माता स्व. जसमति देवी। निवासी ग्राम-कमता, पो. विश्रामपुर, थाना-मेराल, जिला-गढ़वा। 7. आसपति देवी, पत्नी सच्चिदा सिंह, 8. लखपति देवी, पत्नी विन्देश्वरी सिंह, निवासी ग्राम-चुड़ी, पो. नटवार, थाना मझौली, जिला रोहतास। 9. शीला देवी, पत्नी बृजबिहारी सिंह, 10. जलील देवी, पत्नी धनन्जय सिंह, ग्राम- कमता, पो.-विश्रामपुर, थाना-मेराल, जिला-गढ़वा।
चू वजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में वादी के द्वारा उपरोक्त मुकदमा संख्या-ओ0एस0-72/15 आपलोगों को नोटिस के द्वारा सूचित किया गया, लेकिन आपलोग उपस्थित नहीं हुए। पुनः कोर्ट नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा दिनांक 29/07/2024 दिन 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित हो अपना पक्ष रखे अन्यथा मुकदमा आपके विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी। न्यायालय के शील एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।
**सिविल जज, जुनियर डिविजन**
**पलामू, डालटनगंज।**

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER DRINKING WATER AND SANITATION DIVISION, RANCHI EAST, RANCHI

**E-Request For Proposal Notice**
**1st Call**
e-Tender Notice No.– LAB/DWSD/06/2024-25 Dated – 08/07/2024

| Sl. | कार्य का नाम | Name of Work : REQUEST PROPOSALFOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS in 16 nos. Of District/Sub Divisional water testing laboratories of Jharkhand (Of water testing laboratories of Jharkhand (District Lab Ranchi, Hazaribagh /Chatra/ Ramgarh/ Koderma/ Latehar/ Garhwa/ Medininagar/ Lohardagga/ Simdega/ Gumla/ Sub Divisional Lab-Panki (Medininagar), Sub Divisional Lab-Nagar Utaari (Garhwa), Sub Divisional Lab-Patratu (Ramgarh), Sub Divisional Lab-Ormanjhi (Ranchi East), Sub Divisional Lab- Barwaadih (Latehar) |
|---|---|---|
| 2. | परिमाण विपत्र मुल्य एवं अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मुल्य (10,000) एवं अग्रधन की राशि (2,15,000) |
| 3 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 15.07.2024 at 1:00PM से। |
| 4 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 18.07.2024 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00 PM |
| 5 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 24.07.2024 at 5:00PM |
| 6 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.07.2024 at 2:00PM |
| 7 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division- Ranchi East, Ranchi - 834002 |
| 8 | ई–मेल | eedwsd.ranchieast@gmail.com |
| 9 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या | 9431687981 |

**NB:- For Details**
1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

PR 329062 Drinking Water and Sanitation(24-25).D
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची


## उत्पाद विभाग ने शराब अड्डा किया ध्वस्त

**अदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर मंगलवार को उत्पाद विभाग ने छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान आरआईटी थाना क्षेत्र के भुआ और पर्वतीपुर के जंगलों में छापामारी कर बड़े पैमाने पर अवैध सामग्री जब्त की गई है। बताया जा रहा है कि उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा सरायकेला-खरसावां के निर्देश पर आरआईटी थाना क्षेत्र के भुआ जंगल और पार्वतीपुर जंगल में नदी किनारे संचालित दो शराब अड्डा पर छापामारी की गई। छापामारी के दौरान 1000 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया है। अड्डा संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर शराब माफिया दखिन बेसरा और डोमा मांझी के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है। उत्पाद निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि आदित्यपुर और गम्हरिया थाना क्षेत्र में भी छापेमारी की गई है।

# बैंकों के नकारात्मक रवैया के वजह से पीएम आवास योजना में हो रही देरी

**बैंक प्रतिनिधियों ने कहा हमें चाहिए ऋण के एवज में गारंटी**

**बैंक ऋण नहीं मिलने से लाभुक नहीं दे पा रहे अंशदान**

**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**

बैंकों के नकारात्मक रवैया की वजह से पीएम आवास योजना मंथर गति से चल रही है। लाभुकों को ऋण देने से पूर्व बैंक गारंटी चाहती है जो कि उसे नहीं मिल रही है। इस विषय पर चर्चा करने के लिए आदित्यपुर नगर निगम के प्रशासक ने घंटों बैंक प्रतिनिधियों संग बैठक की है। इस योजना के तहत जो आवास बन रहे हैं उसमें लाभुकों की राशि महत्वपूर्ण है। लेकिन लाभुकों के नाम आवास आवंटित तो हो गई है लेकिन वे अंशदान जमा नहीं कर पा रहे हैं जिसके वजह से योजना के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बैंक चाहता है कि जिस आवास पर वो लाभुक को ऋण दें वह आवास लाभुक के नाम ट्रांसफर हो लेकिन इस योजना में ऐसा नहीं हो पा रहा है। लिहाजा बैंक को अपने ऋण के एवज में गारंटी नहीं मिल पा रही है और वो ऋण नहीं दे रही है। ऐसे में पैसे के अभाव में आवास बनाने वाली कंपनी भी आवास का निर्माण द्रुत गति से नहीं कर पा रही है।



आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में काशीडीह में 780 आवास आवंटित हैं लेकिन निर्माण कंपनी पैसे के अभाव में 120 आवास ही बना रहा है, क्योंकि इतने ही लाभुकों ने अंशदान जमा किया है। प्रशासक रवि प्रकाश ने बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ऋण देने में आ रही बाधा को दूर करने का प्रयास किया है और बैंकों को इस योजना को पूरा करने में सहयोग मांगा है। उन्होंने लाभुकों को सुगमता से गृह ऋण उपलब्ध हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ मंत्रणा की है।

# कुकडू में निमाणाधीन गोदाम की होगी जांच, मंत्री ने डीसी को दिया निर्देश



**ईचागढ़।** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकडू प्रखंड कार्यालय परिसर में निमाणाधीन एफसीआई गोदाम निर्माण कार्य का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने की शिकायत ग्रामीणों से मिलने के बाद जांच करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने शिकायतों को सही पाया। गोदाम निर्माण कार्य में उपयोग में लाए जा रहे सामग्रियों को देखकर वे जमकर बिफरे। मौके पर जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साव उर्फ माझी साव ने गोदाम निर्माण कार्य में उपयोग में लाए जाने वाले काला ईंटा को दिखाया। ईंटा को आपस में टकराने पर दो टुकड़ा हो जा रहा था। निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता को ढंकने के लिए ठेकेदार ने दीवार खड़ी करने के बाद उस पर प्लास्टर कर दिया है, जबकि गोदाम के ऊपरी हिस्से का काम बाकि है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०-02,गढ़वा

**CORRIGENDUM (शुद्धिपत्र)**
ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/02/2024-25
PR No-328462 Rural Development(2024-25):D

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–RDD/SD/GARHWA/02/2024-25, PR No-328462 Rural Development(2024-25):D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश कंडिका क्रमांक–03 एवं 05 में आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व NIT के निविदा आमंत्रित की जाती है, शेष कंडिकाएँ यथावत् बनी रहेंगी।
- ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–12.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक–18.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
- निविदा खोलने की तिथि एवं समय–15.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–20.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे तक पढ़ा जाय।

PR 329006 Rural Development(24-25).D
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा



## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2024-25**
AMRUT 2.0

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेण्टी –फिकेशन न. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Development of Raja Pahari Mandir Parisar, Purnanagar | 4 | 6191036.00 | 123800.00 | 10000.00 | 06 Months | NPSBN/NIT-04/2024-25 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा अपलोड की तिथि | 08.07.2024 अप0 03:00 बजे से। |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड प्रारंभ की तिथि एवं समय | 08.07.2024 अप0 02:00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 26.07.2024 अप0 02:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा ऑनलाईन खोलने की तिथि एवं समय | 27.07.2024 अप0 03:00 बजे। |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 6 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 | 9771198870 |

Note :– Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Govt. of Jharkhand (Letter 120, Dated 03-10-2023)
जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 329008 Urban Development(24-25)#D
प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर


## भाजपा की अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा 16 को

**बहरागोड़ा।** नेताजी शिशु उद्यान परिसर में मंगलवार को भाजपा की बहरागोड़ा विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्युत वरन महतो को तीसरी बार सांसद बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने वाले बूथ कार्यकताओं को पार्टी की ओर से 16 जुलाई को अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा के माध्यम से सम्मानित किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष चंडी चरण साहू ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ। दिनेशानंद गोस्वामी शामिल हुए। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी में जुट जाने को कहा। इस मौके पर जमुना टुडू, सरोज महापत्र, बाप्तु साव, साधन मल्लिक, सुमन कल्याण मंडल ,रंजीत बाला, श्रीबतस घोस, महादेब बैठा, गौरव पुष्टि, योत्स्नामाई बेरा, शतादल महतो, बाघराई मांडी, राजकुमार कर, असीस महापत्र, भक्तिश्री पंडा, उत्पल पैरा, कमल कान्त सिंह, रामहरि कांड, शम्भू मल्लिक,संजय प्रहराज, कमल आचार्य आदि उपस्थित थे।

## भाजपा कार्य समिति की बैठक में छाया रहा आवास बोर्ड के सर्वे का मुद्दा

**आदित्यपुर।** मंगलवार को आदित्यपुर के होटल गुडविल में भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव की अध्यक्षता में हुई। इसमें आवास बोर्ड के सर्वे के मुद्दे पर भाजपाइयों ने मंत्रणा की। वहीं 14 जुलाई को फुटबॉल मैदान में आयोजित सम्मान समारोह पर भी चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आदित्यपुर डब्ल्यू टाइप के निवासियों के साथ-साथ आदित्यपुर के सभी आवासीय फ्लैट में निवास करने वाले परिवारों के साथ जिला भाजपा पूरी मजबूती से खड़ी रहेगी। जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री खुद ही आग लगाकर बुझाने का ड्रामा कर रहे हैं।

## ड्राइवर महासंध के अध्यक्ष ने अंसारी को आर्थिक सहयोग दिया

**गिरिडीह।** झारखंड ड्राइवर महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष चतुर राणा ने देवरी प्रखंड क्षेत्र के कोलडीहा निवासी ड्राइवर गुलाम अंसारी को मंगलवार को घर पहुंच कर 15 हजार नकद राशि देकर आर्थिक सहयोग दिया। साथ ही घायल साथी को आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में संघ की ओर से मदद देने का आश्वासन भी दिया। बताया गया कि घायल चालक गुलाम अंसारी उड़ीसा में रहकर ट्रक चलाकर अपना परिवार का भरण पोषण करते थे। बीते 19 जून को हुए एक दुर्घटना उनका एक पैर टूट गया था। संघ के लोगों ने बताया कि 5 माह पूर्व जमडीहा में भी एक साथी की दुर्घटना में मौत हो गई थी जिनके परिवार को भी संघ के द्वारा 26 हजार नकद राशि देकर आर्थिक सहयोग किया गया था।


## झारखंड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–निविदा आमंत्रण संख्या:–02/2024-25/ RWD/W/EE/GUMLA दिनांक– 20.06.2024 जो PR No 327178 Rural Works Department (24-25):D दिनांक–23.06.2024 द्वारा प्रकाशित हुआ था, के SBD के पृष्ठ संख्या 17–18 के कंडिका संख्या– 5.2(e) Bid Capacity = (AxNx2-B) के स्थान पर (AxNx2.5-B) पढ़ा जाय।
साथ ही साथ निविदा की कंडिका (3) एवं (4) में निम्न प्रकार से संशोधन की जाती है :–
(3) ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 09.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे के जगह पर 13.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे पढ़ा जाय।
(4) निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 11.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे के जगह पर 15.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे पढ़ा जाय।
बाकी सभी नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल गुमला

PR 329048 Rural Work Department (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**3rd Call**
e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-13/2024-25 Dated :- 09/07/2024
1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100, eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 15/07/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22/07/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23/07/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | परसन नाला (बंदरचुआँ नाला) कोठिलवा छेछानी पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 55,91,962.08 | 1,11,900.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
PR 329096 Minor Irrigation(24-25)D


नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने की समीक्षात्मक बैठक

# योजनाओं को समय पर पूरा करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सूबे में मंत्रीमंडल का गठन हो चुका है। वहीं मंत्रीमंडल के गठन होने के साथ ही सभी अपने अपने विभाग का कार्यभार लेते हुए कामकाज में जुट गए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन हेलीकॉप्टर के जरिए गिरिडीह पहुंची। इस दौरान बोड़ो हवाई अड्डे पर पार्टी के नेताओं ने सभी का जोरदार ढंग से स्वागत किया। इसके बाद इनका काफिला नया परिसदन पहुंचा। जहां उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बुके देकर सभी का स्वागत किया। इसके बाद मंत्री हफीजुल हसन की अध्यक्षता में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई।



बैठक में राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत वाई विस्पुते, उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको, खोरीमहुआ अनुमंडल पदाधिकारी , जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर निगम के अधिकारी समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मंत्री ने नगर विकास व आवास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली साथ ही उक्त योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री और विधायकों ने उपायुक्त से बारी-बारी से सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम के उप नगर आयुक्त को निगम क्षेत्र अंतर्गत नियमित साफ-सफाई तथा ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ नगर विकास व आवास विभाग के तहत संचालित योजनाओं का लाभ ससमय लाभुकों मिलें इसे सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने पीएम आवास योजना, अंबेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना समेत अन्य विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को कई जरूरी दिशा- निर्देश दिए।


## झारखंड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–निविदा आमंत्रण संख्या:–01/2024-25/ RWD/W/EE/GUMLA दिनांक–20.06.2024 जो PR No 327174 Rural Works Department (24-25):D दिनांक–23.06.2024 द्वारा प्रकाशित हुआ था, के SBD के पृष्ठ संख्या 17–18 के कंडिका संख्या–5.2(e) Bid Capacity = (AxNx2-B) के स्थान पर (AxNx2.5-B) पढ़ा जाय।
साथ ही साथ निविदा की कंडिका (3) एवं (4) में निम्न प्रकार से संशोधन की जाती है :–
(3) ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 09.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे के जगह पर 13.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे पढ़ा जाय।
(4) निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 11.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे के जगह पर 15.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे पढ़ा जाय।
बाकी सभी नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल गुमला।

PR 329046 Rural Work Department(24-25)D



## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय राज्यादेश संख्या–05 रा0 (वि0) दिनांक 13.06.2024 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में "मत्स्य प्रसार–प्रचार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना" अन्तर्गत निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणी के अनुरुप कार्यक्रम का क्रियान्वयन हेतु भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है।

| क्र0 | कार्यक्रम | लघु शीर्ष | इकाई | भौतिक लक्ष्य | अनुमान्य इकाई लागत | अनुदान | चयन हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | निजी क्षेत्र के तालाबों में महाझींगा पालन | 101 | एकड में | 3.00 | मो0 160000/– मात्र प्रति एकड़ | अ0ज0जा0/अ0जा0/महिला कोटि के लिए 80% (मो0 128000/–मात्र अधिकतम) एवं अन्य कोटि के लिए 70% (112000/–अधिकतम) | आवेदक सक्रिय मत्स्य पालक हो जिनके पास मछली पालन हेतु कम से कम 1.00 एकड़ जलक्षेत्र का तालाब हो। प्रशिक्षण एवं पूर्व से झींगा पालन करने वाले मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 2 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 101 | संख्या में | 20 | मो0 2420/– | केज मत्स्य पालकों के लिए 75 प्रतिशत (अधिकतम 1815 रु0) अनुदान होगा। शेष लाभुक अंशदान होगा। | केज मत्स्य पालकों को इस योजना का लाभ दिया जाना है। अतः इस योजना हेतु सिर्फ केज मत्स्य पालकों के आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। |
| 3 | पुरस्कार/सम्मान | 101 | संख्या में | 02 | मो0 30,000/– | प्रति लाभुक को 30000 रु0 राशि देय होगा। | आवेदक मत्स्य पालन/मत्स्य बीज उत्पादक/हैचरी संचालन आदि का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र संलग्न अवश्य करें। |

एतद् द्वारा उक्त दिये गये विवरणी के आलोक में अहर्ता पूर्ण करने वालों के लिए दिनांक **26.07.2024 अप0 5:00** बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 329065 Fish(24-25)#D

# भारतीयता से भरा हो बजट

*कभी* एक समय था जब भारत में किसी वस्तु का क्रय विक्रय मुद्रा में न होकर वस्तु में ही होता था। यह व्यवस्था बहुत दिनों तक अनेक गांवों में चलती रहीं पर धीरे-धीरे विदेशी आक्रमणकारियों के साथ उनकी मुद्राएँ यहाँ प्रचालन में आईं और उसके साथ अनेक रीति रिवाज भी जिससे भारत की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई। प्राचीन काल में भारत के बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके चलते मुद्रा स्फीति जैसी समस्याएं उत्पन्न ही नहीं होती थी। ग्रामीण इलाकों में कई ग्रामों को मिलाकर हाट लगाए जाते थे जहां खाद्य सामग्री एवं अन्य पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता रहती थी, कभी किसी उत्पाद की कमी नहीं रहती थी जिससे वस्तुओं के दाम भी नहीं बढ़ते थे। बल्कि, कई बार तो वस्तुओं की बाजार कीमत कम होती दिखाई देती थी क्योंकि इन वस्तुओं की बाजार में आपूर्ति, मांग की तुलना में अधिक रहती थी। वित्तमंत्री को भी देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए बाजारों में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देना चाहिए न कि ब्याज दरों को बढ़ाकर बाजार में वस्तुओं की मांग को कम किए जाने का प्रयास किया जाए। विकसित देशों द्वारा अपनाई गई आधुनिक अर्थशास्त्र की यह नीति पूर्णत असफल होती दिखाई दे रही है और इतने लंबे समय तक ब्याज दरों को ऊपरी स्तर पर रखने के बावजूद मुद्रा स्फीति की दर वांछनीय स्तर पर नहीं आ पा रही है। भारत को इस संदर्भ में पूरे विश्व को राह दिखानी चाहिए एवं आधुनिक अर्थशास्त्र के मांग एवं आपूर्ति के सिद्धांत को बाजार में वस्तुओं की मांग कम करने के स्थान पर वस्तुओं की आपूर्ति को बढ़ाने के प्रयास होने चाहिए अर्थात आपूर्ति पक्ष पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इससे मुद्रा स्फीति तो कम होगी ही परंतु साथ ही अर्थव्यवस्था में विकास की दर भी और तेज होगी क्योंकि वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ते रहने से विनिर्माण इकाईयों में गतिविधियां बढ़ेंगी, रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे। परंतु यदि वस्तुओं की मांग में कमी करते हुए मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के प्रयास होंगे तो उत्पादों की मांग में कमी होने के चलते उत्पादों का निर्माण कम होने लगेगा, विनिर्माण इकाईयों में गतिविधियां कम होंगी एवं देश में बेरोजगारी की समस्या बढ़ेगी। मांग में कमी करने के प्रयास सम्बंधी सोच ही अमानवीय है। प्राचीन भारत में ग्रामीण इलाकों में कृषि क्षेत्र के साथ ही कुटीर एवं लघु उद्योगों पर विशेष ध्यान दिया जाता था। कई ग्रामों को मिलाकर हाट लगाए जाते थे, इन कृषि उत्पादों के साथ ही इन कुटीर एवं लघु उद्योगों में निर्मित उत्पाद भी बेचे जाते थे। अतः ग्रामीण इलाकों से शहरों की पलायन नहीं होता था तथा नागरिकों को रोजगार के अवसर ग्रामीण इलाकों में ही उपलब्ध हो जाते थे। आज की परिस्थितियों के बीच कृषि क्षेत्र तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण इलाकों में ही रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित हो सकें। जनता पर करों के बोझ को कम करने के सम्बंध में भी विचार होना चाहिए। भारत के प्राचीन शास्त्रों में कर सम्बंधी नीति का वर्णन मिलता है जिसमें यह बताया गया है कि राज्य को जनता पर करों का बोझ उतना ही डालना चाहिए जितना एक मधुमक्खी फूल से शहद निकालती है। अर्थात, जनता को करों का बोझ महसूस नहीं होना चाहिए। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 वर्ष के लिए प्रस्तुत किए जाने बजट में भी आवश्यक वस्तुओं पर लागू करों की दरों को कम करने के प्रयास होने चाहिए। साथ ही, मध्यमवर्गीय परिवारों को भी करों में छूट देकर कुछ राहत प्रदान की जानी चाहिए ताकि उनकी उत्पादों को खरीदने के क्षमता बढ़े। इससे अंततः अर्थव्यवस्था को ही लाभ होता है। मध्यमवर्गीय परिवारों की खरीद की क्षमता बढ़ने से विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़ती है और अर्थव्यवस्था का चक्र और अधिक तेजी से घूमने लगता है। यदि किसी देश में अधिक से अधिक आर्थिक व्यवहार औपचारिक अर्थव्यवस्था के अंतर्गत किए जाते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र भी तेज गति से घूम रहा है तो ऐसी स्थिति में करों के संग्रहण में भी वृद्धि दर्ज होती है। अतः कई बार करों की दरों में कमी किए जाने के बावजूद कर संग्रहण अधिक राशि का होने लगता है। वित्त मंत्री के पास वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले बजट के रूप में एक अच्छा मौका है कि भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुरूप आर्थिक नीतियों को लागू कर पूरे विश्व को पूर्व में अति सफल रहे भारतीय आर्थिक दर्शन के सम्बंध में संदेश दिया जा सकता है।

इन दिनों

# जेल: एक अनकही यूनिवर्सिटी में बुलंद होते नामी क्रिमिनल्स के हौसले




अतुल मलिकराम

*जेल* एक अनोखी यूनिवर्सिटी है। जेल एक कैदी को इतना सिखा देती है कि हम और आप उस बारे में सोच भी नहीं सकते। अगर यूँ कहा जाए कि जेल, जिंदगी की भूख बढ़ा देती है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं होगा। आप हर एक चीज के लिए भूखे होते हैं। आईपीएस दिनेश एमएन, जिन्होंने सात साल जेल में बिताए, अपने अनुभव को साझा करते हुए बताते हैं कि एक अपराधी जो भी काम करता है, वह गैर-कानूनी है और मानवता के लिए गलत है। यह संविधान के हिसाब से भी गलत है और समाज उन्हें स्वीकार नहीं करता है। उनके मोहल्ले वाले भी उन्हें नहीं स्वीकारते हैं और कई बार घर वाले भी मुँह फेर लेते हैं। भले आपका गुनाह कैसा भी हो, किसी भी प्रकार से सामाजिक दृष्टि से उसकी कोई सफाई या माफी नहीं होती है। लेकिन इसके बावजूद, एक नामी रसूखदार कैदी खुद में इतना मजबूत कैसे महसूस करता है? आखिर उसकी ताकत क्या होती है? ऐसा क्या होता है, जो उसे विपरीत परिस्थितियों में भी खड़ा रखता है? इसके जवाब में उन्हें एहसास होता है कि इन सब के पीछे एक कैदी का सबसे बड़ा आत्मविश्वास यह होता है कि भले उसने 50 मर्डर कर दिए हों, लेकिन उसे सजा नहीं होगी। अब सवाल यह है कि यदि पहले मर्डर में ही उसे फाँसी या आजीवन कारावास हो जाए, तो फिर वह आगे मर्डर करेगा ही क्यों और करेगा भी तो कैसे करेगा? ऐसा खासकर उन बड़े और नामी क्रिमिनल्स के साथ होता है। उनके पास इतना पैसा आता है कि वे यह सोचते हैं कि पुलिस से लेकर कोर्ट तक वह सब को मैनेज कर सकते हैं। इनके जो गैंग मेंबर्स होते हैं, वे इनके इशारे पर किसी को भी गोली मार सकते हैं। उन्हें अपने गैंग मेंबर्स पर पूरा विश्वास होता है। उनका टैरर, खौफ या डर जो उन्होंने समाज में पैदा किया है। यह एक प्रकार से उनका इन्वेस्टमेंट होता है। एक मर्डरर के लिए उसका खौफ ही सब कुछ है, जो उसे कायम रखना पड़ता है। एक सबसे महत्वपूर्ण और जरुरी फैक्ट, उन्हें कोई न कोई राजनीतिक सपोर्ट जरूर मिलता है, जिस सपोर्ट के सहारे हर क्रिमिनल सीना चौड़ा कर खड़ा रहता है। हालाँकि, एक अनकही यूनिवर्सिटी के रूप में देखें, तो जेल के अंदर बिताए गए समय के दौरान, एक अपराधी कई चीजें सीखता है। वह जानता है कि समाज उसे कैसे देखता है और कैसे उससे निपटना है। जेल में बिताए गए साल, उसे बाहरी दुनिया के लिए तैयार करते हैं, जिससे वह और भी खतरनाक बन जाता है। उसे यह समझ में आता है कि वह कैसे अपने डर और खौफ का उपयोग करके अपनी सत्ता कायम रख सकता है और कैसे राजनीतिक समर्थन उसकी ताकत को और भी मजबूत बना सकता है। जेल एक ऐसी यूनिवर्सिटी है, जो न केवल अपराधियों को उनके अपराध के लिए सजा देती है, बल्कि उन्हें और भी चतुर, चालाक और मजबूत भी बनाती है। समाज के लिए यह एक बड़ी चुनौती है कि इस यूनिवर्सिटी ज्ञान व सुधार का केंद्र कैसे बनाया जाए। बहुत-से कैदी जो जेल के अंदर के जीवन से अपने बाहर के जीवन के बहुत से गुण सीखते हैं और सही दिशा में खुद को आगे बढ़ाते हैं। वहीं, बहुत-से कैदी अपने अंदर मिलने वाली परिपक्वता को गलत दिशा में इस्तेमाल करते हैं। हमें इस पर गहन विचार करने की आवश्यकता है कि कैसे हम इस चक्र को तोड़ सकते हैं और कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ सकते हैं।

**(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)**

**ये लेखक के निजी विचार है।**




**जेल एक ऐसी यूनिवर्सिटी है, जो न केवल अपराधियों को उनके अपराध के लिए सजा देती है, बल्कि उन्हें और भी चतुर, चालाक और मजबूत भी बनाती है। समाज के लिए यह एक बड़ी चुनौती है कि इस यूनिवर्सिटी ज्ञान व सुधार का केंद्र कैसे बनाया जाए। बहुत-से कैदी जो जेल के अंदर के जीवन से अपने बाहर के जीवन के बहुत से गुण सीखते हैं और सही दिशा में खुद को आगे बढ़ाते हैं। वहीं, बहुत-से कैदी अपने अंदर मिलने वाली परिपक्वता को गलत दिशा में इस्तेमाल करते हैं। हमें इस पर गहन विचार करने की आवश्यकता है कि कैसे हम इस चक्र को तोड़ सकते हैं और कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ सकते हैं।**

## आपकी बात

# बढ़ती आबादी के मुकाबले सुविधाओं का स्तर



डॉ. प्रीतम वी. गेडाम

*विश्व* के सबसे बड़े युवा आबादी वाले देश के रूप में भारत है, देश में क्षेत्रफल की तुलना में आबादी हद से ज्यादा बढ़ चुकी है, जिससे विकास का चक्र धीमा होकर समाज के हर वर्ग और हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण हर किसी को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता या आवश्यक विकास संभव नहीं हो पाता, जिससे देश में संसाधनों का अत्यधिक दोहन, गलिच्छ बस्तियां, अशुद्ध वातावरण, प्रदूषण, अशुद्ध हवा-पानी, निम्न जीवनमान जैसी समस्याओं का निर्माण होता है और आगे ये समस्याएं आर्थिक असमानता, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, महंगाई, नशाखोरी, अपराधवृत्ति, मिलावटखोरी, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को तेजी से बढाती है, लोग अपने स्वार्थ के हिसाब से जीने लगते हैं और नैतिकता, नीति-नियम, सामूहिक जिम्मेदारी, देश के प्रति कर्तव्य भावना बस नाम के लिए रह जाती है। अन्नदाता किसानों की आत्महत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी योजनाएं, आयोग, कानून, नीतियां, मंत्रालय, विभाग, संगठन होकर भी लोग समस्याओं से जूझते है क्योंकि उन्हें उचित सुविधाएं आवश्यकता अनुसार नहीं मिल रही है। विश्व के कई विकसित देशों की जनसंख्या के मुकाबले हमारे देश के एक-एक राज्य की जनसंख्या है। नवीनतम संयुक्त राष्ट्र डेटा वर्ल्डोमीटर विस्तार के आधार पर, 1 जुलाई, 2024 तक भारत की वर्तमान जनसंख्या 1,441,696,095 थी। भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 17.76 प्रतिशत है। जनसंख्या के आधार पर भारत नंबर 1 पर है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2023 तक देश पर 205 लाख करोड़ रुपया कर्ज हो गया, पिछले दस साल में 150 लाख करोड़ कर्ज बढ़ गया, जबकि 2004 में कर्ज 17 लाख करोड़ रुपये था। विश्व आर्थिक मंच रिपोर्ट 2021 अनुसार, भारत की शिक्षा की गुणवत्ता दुनिया में 90 वें स्थान पर है, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में भारत 180 देशों में से 93वें स्थान पर है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की झुग्गी-झोपड़ियों की आबादी लगभग 6.5 करोड़ है जो शहरी भारत का 17 प्रतिशत और भारत की कुल आबादी का 5.4 प्रतिशत है। 2011 में, महाराष्ट्र में झुग्गियों में रहने वाली आबादी 1.18 करोड़ थी, इसके बाद आंध्रप्रदेश में लगभग 1.02 करोड़ थी। देश में संपत्ति व आय प्राप्ति में बहुत असमानता है, जो लगातार बढ़ रही है। भारत में संपत्ति असमानता से पता चलता है कि शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है, सबसे अमीर 1 फीसदी के पास देश की 53 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब में से आधे लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का केवल 4.1 प्रतिशत हिस्सा है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, शीर्ष 10 फीसदी के पास कुल राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत है तथा शीर्ष 1 फीसदी के पास राष्ट्रीय आय का 22 प्रतिशत है। सबसे निम्न 50 फीसदी की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत हो गई है। देश के कुल वस्तु एवं सेवा कर अर्थात जीएसटी का लगभग 64 प्रतिशत पैसा नीचे की 50 फीसदी आबादी से आया, जबकि केवल 4 प्रतिशत शीर्ष 10 फीसदी से आया। एफएओ, आईएफएडी, यूनिसेफ, डब्ल्यूएफपी और डब्ल्यूएचओ की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की 42.1 प्रतिशत आबादी को स्वास्थ्यवर्धक पोषक भोजन तक पहुंच नहीं है, जबकि भारतीय आबादी के लिए यह आंकड़ा 74.1 प्रतिशत है। 16.6 प्रतिशत भारतीय कुपोषित हैं, जबकि दुनिया की आबादी का 9.2 प्रतिशत है। विश्व भूख सूचकांक में भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है, जो भूख की तीव्रता के गंभीर स्तर को दर्शाता है। ब्लूमबर्ग के हवाले से नैटिक्सिस एसए की रिपोर्ट अनुसार, भारत को 2030 तक 11.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है, अर्थात हर साल 1.65 करोड़ नौकरियां। साल 2030 तक, पृथ्वी पर कामकाजी हर पांच लोगों में से एक भारतीय होगा। हाल ही में, मानव विकास संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' नामक एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि भारत बढ़ती युवा बेरोजगारी दर से जूझ रहा है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

अर्थव्यवस्था

# भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुरूप हो इस वर्ष का बजट



प्रह्लाद सबनानी

*भारत* का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं पूरे विश्व के आर्थिक पटल पर भारत का डंका बजा करता था। एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत के आसपास बनी रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूर्णकालिक बजट माननीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा भारतीय संसद में 23 जुलाई 2024 को पेश किया जा रहा है। वर्तमान में भारत सहित विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी नीतियों का अनुसरण करते हुए अर्थव्यवस्थाएं आगे बढ़ रही हैं। परंतु, हाल ही के वर्षों में पूंजीवादी नीतियों के अनुसरण के कारण, विशेष रूप से विकसित देशों को, आर्थिक क्षेत्र में बहुत भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह देश इन समस्याओं का हल निकाल ही नहीं पा रहे हैं। नियंत्रण से बाहर होती मुद्रा स्फीति की दर, लगातार बढ़ता कर्ज का बोझ, प्रौढ़ नागरिकों की बढ़ती जनसंख्या के चलते सरकार के खजाने पर बढ़ता आर्थिक बोझ, बजट में वित्तीय घाटे की समस्या, बेरोजगारी की समस्या, आदि कुछ ऐसी आर्थिक समस्याएं हैं जिनका हल विकसित देश बहुत अधिक प्रयास करने के बावजूद भी नहीं निकाल पा रहे हैं एवं इन देशों का सामाजिक तानाबाना भी छिनभिन्न हो गया है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत चूंकि व्यक्तिवाद हावी रहता है अतः स्थानीय समाज में विभिन्न परिवारों के बीच आपसी रिश्ते केवल आर्थिक कारणों के चलते ही टिक पाते हैं अन्यथा शायद विभिन्न परिवार एक दूसरे से रिश्तों को आगे बढ़ाने में विश्वास ही नहीं रखते हैं। कई विकसित देशों में तो पति-पत्नि के बीच तलाक की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है। अमेरिका में तो यहां तक कहा जाता है कि 60 प्रतिशत बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं होती है एवं केवल माता को ही अपने बच्चे का लालन-पालन करना होता है, जिसके कारण बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है एवं यह बच्चे अपने जीवन में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, समाज में हिंसा की दर बढ़ रही है तथा वहां की जेलों में कैदियों की संख्या में तीव्र वृद्धि देखी जा रही है। इन देशों के नागरिक अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं एवं उन्हें उम्मीद है कि उनकी आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का हल भारतीय सनातन संस्कृति में से ही निकलेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूर्णकालिक बजट माननीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा भारतीय संसद में 23 जुलाई 2024 को पेश किया जा रहा है।**

## फेसबुक वॉल से

**Surendra Kishore**
8 h ·

**Anurag Rai** is feeling thoughtful. · Follow
2 d ·

उन्हें समस्या अग्निवीर के कैरियर को लेकर नहीं है, असली समस्या यह है कि भारत के हर शहर में हजार दो हजार अग्निवीर जवान होंगे

उन्हें भविष्य में गज़वा-ए-हिन्द का प्लानिंग भी पता हैं, इसलिए उन्हें यह समझ आ गया है कि अग्निवीर उन्हीं के इलाज के लिए हैं।

देश के सभी नौजवान युवाओं से मेरा निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा अग्निवीर योजना का फायदा उठाएं

224 · 23 comments 18 shares
Like · Comment · Send · Share

**Swayam Prakash**
बहुत ही सही योजना है अग्निवीर युवाओं के लिए... See More
Like Reply 5

## X- से

**Pankaj Nain IPS** @ipspankajnain · 1d
जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से लोहा लेते हुए भारतीय सेना के कमांडो प्रदीप नैन शहीद हो गए. जींद में जाजनवाला के रहने वाले 27 साल के प्रदीप माता-पिता के इकलौते बेटे थे.उनकी बीवी ग्रभवती है और उनको घर पर छुट्टी पर आना था.भारत माँ का इस सपूत का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा.जय हिंद 🙏🙏



1K · 2.3K · 15K · 332K

**Jitendra pratap singh** @jp... · 1d
अब आप सोच रहे होंगे कि यह लोग ऐसे क्यों होते हैं

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

# ब्रिटेन की नई हुकूमत के समक्ष चुनौतियों की भरमार?



डॉ. रमेश ठाकुर

*भारत* के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन के चुनाव परिणामों ने अचानक मौसम गर्मा दिया है। वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख 'कीर स्टार्मर' फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे। भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय 'नॉर्थलेरटन' सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरूआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे। ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे झिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कईयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फला समुदाय या मतदाता उनका है? बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## बोधि वृक्ष

# मध्यप्रदेश के शारदा मंदिर का रहस्य

इस मंदिर पर पूरे 1052 सीढियाँ है। इसके साथ ही मंदिर के कई रहस्य है जो मंदिर की प्राचीनता और ऐतिहासिकता के बारे में बताते है। चलिए हम आपको बताते है कि आखिर इस मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक कहानी क्या है?



**मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक कहानी**

बुंदेलखंड में आल्हा और ऊदल नाम के दो भाई हुआ करते थे कहा जाता है कि आल्हा ने माता शारदा की 12 साल कड़ी तपस्या की थी जिसके बाद उसे अमर होने का वरदान प्राप्त हुआ था। वहां की ये मान्यता है कि आज भी आल्हा ऊदल घोड़े पर सवार होकर सबसे पहले मंदिर पहुंचता है और माता की पूजा आरती करता है। बहुत सारे ऐसे साक्ष्य पाए गए है जिससे ये तो सिद्ध होता है कि रोजाना कोई शक्ति माता के मंदिर में प्रवेश करती है और पूजा करती है। लेकिन आज तक इन आल्हा ऊदल को कोई नही देख पाया है। कई वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने इसके पीछे का कारण, रहस्य जानने का प्रयास किया है लेकिन आज तक वो नही जान पाए है। कहा ये भी जाता है कि आल्हा और ऊदल ने पृथ्वीराज चौहान के साथ युद्ध किया था पृथ्वीराज चौहान भी माता शारदा के भक्त थे। आल्हा ऊदल ने ही जंगलो के बीच जाकर माता के मंदिर की खोज की थी और वहां 12 साल तक तपस्या की जिसके बाद शारदा माता ने खुश होकर उन्हें अमरत्व का वरदान दिया था। (क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# मानसून के दौरान इस मोड में चलाएं AC



**कैसे काम करता है एसी का ड्राई मोड :** बता दें कि जब आप ऐसी में ड्राई मोड सेलेक्ट करते हैं तो ऐसी का कूलिंग कॉइल ठंडा हो जाता है। इसके ऑन होते ही बाद रूम की हवा इस कॉइल से होकर जाती है। जैसे ही हवा की नमी इस ठंडे कॉइल के संपर्क में आती है तो यह पानी की बूंदों में कंन्वर्ट हो जाती है और ड्रेनेज पाइप के जरिए यह बाहर निकल जाती है। इस तरह से एसी आपके रूम से नमी को पूरी तरह से खत्म कर देती है। दरअसल, हवा में मौजूद नमी इस ठंडे कॉइल के कांटेक्ट में आती है जो वो ठंडा होकर पानी की बूंदों में चेंज हो जाता है। यही पानी फिर ड्रेनेज पाइप से होकर बाहर निकल जाता है और रूम में नमी न के बराबर रह जाती है। इसके बाद ठंडी ठंडी हवा फील रुम में होता है। आपको बता दें कि एसी के ड्राई मोड में आपको कूलिंग बढ़ाने की भी जरूरत नहीं पड़ती। वहीं आप बरसात में मौसम में ड्राई मोड के साथ 26 डिग्री तापमान पर भी एसी को चलाते हैं तो भी आपको अच्छी खासी कूलिंग मिलेगी।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार : कार व ऑटो में टक्कर, 5 की मौत

एजेंसी

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय के एफसीआई सहायक थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक कार और ऑटो की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा बिहटा और बेगूसराय मार्ग के रतनपुर चौक पर हुई है। सड़क हादसे में कार और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हुई है, जिसमें ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना मे पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। एफसीआई थाना की प्रभारी अंजली ने बताया कि कुछ लोग ऑटो पर सवार होकर सिमरिया से जीरो माइल की ओर जा रहे थे। इस दौरान रतनपुर चौक के पास एक कार से ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में घटनास्थल पर ही पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। अभी यह भी कहना मुश्किल है कि सभी मृतक ऑटो पर ही सवार थे। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दी है। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## हरदोई में बेकाबू बस ने 7 को रौंदा, 4 की मौत



**हरदोई।** उन्नाव जिले के लिए निकली एक प्राइवेट बस ने हरदोई जिले के बिल्हौर-कटरा मार्ग पर स्टेयरिंग फेल होने के कारण बेकाबू होकर सड़क किनारे चारपाई पर बैठे सात लोगों को रौंद दिया। दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चारपाई पर बैठे तीन लोग एवं बस में सवार तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर जिला अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी, सीएमओ डॉक्टर रोहताश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घायलों में शामिल एक होमगार्ड को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। बाकी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगंज में इलाज चल रहा है। क्रेन की मदद से बस को सड़क मार्ग से हटवाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया गया। बस में 30 यात्री बैठे थे। मृतकों की पहचान की जा रही है।

## अमेठी में हुआ भीषण सड़क हादसा, पांच लोगों की मौत



**अमेठी।** नई दिल्ली से सिवान जा रही बस बीती रात्रि 2 बजे के करीब जैसे ही अमेठी जिले के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर 68.8 किलोमीटर पर पहुंची थी कि किसी अज्ञात वाहन से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से डैमेज हो गया। इसी हादसे में 4 यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। जबकि करीब 12 यात्री घायल हो गए। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल एक यात्री की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची बाजार शुकुल थाने की पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से सभी घायल यात्रियों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। गौरीगंज स्थित जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर पीतांबर कनौजिया ने बताया कि एक गंभीर रूप से घायल यात्री की भी मौत हो गई। जिसकी मौत जिला अस्पताल में हुई वह बिहार का रहने वाला है। अभी तक मृतकों के नाम पते की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी होते ही तत्काल पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार सहित पूरी फोर्स घटनास्थल और जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना। पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली से सिवान जा रही प्राइवेट बस रात्रि में करीब 2 बजे बाजार स्कूल थाने के अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 68.8 किलोमीटर पर किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस पर बैठे हुए करीब 12 लोग घायल हो गए और चार लोगों की मौके पर मौत हो गई।

## एक नजर

### बडौली को बनाया गया हरियाणा भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** मोहन लाल बडौली को हरियाणा भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरूण सिंह ने संगठनात्मक नियुक्ति को लेकर पत्र जारी कर बताया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मोहन लाल बडौली, विधायक को भाजपा हरियाणा प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष की भूमिका भी निभा रहे थे। इसी वर्ष मार्च में जब नायब सिंह सैनी को मनोहर लाल खट्टर की जगह हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया गया था, उस समय सैनी प्रदेश अध्यक्ष भी थे।

### केजरीवाल के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी कर 12 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया। कोर्ट ने आज केजरीवाल के अलावा आरोपित विनोद चौहान और आशीष माथुर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया। 17 मई को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया गया है। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## नीतीश कुमार ने निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

एजेंसी



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बख्तियारपुर में विभिन्न जगहों पर चलाई जा रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले बख्तियारपुर प्रखंड के घनसुरपुर स्थित गंगा चैनल के प्रस्तावित लिंक का निरीक्षण किया। घनसुरपुर से सीढ़ी घाट होते हुए रामनगर तक गंगा नदी की धारा को घाट से लिंक करने की कार्य योजना के संबंध में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। घनसुरपुर में पुराने चैनल को मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। घनसुरपुर से सीढ़ी घाट होते हुए रामनगर तक कराए जाने वाले जीर्णोद्धार तथा सुरक्षात्मक कार्यों, पौधरोपण, पार्क निर्माण आदि के संबंध में भी मुख्यमंत्री को बताया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर सीढ़ी घाट के पास निर्माणाधीन गंगा घाट एवं पाथ-वे का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा यहां बचपन बीता है। मैं इसी घाट पर स्नान करता था। इस घाट पर लोग धार्मिक कार्य करते रहे हैं। इसका सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्य बेहतर ढंग से करें ताकि यहां आने वाले लोगों को सुविधा हो। इस दौरे के क्रम में उन्होंने श्रीराधा-कृष्ण मंदिर, ठाकुरबाड़ी, सीढ़ी घाट में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति की कामना की।

## पूर्व आईएएस अधिकारी मनीष वर्मा जदयू में शामिल



**पटना।** पूर्व आईएएस अधिकारी मनीष वर्मा ने मंगलवार को जदयू की सदस्यता ली। वर्ष 2000 कैडर के आईएएस अधिकारी रहे मनीष वर्मा अनिवार्य सेवानिवृति लेने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के परामर्शी रहे हैं। आज वह औपचारिक तौर पर जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गये। जदयू के पटना कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री विजय चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने मनीष वर्मा को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनके दल में शामिल होने के बाद जदयू नेताओं ने उन्हें बधाई दी। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मनीष वर्मा ने कहा कि मेरे लिए आज बहुत ही इमोशनल दिन है।

### अररिया में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव बोले

## सीमांचल को अलग राज्य बनाने की करूंगा मांग व चलाऊंगा मुहिम

एजेंसी



**फारबिसगंज/अररिया।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का अररिया में उनके कार्यकर्ताओं ने स्वागत सह सम्मान का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सीमांचल को हिंदू-मुस्लिम के बहाने अबतक ठगती आ रही है। सीमांचल को अलग राज्य बनाने की करूंगा और मुहिम चलाऊंगा। पप्पू यादव ने कहा कि सीमांचल के लोग हमारा परिवार हैं और मैं परिवार के लिए कोई भी कुबार्नी दे सकता हूं। साथ ही उन्होंने सीमांचल के अररिया, पूर्णिया, किशनगंज व कटिहार जिले के डॉक्टरों को चेताते हुए कहा कि सीमांचल क्षेत्र में डॉक्टर, पैथोलॉजी, एक्सरे व चिकित्सा से संबंधित माफियाओं को लूट में छूट की गारंटी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में अररिया व किशनगंज सबसे गरीब जिला है। इस क्षेत्र के पानी में आयरन होने के कारण यहां के लोग अधिक बीमार पड़ते हैं। इसलिए उन्होंने पूर्णिया की तर्ज पर ही अररिया जिले के फिजिशियन डॉक्टर को अपना फीस 300 व सर्जन को 500 रुपये महीना करने के साथ महीने में एक बार फीस लेने की अपील भी की। इसके लिए उन्होंने तीन महीने का उन्हें समय भी दिया।

## न्यूज बॉक्स

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यपाल से मुलाकात की



**इटानगर।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को राजभवन में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अरुणाचल प्रदेश के बागवानी और कपड़ा और हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन तथा स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में कई बागवानी उत्पादों, विशेषकर कीवी की खेती बड़ी मात्रा में की जाती है। मंत्रालय की सहायता से किसानों को अच्छी खासी कमाई करा सकते हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए मालगाड़ियों और कोल्ड स्टोरेज का सुझाव दिया।

### पश्चिम बंगाल की चार विस सीटों पर उपचुनाव आज, 34 उम्मीदवार मैदान में

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की चार विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव है। इस उपचुनाव में 34 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला तय होगा। उत्तर 24 परगना जिले की बगदाह, नादिया की रानाघाट दक्षिण, उत्तर दिनाजपुर की रायगंज और कोलकाता की मानिकतला विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक साधन पांडे के निधन के बाद मानिकतला सीट खाली हो गई थी। वहीं, भाजपा विधायकों कृष्ण कल्याणी, विश्वजीत दास और मुकुट मणि अधिकारी के इस्तीफे के बाद रायगंज, बगदाह और राणाघाट-दक्षिण में उपचुनाव कराए जा रहे हैं। इन तीनों ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था। कल्याणी और अधिकारी को तृणमूल कांग्रेस ने रायगंज और रानाघाट-दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों से उम्मीदवार बनाया है। वहीं मानिकतला में सत्तारूढ़ पार्टी ने दिवंगत साधन पांडे की पत्नी सुप्ती पांडे को मैदान में उतारा है। रायगंज, राणाघाट-दक्षिण और मानिकतला में तृणमूल कांग्रेस, भाजपा और कांग्रेस-वाम मोर्चा गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। बगदाह में चार दावेदारों के बीच तगड़ी लड़ाई है। यहां तृणमूल कांग्रेस, भाजपा के अलावा कांग्रेस और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर है। 2021 में हुए विधानसभा चुनाव और हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों के विधानसभावार नतीजे बताते हैं कि, रायगंज, राणाघाट-दक्षिण और बगदाह में भाजपा की स्थिति अच्छी है। तो, मानिकतला में तृणमूल कांग्रेस मामूली अंतर से आगे चल रही है।

### हिन्दू मंदिरों और तीर्थ स्थलों के क्षेत्रों से मुस्लिमों की दुकानें बंद हों: विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने मांग की है कि हिन्दू मंदिरों और तीर्थ स्थलों के क्षेत्रों से मुस्लिम दुकानें बंद होनी चाहिए। विहिप के केन्द्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने आज कहा कि हमें अनेक स्थानों से जानकारी मिली है कि वहाँ जो लोग भारत माता की जय या वंदे-मातरम् भी नहीं बोल सकते और मूर्ति पूजा के विरोधी हैं, वे छद्म नामों से या हिन्दू देवी देवताओं के नामों से या हिन्दू आस्था केंद्रों के नाम से हमारे धर्म स्थलों पर प्रसाद व पूजा सामग्री बेच रहे हैं। देश भर से अनेक प्रत्यक्ष ऐसी घटनाएं सामने आईं हैं, जहां सब्जियों सहित अन्य खाद्य एवं पेय सामग्रियों पर थूक कर पहले उन्हें अपवित्र किया जाता है, तत्पश्चात हिन्दू श्रद्धालुओं को बेचा जाता है, इससे हिन्दुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं। विहिप महामंत्री ने कहा कि देश के अनेक तीर्थों में भगवान के भोग, श्रृंगार व अर्पण इत्यादि से जुड़ी अनेक वस्तुओं को मुस्लिम समाज के लोग अपवित्र कर बेच रहे हैं, जो कि हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ है। इसे अविलम्ब रोका जाना जरूरी है। विहिप सभी राज्य सरकारों से मांग करती है कि वे हिन्दू मंदिरों व धर्मस्थलों की पवित्रता को बनाए रखने हेतु मजहबी धोखेबाजों के विरुद्ध तुरंत प्रभावी कदम उठाएं, जिससे समाज की आस्था व विश्वास को किसी प्रकार की क्षति ना पहुंचे। साथ ही हम हिंदू समाज से भी अपील करते हैं कि ऐसे धर्म द्रोहियों से सावधान रह कर उन्हें बेनकाब करें और स्थानीय शासन प्रशासन को समय पर सूचित करें।

### मप्र: अमरवाड़ा विस उपचुनाव के लिए मतदान आज, थमा चुनावी शोर

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।इसको लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। यहां भाजपा और कांग्रेस ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार को शाम छह बजे यहां चुनावी प्रचार-प्रसार का शोर थम गया है। बता दें कि अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिसमें निर्दलीय अतुल राजा उइके, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी से रीता कमलेश मरकाम, जनसेवा गोंडवाना पार्टी से राजकुमार सरेयाम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टीस से देवीराम भलावी, अहिंसा समाज पार्टी से चंद्रदीप तेकाम, धीरन शाह इनवाती कांग्रेस और कमलेश शाह भाजपा से प्रत्याशी हैं। निर्दलीय पनवशाह सरेयाम, शोभाराम भलावी मैदान में है। मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच है, जिसमें भाजपा से पूर्व विधायक राजा कमलेश शाह और कांग्रेस से धीरन शाह चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।

### ओडिशा में सिंचाई परियोजना के लिए 1,524 हेक्टेयर वन भूमि के इस्तेमाल की मंजूरी



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने ओडिशा के नयागढ़ जिले में सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए 1,524.17 हेक्टेयर वन भूमि के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राज्य सरकार पिछले 30 वर्षों से केंद्र से मंजूरी का इंतजार कर रही थी। बयान के अनुसार, ब्रूटंगा सिंचाई परियोजना पूरी होने के बाद 23,000 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी। सहायक वन महानिरीक्षक धीरज मित्तल द्वारा सोमवार को जारी एक पत्र में कहा गया है राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट के आधार पर... वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 की धारा 2 के तहत ब्रूटंगा सिंचाई परियोजना के निर्माण के वास्ते 1524.17 हेक्टेयर वन भूमि के गैर-वानिकी उपयोग के लिए केंद्र सरकार की अंतिम मंजूरी दी जाती है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा अनुमोदन के लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार, वन भूमि की कानूनी स्थिति अपरिवर्तित रहेगी। पत्र के अनुसार, राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रतिपूरक वनरोपण 1,524.17 हेक्टेयर गैर-वन भूमि पर किया जाएगा, जो पहले से ही राज्य वन विभाग के पक्ष में हस्तांतरित है।

## आज का राशिफल

**मेष:** अपनी वाणी में व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। जीवनसाथी से यदि आपसे किसी बात को लेकर नाराजगी चल रही थी, तो आप उन्हे मनाने के पूरी कोशिश करेंगे और उनके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट भी लेकर आ सकते हैं। आपके कई काम एक साथ हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

**वृषभ:** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। बॉस आपके कामों की तारीफ करेंगे और आप नौकरी में बदलने के प्रयास भी की भी कर सकते हैं, जो आपके लिए बेहतर रहेंगे। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहना होगा, नहीं तो कुछ बीमारियां बढ़ेंगी।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप अपने सहयोग से यदि कोई मदद मांगेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी और आप टीमवर्क के जरिए काम करके किसी काम को समय से पहले पूरा करेंगे। आप अपनी माताजी से किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**कर्क:** आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहेगा। आप अपने अनावश्यक खर्चो को लेकर परेशान रहेंगे। आपकी आय तो बढ़ेगी, लेकिन उसके साथ-साथ आपके खर्च भी बढ़ेंगे, जो आपको समस्याओं को बढ़ाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह:** आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। अपनों से चल रही अनबन दूर होंगी। ससुराल पक्ष से आपको मान सम्मान मिलता दिख रहा है। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार में लोगों के सामने आ सकती है। आपके कुछ काम बनते बनते रह सकते हैं, जो आपको परेशान करेंगे।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप यदि किसी काम को करेंगे, तो आपको उसमें अधिक मेहनत करनी होगी, उसके बाद ही कोई सफलता मिलती दिख रही है। नौकरी में कार्यरत लोग यदि किसी पार्ट टाइम कार्य की भी शुरूआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है।

**वृश्चिक:** आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। संतान को किसी पुरस्कार के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा और आप यदि शेयर मार्केट में निवेश करेंगे, तो उससे भी आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में महिला मित्रों के कारण आपको प्रमोशन मिल सकता है।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए धन के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आर्थिक स्थिति की आपको चिंता रहेगी और कुछ नए संपर्कों का आप लाभ उठाएंगे। आपको अपने रोजमर्रा के कामों में बदलाव करने से बचना होगा। आप यदि किसी काम को लेकर लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो वह पूरा हो सकता है।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी, लेकिन कार्यक्षेत्र में आपके कुछ विरोधी आप पर हावी होने की कोशिश करेंगे, जिनसे आपको अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके आसानी से मात दे पाएंगे।

**कुम्भ:** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी वाद विवाद में पड़ने से बचना होगा। आपका किसी नए वाहन आदि की खरीदारी का सपना पूरा होगा। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। आप अपने ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई लेनदेन ना करें।

**मीन:** आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। संतान के करियर को लेकर यदि आप परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह चिंता भी दूर होती दिख रही हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को मन मुताबिक काम मिल सकता है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ने से आपको कुछ मौसमी बीमारियां हो सकती हैं।

## जोशीमठ के पास पहाड़ी से बोल्डर आने से बदरीनाथ हाईवे अवरूद्ध

**गोपेश्वर।** जोशीमठ से डेढ़ किलोमीटर पहले पहाड़ी से भारी बोल्डर आने से बदरीनाथ हाईवे वे पर मंगलवार को अवरूद्ध हो गया है। मार्ग बंद होने से हाईवे के दोनों ओर यात्रियों और स्थानीय लोगों के वाहन फंस गए हैं। सूचना मिलते ही सरकारी अमले ने पहाड़ी से आये बोल्डरों हटाये जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। अधाकािरियों की मानें तो शीघ्र ही हाईवे को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। जिला सूचना अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को जोशीमठ के पास पहाड़ी से भारी बोल्डर आने से बदरीनाथ हाईवे बाधित हो गया है। जिसे खोलने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## ममता के राज में फिर एक महिला की सरेआम पिटाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एक लड़की की कुछ लोगों द्वारा बेरहमी से पिटाई का वीडियो सामने आया है। वीडियो में लड़की पर दो लोग ताबड़तोड़ डंडे बरसा रहे हैं और चार लोगों ने मिलकर लड़की को पकड़ रखा है। इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। भाजपा ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए पश्चिम बंगाल को महिलाओं के लिए असुरक्षित बताया है। मंगलवार को भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने कहा कि पश्चिम बंगाल का एक वीडियो सामने आया है जिसमें टीएमसी विधायक मदन मित्रा के साथी एक युवती को बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति बिलकुल भी गंभीर नहीं है। ऐसा लग रहा है कि महिलाओं की चीखें ममता बनर्जी और राहुल गांधी तक नहीं पहुंचीं है। यह पश्चिम बंगाल में एक नया आदर्श बन गया है। उन्होंने पूछा कि हाथरस का दौरा करने वाले राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल का दौरा कब करेंगे?

इससे पहले भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि 'तलतला क्लब, कमरहाटी से सामने आया वीडियो सामने आया है। टीएमसी विधायक मदन मित्रा के करीबी सहयोगी जयंत सिंह ने एक असहाय लड़की पर हिंसक हमला किया। महिलाओं के अधिकारों की हिमायत करने का दावा करने वाली सरकार के तहत यह बर्बर कृत्य मानवता पर एक शर्मनाक धब्बा है। इस मामले की तत्काल जांच होनी चाहिए और किसी भी हाल में न्याय से समझौता नहीं होना चाहिए।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने पश्चिम बंगाल में कथित तौर पर टीएमसी के पुरुष कार्यकर्ताओं द्वारा एक महिला पर क्रूरतापूर्वक मामले की निंदा की। आयोग ने मामले पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से इस घटना पर निष्पक्ष और समयबद्ध जांच का आग्रह किया। इसके साथ आयोग ने पीड़िता को मुफ्त इलाज सुनिश्चित करने को कहा।आयोग ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की।

### भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर साधा निशाना





## पिछले 10 दिनों में 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने की अमरनाथ यात्रा

**जम्मू।** 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा में अब तक दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु बाबा बफार्नी के दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को 5,433 यात्रियों का एक और जत्था घाटी के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 10 दिनों में दो लाख से ज्यादा यात्रियों ने अमरनाथ यात्रा की है। आधार शिविर भगवती नगर जम्मू से 5,433 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना हुआ। 89 वाहनों में 1,971 यात्रियों को लेकर पहला सुरक्षा काफिला मंगलवार की सुबह 3:13 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, 124 वाहनों में 3,462 यात्रियों को लेकर दूसरा सुरक्षा काफिला मंगलवार को सुबह 4:03 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दिन में हल्की बारिश की संभावना का अनुमान लगाया है। तीर्थयात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग या 14 किलोमीटर लंबे छोटे बालटाल गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं।

## उत्तर प्रदेश : राप्ती नदी की विनाशलीला...

# बाढ़ में डूबे 28 गांव

- *सड़कें टूटीं और राहत के लिए प्रशासन की ओर देख रहे लोग*

एजेंसी

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती जिले के जमुनहा क्षेत्र में राप्ती के घटे जलस्तर के साथ ही तबाही के निशान दिखने लगे हैं। जबकि इकौना क्षेत्र में राप्ती की विनाशलीला जारी है। घटते जलस्तर के साथ राप्ती की उग्र लहरें अपने किनारों पर तेजी से कटान कर रही है। जिनकी जद में आने से कई बीघा कृषि भूमि कट कर नदी की धारा में विलीन हो रही है। वहीं, इकौना व कटरा क्षेत्र में बाढ़ से डूबे गांवों में लोग राहत के लिए प्रशासन की ओर निहार रहे हैं।

राप्ती नदी का जलस्तर धीरे धीरे घट रहा है। जमुनहा के राप्ती बैराज पर नदी का जलस्तर मंगलवार को खतरे के निशान 127.70 से घट कर 127.45 मीटर पहुंच गया। जो खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर नीचे है। घटे जलस्तर के कारण जमुनहा, गिलौला व हरिहरपुररानी विकास क्षेत्र में नदी की उग्र लहरें अपने किनारों पर तेजी से कटान करने लगी हैं। साथ ही नदी का पानी निकलने के बाद राप्ती की तबाही के निशान भी दिखाई देने लगे हैं। गोड़धोई के लिए चार माह पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं लालपुर गांव के पास सड़क पर बने साइफन की मिट्टी व डामर उखड़ गया। गिलौला के कचनापुर व बिशुनापुर गांव में बनी सड़क व पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। यही हाल कछार के अन्य गांवों का भी है। जहां राप्ती की बाढ़ में गांव को जोड़ने वाले कई मुख्य व संपर्क मार्ग बाढ़ व कटान की भेंट चढ़ गए। इतना ही नहीं खेतों में लगी मक्का, अरहर, मेंथा सहित सब्जी की फसल को भारी नुकसान बताया जा रहा है।



### इकौना क्षेत्र में जारी है राप्ती की विनाश लीला

भिनगा व जमुनहा तहसील क्षेत्र के गांवों को भले ही बाढ़ की विभीषिका से राहत मिल गई हो लेकिन इकौना तहसील क्षेत्र के गांवों में बाढ़ की विभीषिका अभी जारी है। इकौना तहसील क्षेत्र के करीब 28 गांव अब भी बाढ़ से घिरे हुए हैं। जबकि 14 गांवों में बाढ़ का पानी अब भी भरा है।

## एक नजर

### तीसरे टी20 मैच से पहले जंगल सफारी पर निकली टीम इंडिया

**हरारे।** जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को होने वाले तीसरे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम और उनके परिवार तथा सहयोगी स्टाफ खेल से दूर कुछ समय बिताने के लिए जंगल सफारी पर निकले। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल ने इस यात्रा की तस्वीरें साझा कीं और पोस्ट के कैप्शन में लिखा, बीसीसीआई ने जिम्बाब्वे क्रिकेट और जिम्बाब्वे टूरिज्म के साथ मिलकर हरारे में भारतीय क्रिकेट टीम और उनके परिवारों के लिए वाइल्ड लाइफ टूर का आयोजन किया था। शेष श्रृंखला के लिए संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को शामिल करके भारतीय टीम को मजबूत किया जाएगा। ये तीनों खिलाड़ी अमेरिका और वेस्टइंडीज में भारत के टी20 विश्व कप जीतने वाले अभियान का हिस्सा थे।

### जोकोविच विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में, एलेक्स से होगी टक्कर

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने डेनमार्क के होल्गर रूण को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर अपने 15वें विंबलडन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका मुकाबला बुधवार को एलेक्स डी मिनौर से होगा। जोकोविच मैच में फैंस की हूटिंग से नाराज दिखे और कहा कि इस तरह के व्यवहार को वह स्वीकार नहीं करते हैं। जोकोविच को रूण ने पिछले कई मुकाबले में बैकफुट पर धकेल दिया था, जिसमें 2022 में पेरिस मास्टर्स फाइनल सहित कई अन्य मैच शामिल हैं। मैच के बाद जोकोविच ने अपनी जीत पर बात की और कहा कि जिन लोगों ने उनको सम्मान दिया और टिकट लेकर मैच देखने आए और देर रात तक बैठकर टेनिस के प्रति अपने प्यार को दिखाया, उनको दिल से शुक्रिया। साथ ही, उन्होंने हूटिंग कर रहे लोगों की आलोचना की और कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कोच स्कालोनी ने कहा मेसी कनाडा के खिलाफ खेलने के लिए फिट

# सेमीफाइनल में लियोनेल




**मेसी 100 फीसदी फिट नहीं होंगे तो भी खेलेंगे : स्कालोनी**

**एजेंसी। न्यू जर्सी**

स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी बुधवार को कोपा अमेरिका कप के सेमीफाइनल में कनाडा के खिलाफ खेलने के लिए फिट हो जाएंगे। अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनल स्कालोनी ने यह पुष्टि की है। मेसी की फिटनेस पर संदेह था क्योंकि स्ट्राइकर जांघ की शिकायत के कारण पेरू के खिलाफ आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में नहीं खेल पाए थे। हालांकि, वह इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में लौटे और 90 मिनट पूरे किए, हालांकि वह पेनल्टी शूटआउट में मौके से चूक गए। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में, स्कालोनी ने किसी भी फिटनेस चिंता से इनकार किया और कहा कि मेसी को शामिल करने पर निर्णय लेना उनके लिए कोई दिमागी काम नहीं था क्योंकि पूरी तरह से फिट नहीं होने की स्थिति में भी वे उन्हें खिलाते। स्कोलोनी ने कहा, 99 फीसदी समय, (मेसी) खेलने के लिए फिट है। मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ कि वह खेलने के लिए फिट नहीं है। हर बार जब वह मैदान पर आता है, तो वह खेलने के लिए फिट होता है। (कनाडा) के खिलाफ, वह खेलने के लिए फिट है, बिना किसी संदेह के। यह मेरे लिए बहुत आसान निर्णय है, क्योंकि यह एक बहुत ही स्पष्ट निर्णय है, कि यदि वह ठीक है, तो वह खेलता है और यदि वह ठीक नहीं है, तो वह अंतिम 30 मिनट खेलता है। जब वह फिट होता है, तो वह हमेशा खेलता है। इसमें कोई संदेह नहीं है। किसे कोई संदेह होगा? मैं कोच हूं, इसलिए मुझे कोई संदेह नहीं है। मैं ही निर्णय लेता हूं और जब मैं देखता हूं कि वह खेलने के लिए फिट है, तब भी यदि वह 100 फीसदी फिट नहीं है, तो वह खेलेगा। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसका मुझ पर कभी कोई असर नहीं पड़ेगा, मुझे पता है कि भले ही वह परफेक्ट स्थिति में न हो, वह हमें क्या दे सकता है।

# पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए 'प्रेरणास्त्रोत' बनी रोहित ब्रिगेड

**एजेंसी। नई दिल्ली**




पेरिस ओलंपिक में भारत के 100 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। फ्रांस की राजधानी पेरिस में खेलों का यह महाकुंभ 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होगा। देश में इन दिनों भारतीय क्रिकेट टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत से उत्साह का माहौल है, और अब पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों ने भी क्रिकेट की तरह ओलंपिक में भी तिरंगा फहराने की ठान ली है। खिलाड़ियों का अथक प्रयास और अटूट समर्पण ही उनकी जीत की गाथा लिखता है। चाहे खेल बल का हो या बुद्धि का, एक खिलाड़ी को चैंपियन या महान उसका दृढ़ संकल्प बनाता है। इसका सबसे बड़ा ताजा उदाहरण रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया है, जिन्होंने बारबाडोस में टी20 विश्व कप पर कब्जा जमाया। उनकी इस जीत पूरे देश खासकर पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले एथलीटों को प्रेरित किया है। इसकी वजह यह 'हार के मुंह से जीत छीनने का जज्बा रखना', जो हमारी भारतीय क्रिकेट टीम ने कर दिखाया है। इस बात को खुद भारतीय हॉकी टीम के महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भी माना। अपना चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे पीआर श्रीजेश ने मीडिया में दिए एक इंटरव्यू में कहा, मैंने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला देखा। मैंने इससे सबसे बड़ी सीख ली है कि आखिर गेंद से पहले जश्न नहीं मनाना चाहिए। मैच में एक ऐसा समय था जब अफ्रीकी टीम 15वें ओवर तक जीत की दहलीज पर खड़ी थी। लेकिन भारतीय टीम ने उम्मीद नहीं छोड़ी और हार की कगार पर पहुंचकर जीत दर्ज की। भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी खिलाड़ी और 328 मैच खेल चुके श्रीजेश ने आगे कहा, इससे हमें ही नहीं बल्कि पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी को सीख लेनी चाहिए। हार नहीं माननी है और अंत तक लड़ना है, जीत जरूर मिलेगी। मैं इस बात को ओलंपिक में याद रखूंगा। भारत पेरिस ओलंपिक के लिए लगभग 120 एथलीटों का दल भेजेगा। इस दल में भारत के पुरुष भाला फेंक स्टार खिलाड़ी और डिफेंडिंग चैंपियन नीरज चोपड़ा के नेतृत्व वाली एथलेटिक्स टीम के अलावा 21 सदस्यीय निशानेबाजी टीम और 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम शामिल है।

# रोहित शर्मा, विराट कोहली और बुमराह को श्रीलंका दौरे से दिया जा सकता है आराम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद सीनियर प्लेयर्स रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को इस महीने के अंत में श्रीलंका दौरे के लिए आराम दिया जा सकता है। भारत को 27 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलने हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई बांग्लादेश दौरे पर लौटने से पहले तीन सीनियर प्लेयर्स को दौरे के लिए आराम देना चाहता है, जहां भारत 19 सितंबर से दो टेस्ट और तीन टी20 खेलेगा। रोहित, कोहली और रवींद्र जडेजा ने पिछले महीने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, वे अन्य प्रारूपों में भारत के लिए खेलना जारी रखेंगे। बीसीसीआई संभवतः अगले सप्ताह श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा करेगा। जानकारी के अनुसार, सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया जा सकता है, जिससे वो अगले कुछ बड़े मुकाबलो के लिए तैयार रहें। रोहित, विराट और बुमराह को आराम की पेशकश की गई है और वे सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि सितंबर में पूरे सत्र के लिए वापसी से पहले इन सीनियर प्लेयर्स को पूरा आराम मिल सके। इस बीच, टी20 विश्व कप 2024 मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का आखिरी कार्यभार था। कैरेबियन में खिताबी सूखे को समाप्त करने से पहले उन्होंने भारत को लगातार तीन आईसीसी फाइनल में पहुंचाया, जिसमें 2023 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और वनडे विश्व कप शामिल था। क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने मुख्य कोच की भूमिका के लिए गौतम गंभीर और डब्ल्यूवी रमन का साक्षात्कार लिया है और गंभीर पूर्व कोच द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

# साइना ने बैडमिंटन प्रो अकादमी का किया शुभारंभ

**एजेंसी। मुंबई**

ओलंपिक पदक विजेता भारतीय शटलर साइना नेहवाल ने यहां बायकुला के मोंटे साउथ में बैडमिंटन प्रो अकादमी शुरू की है। 12.5 एकड़ के मोंटे साउथ परिसर के भीतर स्थित बैडमिंटन प्रो अकादमी और पे-टू-प्ले खेल सुविधा का प्रबंधन अग्रणी खेल ऑपरेटर हॉटफुट स्पोर्ट्स द्वारा किया जाएगा और इसमें दो बैडमिंटन कोर्ट होंगे। अदाणी




रियल्टी और मैराथन ग्रुप ने मोंटे साउथ में साइना नेहवाल द्वारा संचालित बैडमिंटन प्रो अकादमी के नवीनतम संस्करण के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। अकादमी सभी स्तरों के खिलाड़ियों के लिए अग्रणी, प्रमाणित प्रशिक्षकों से विशेषज्ञ कोचिंग प्रदान करेगी। साइना ने कहा कि उनका सपना युवा प्रतिभाओं को फलते-फूलते और अपने लक्ष्य हासिल करते देखना है और बैडमिंटन प्रो अकादमी उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुझे मोंटे साउथ में बैडमिंटन प्रो अकादमी लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। यह सुविधा शीर्ष स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करने और बैडमिंटन सितारों की अगली पीढ़ी को पोषित करने के लिए डिजाइन की गई है।

### सूर्यकुमार पत्नी के साथ गए मारिगुडी मंदिर

**उडुपी।** स्टार क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्व कप में टीम इंडिया की जीत के बाद मंगलवार को यहां प्रसिद्ध श्री होसा मारिगुडी मंदिर का दौरा किया। सूर्यकुमार अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ, जो कर्नाटक के मंगलुरु शहर की रहने वाली हैं, उडुपी शहर पहुंचे। मंदिर प्रबंधन ने जोड़े को माला भेंट कर स्वागत किया।

# चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए तैयार हैं वॉर्नर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए इच्छा जाहिर की है। वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट से जनवरी में रिटायर हो गए थे और पिछले साल वनडे विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने वनडे से भी संन्यास ले लिया था, लेकिन जरूरत पड़ने पर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहने की बात कही। पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर समाप्त हो गया था। हालांकि, इंस्टाग्राम पोस्ट जताता है कि वॉर्नर ने अगले साल फरवरी और मार्च में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने लिखा, मैं फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलता रहूंगा और अगर चुना जाता हूं तो चैंपियंस ट्रॉफी में भी खेलने को तैयार हूं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली।** दुनिया के बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.22 डॉलर यानी 0.26 फीसदी की गिरावट के साथ 85.53 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.24 डॉलर यानी 0.29 फीसदी लुढ़ककर 82.09 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### 'यात्रा' के पास लोगों के कोविड 19 में कैंसिल फ्लाइट्स के 2.5 करोड़ बाकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने मंगलवार को ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म यात्रा (यात्रा डॉट कॉम) को कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन प्रभावित उपभोक्ताओं को बुकिंग राशि वापस करने का निर्देश दिया है। सीसीपीए ने जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि कोरोना लॉकडाउन में प्रभावित एयर पैसेंजर्स की बुकिंग राशि वापस मिलेगी। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान यात्रा के जरिए एयर टिकट बुक कराने वाले ग्राहकों को बुकिंग राशि वापस करने का निर्देश दिया गया है।

# झारखंड में मानसून की बारिश 50% कम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**97% हिस्सों में शुरू नहीं हुई धान की खेती**



झारखंड में मानसून की बेहद कम बारिश ने लाखों किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सीजन के शुरूआती 15 दिनों में राज्य में औसत से 50 फीसदी कम वर्षा हुई है। खेत सूखे पड़े हैं और धान की खेती कायदे से शुरू नहीं हो पाई है। पिछले साल भी राज्य में कम बारिश की वजह से 24 जिलों के 158 प्रखंडों को सरकार ने सूखाग्रस्त घोषित किया था। कृषि विभाग के अनुसार, 10 जुलाई तक राज्य में औसतन 265 मिमी बारिश होनी चाहिए। 8 जुलाई तक मात्र 135 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। रांची, चतरा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, रामगढ़, सरायकेला-खरसावां, लोहरदगा और पाकुड़ जिले में सबसे कम वर्षा हुई है। खेतों के सूखे होने की वजह से अब तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध मात्र तीन फीसदी धान की बुआई हुई है। पूरे राज्य में 18 लाख हेक्टेयर में धान की खेती होती है, लेकिन इसकी तुलना में अब तक मात्र 58 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान लगाया जा सका है। राज्य में कृषि योग्य जमीन के कुल 71 फीसदी हिस्से में धान की खेती होती है और इसके लिए किसान मुख्य रूप से मानसून की वर्षा पर ही निर्भर करते हैं। चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितिज निवासी किसान योगेंद्र यादव बताते हैं कि किसानों ने धान का बिचड़ा तो किसी तरह तैयार कर लिया है, लेकिन जब तक खेतों में पानी इकट्ठा नहीं होगा, फसल की रोपनी शुरू नहीं हो पाएगी। राज्य के कृषि निदेशक डॉ कुमार ताराचंद का कहना है कि अब भी बारिश हो जाए तो फसल चक्र में विलंब नहीं होगा। मौसम विभाग ने जुलाई और अगस्त में अच्छी बारिश की संभावना जताई है। पिछले साल झारखंड में मानसून की कम बारिश की वजह से लगभग 15 लाख किसान प्रभावित हुए थे। 2023 में मानसून के दौरान राज्य के केवल चार जिलों में सामान्य बारिश दर्ज की गई और 19 जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई। कुल मिलाकर औसत से 38 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई थी और खेती भी सामान्य से लगभग आधी हो पाई थी। सरकार ने खरीफ फसल सीजन के दौरान धान की बुवाई के लिए 1.61 मिलियन हेक्टेयर का लक्ष्य रखा था, लेकिन केवल 282,000 हेक्टेयर में ही रोपाई हो पाई।

### यूपी सरकार के रोड टैक्स माफ करने के फैसले से ऑटो शेयरों में तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों ने ऑटो, फार्मा और एफएमसीजी शेयरों की अगुआई में नई ऊंचाई को छुआ, जिसमें मारुति सुजुकी इंडिया सबसे ज्यादा लाभ में रही। दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार ने स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कारों पर पंजीकरण कर माफ करने की घोषणा की है, जिसके चलते ऑटो शेयरों के भाव चढ़ गए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कारों और प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों पर पंजीकरण कर को तत्काल प्रभाव से पूरी तरह माफ करने की घोषणा की है। इसके बाद मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में 6.52 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई और यह 12,807 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। इस कदम से मारुति सुजुकी की ग्रैंड विटारा एसयूवी और इनविक्टो एमपीवी के साथ-साथ टोयोटा और होंडा जैसी अन्य वाहन निमार्ता कंपनियों को भी फायदा होगा।

# रेज पावर इंफ्रा सोलर और बीईएसएस निर्माण के लिए बनाएगी सहायक कंपनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रेज पावर इंफ्रा ने गीगावाट पैमाने पर सोलर और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) विनिर्माण के लिए 100 फीसदी स्वामित्व वाली एक पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी के निर्माण की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी रेज पावर इंफ्रा, गीगावाट पैमाने पर सौर मॉड्यूल, सौर सेल और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के निर्माण के लिए समर्पित एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की स्थापना करेगी।

यह रणनीतिक कदम स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी के प्रबंध निदेशक केतन मेहता ने कहा कि यह पहल रेज पावर इंफ्रा के लिए एक महत्वपूर्ण पिछड़े एकीकरण कदम का प्रतिनिधित्व करती है। नई सहायक कंपनी बड़े पैमाने पर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसके लिए कंपनी वर्तमान में विभिन्न राज्यों में भूमि विकल्पों और प्रोत्साहन नीतियों का मूल्यांकन कर रही है। योजनाओं और निवेश की मात्रा का विवरण जल्द ही प्रकट किया जाएगा, जो इस उद्यम में पर्याप्त और प्रभावशाली निवेश के लिए रेज पावर इंफ्रा की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि हमारे मौजूदा ईपीसी और विकास व्यवसाय हमारे सौर मॉड्यूल और सेल निर्माण प्रयासों को मजबूत समर्थन प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि रेज पावर इंफ्रा भारत की एक प्रमुख सौर ऊर्जा कंपनी है। यह कंपनी सोलर पार्क और प्रोजेक्ट बनाने और उनका प्रबंधन करने का काम करती है।

# मई 2025 तक पटना मेट्रो को पूरा करने का लक्ष्य

**एजेंसी। पटना**



बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेट्रो सेवा शुरू होने से लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। साथ ही शहर में रोज घंटो लगने वाले जाम से भी जनता को निजात मिलेगी। मेट्रो के सभी चरणों के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य चल रहा है। भाजपा विधायक और नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में इसकी पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेट्रो के फर्स्ट फेज का काम तेजी से चल रहा है। मलाही पकरी से बस स्टैंड तक इसकी कनेक्टिविटी होगी। इस प्रोजेक्ट के कई अलग-अगल फेज हैं। पीसी-01 और पीसी-02 को हम लोग पहले चरण में पूरा करना चाहते हैं। उसके बाद पीसी-03, पीसी-04 समेत अलग-अलग स्टेज पर काम होगा। पटना मेट्रो के विस्तारीकरण के लिए 20 प्रतिशत स्टेट शेयर, 20 प्रतिशत सेंट्रल शेयर के साथ 60 प्रतिशत लोन से फंडिंग हो रही है। इसके माध्यम से मेट्रो के काम में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि जिका से अनुमति के बाद लोन के लिए निविदा की प्रक्रिया चल रही है। हमारा प्रयास है कि मेट्रो के बाकी बचे जो फेज हैं उसका भी काम जल्द पूरा किया जाएगा। पटना के अलावा मेट्रो के विस्तारीकरण की योजना अगल-बगल के शहरों के लिए भी बनाई जा रही है।

# रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी में मोनेट से प्रेरित डिजाइन बढ़ा रहा स्मार्टफोन की खूबसूरती

**एजेंसी। नई दिल्ली**



डिजिटल युग में हमारे स्मार्टफोन सिर्फ कम्युनिकेशन डिवाइस नहीं रह गए हैं, वे हमारे पर्सनल असिस्टेंट्स और एंटरटेनमेंट हब बन गए हैं। वे दिन गए जब किसी फोन की कीमत सिर्फ उसकी प्रोसेसिंग पावर या कैमरा क्वालिटी से मापी जाती थी। आज के उपभोक्ता ऐसे डिवाइस की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो न सिर्फ बेहतरीन परफॉर्म करते हैं, बल्कि उनकी पर्सनल स्टाइल के अनुकूल हो। इस बदलाव ने स्मार्टफोन डिजाइन के एक नए युग की शुरूआत की है, जहां टेक्निकल खासियत के साथ-साथ यूजर एक्सपीरियंस को भी समान महत्व दिया जाता है। रियलमी मानता है कि स्मार्टफोन का डिजाइन उसकी कार्यक्षमता के समान ही जरूरी है। इसके लिए उसने रियलमी डिजाइन स्टूडियो की स्थापना की, जो इनोवेटिव मटेरियल, यूनिक फॉर्म्स और उभरती टेक्नोलॉजी पर फोकस करता है। डिजाइन एक्सीलेंस के प्रति यह प्रतिबद्धता उनकी फ्लैगशिप नंबर सीरीज में झलकती है, जो किफायती कीमतों पर एडवांस फीचर्स प्रदान करते हैं। प्रत्येक नए मॉडल के साथ, रियलमी अलग-अलग डिजाइन को एक्सप्लोर करता है और इमर्सिव विजुअल एक्सपीरियंस की सीमाओं को आगे बढ़ाता है।

### राजनीतिक मृत्यु शैय्या पर पड़ा झारखंड मुक्ति मोर्चा दिन में ही देख रहा सपने

# झामुमो अब कभी सत्ता में नहीं आने वाली : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर पलटवार करते हुए कहा कि अब यह राजनीतिक मृत्यु शैय्या पर पड़े हैं और दिन में ही बड़े-बड़े सपने देख रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार के बारे में प्रचलित कहावत है कि कोई ऐसा सगा नहीं, जिसे हेमंत सरकार ने ठगा नहीं। प्रतुल ने कहा कि बेरोजगार, किसान, महिला, युवा, मध्यम वर्ग सब इस सरकार के गलत निर्णयों और भ्रष्टाचार का शिकार हुए हैं। यह सरकार अब दोबारा सत्ता में कभी नहीं आने वाली है। वैसे भी एनडीए को पिछले लोकसभा चुनाव में 52 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी, जबकि सत्ताधारी गठबंधन 27 सीटों पर सिमट गया था। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार को बाबूलाल मरांडी का खौफ हमेशा सिर चढ़कर बोलता है। इन लोगों को सोते-जागते बाबूलाल ही याद आते हैं। क्योंकि, इनको पता है कि बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में भाजपा



गठबंधन आगामी विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत की ओर अग्रसर हो रही है। प्रतुल ने कहा कि भाजपा अभी भी मानती है कि मंत्री हफीजुल हसन का जो शपथ ग्रहण था, वह बिल्कुल असंवैधानिक था और यह मामला अभी राज्यपाल के पास लंबित है। लेकिन, गठबंधन उनका फैसला आने से पहले क्लीन चिट दे रहा है। यह साफ दिख रहा है कि यह सरकार बहुत हड़बड़ी में है और हड़बड़ी में गड़बड़ियां करती जा रही है। प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की रोटी, माटी और बेटी के हित में सदैव खड़ी रहेगी, जिसे झामुमो घुसपैठियों के हाथ में बेचने का काम कर रही है।

#### राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी कर रहे हैं बड़े पैमाने पर राजनीतिक घुसपैठ

प्रतुल शाह देव ने राज्य सरकार को बांग्लादेशी घुसपैठियों का संरक्षक बताया। प्रतुल ने कहा कि बांग्लादेशी सीमा से बड़े पैमाने पर जो घुसपैठिए भीतर घुस आए हैं, उनको राज्य सरकार राजनीतिक संरक्षण दे रही है। उनसे राजनीतिक घुसपैठ भी करा रही है। प्रतुल ने कहा कि ऐसे दर्जनों मामले हैं, जिसमें भोली-भाली आदिवासी लड़कियों को प्रेमजाल में फंसा कर ये बंगलादेशी विवाह करके स्थानीय निकाय पर काबिज हो गए हैं। यही नहीं, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने तो यह भी सिद्ध किया कि बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर अब्दुस हमीस की पत्नी मरियम मरांडी ने राजमहल से लोकसभा का चुनाव लड़ा था। प्रतुल ने कहा कि एक सिस्टैमेटिक तरीके से सीमावर्ती इलाकों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को तुष्टिकरण की नीति के तहत कागजात उपलब्ध करके बसाया जाता है। फिर वह जमीन पर कब्जा करते हैं और अब तो सीधा राजनीतिक हस्तक्षेप प्रारंभ हो गया है। प्रतुल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने जब झामुमो को घुसपैठ के मुद्दे पर शीशा दिखाया, तो इनको मिर्ची लग गई और ये अब अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने लगे। यही इनका असली राजनीतिक संस्कार है।

# मुख्यमंत्री पहले शेर थे और अब बब्बर शेर हो गए हैं : बन्ना गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में एक बार फिर से स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री का पदभार ग्रहण किया। साथ ही, उन्होंने महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं की जानकारी भी ली। इस दौरान विभागीय सचिव अजय कुमार सिंह एवं अन्य ने मंत्री बन्ना गुप्ता का स्वागत किया।

मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को अधिक से अधिक और बेहतर सुविधा मिले, यह मेरी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत को ईडी के सुप्रीम कोर्ट में चुनौती के सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पहले शेर थे, और अब

*स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री ने संभाला पदभार*

बब्बर शेर हो गए हैं। जितना जुल्म बढ़ेगा, उतना ही हम लोग मजबूत होंगे।

उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कैबिनेट का विस्तार किया गया था। इस दौरान बन्ना गुप्ता को एक बार फिर से स्वास्थ्य मंत्री के रूप में पदस्थापित किया गया है। बन्ना गुप्ता को स्वास्थ्य विभाग के साथ ही खाद्य, सार्वजनिक एवं उपभोक्ता वितरण विभाग का भी पदभार दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### संघ की प्रांत प्रचारक बैठक में शामिल होने रांची पहुंचे मोहन भागवत



**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत मंगलवार को झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे। वह टाटीसिलिवे के महिलौंग स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय में 12 जुलाई से शुरू हो रही तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में शामिल होंगे। डॉ भागवत ट्रेन से रांची पहुंचे। इसके बाद यहां से सरला बिरला विवि में आयोजन स्थल पर पहुंचे। वे 17 जुलाई तक रांची प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान 12 से 14 जुलाई तक अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद की कई बैठकों में भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांत प्रचारक बैठक हर साल मई-जून में संघ के प्रशिक्षण वर्गों के संपन्न होने के बाद आयोजित की जाती है। बैठक में संघ प्रमुख भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत सभी प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### 'शोधासउराविः' का हुआ आयोजन




**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को आईक्यूएससी एवं एमएमसीआरसी के संयुक्त तत्वावधान में शोधप्रेमियों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका नाम 'शोधासउराविः' रखा गया था जिसका अर्थ है शोधार्थी सांस्कृतिक उत्सव। रांची विश्वविद्यालम के कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा की यह कार्यक्रम का लक्ष्य शोधार्थियों में शोध के अलावा छुपी हुई प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना है। डॉ सिन्हा ने अपने समय किए गए शोधकार्य को भी सभी शोधार्थियों से साझा किया। आईक्यूएससी के निदेशक डॉ सुदेश कुमार साहु एवं एमएमसीआरसी की निर्देशक डॉ नयनी सक्सेना ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शोधार्थियों के लिए कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें रंगोली, स्पॉट पेटिंग, स्पॉट फोटोग्राफी, लोक नृत्य, लोक संगीत तथा वेस्टन गीत शमिल थे। कार्यक्रम में सभी विभागों के शोधार्थियों ने बाढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक शोधार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इसे सफल बनाया।

### मारवाड़ी महाविद्यालय में हुआ मतदाता निबंधन कैंप का आयोजन

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर मंगलवार को द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता निबंधन कैंप का आयोजन मारवाड़ी महाविद्यालय रांची में किया गया। इसमें कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं को प्रपत्र-6 तथा प्रपत्र-8 के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में बताया गया।

### इंटरमीडिएट संपूरक परीक्षा को ले निषेधाज्ञा जारी

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक), रांची द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संपूरक परीक्षा 09 जुलाई से प्रारंभ होकर 16 जुलाई तक चलेगी। प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 02:00 बजे अपराह्न से 05:15 बजे अपराह्न तक तीन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हो रही है। इन परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त, रांची एवं एसएसपी, रांची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सदर, एसडीओ रांची ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है।

### शब्द जीवंत हैं, शब्दों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें : डॉ पांडेय




**रांची ।** हिंदी विभाग एवं हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में मंगलवार को एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का विषय था - 'मीडिया की भाषा।' संगोष्ठी में स्वागत वक्तव्य संत जेवियर्स कॉलेज के हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ जय प्रकाश पांडेय ने दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय ने की। अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने कहा कि शब्द जीवंत हैं, मृत नहीं, इसलिए शब्दों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ विनीत कुमार थे। वे संत जेवियर्स कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं। उन्होंने मीडिया की भाषा पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए लिखित एवं अलिखित भाषा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मौन अपने आप में एक सशक्त अभिव्यक्ति है। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया में दृश्यात्मक भाषा के महत्व पर बल दिया। संगोष्ठी में डॉ ओमप्रकाश, डॉ राजीव कुमार डॉ मेल्टीना टोप्पो एवं डॉ संजय कुमार की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका कोमल खलखो एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुनील कुमार भाटिया ने किया।

### भाकपा माओवादियों के बंद को लेकर पुलिस अलर्ट

# प्रभाव क्षेत्र में हार की वजह से बौखलाए हुए हैं नक्सली : डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड के कोल्हान में नक्सलियों के 10 जुलाई को बुलाए गए बंद के मद्देनजर झारखंड पुलिस अलर्ट पर है। बंद को लेकर झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि लगातार अपने प्रभाव क्षेत्र में हार की वजह से नक्सली बौखलाए हुए हैं। यही वजह है कि अब बंद का ऐलान कर रहे हैं। बंद को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है। पुलिस कोल्हान में लगातार अपने आप को और मजबूत कर रही है। भाकपा माओवादियों के दक्षिणी जोनल कमेटी के प्रवक्ता अशोक ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बंद का ऐलान किया है। प्रेस रिलीज में यह कहा गया है कि झारखंड पुलिस और

*जवानों को पूरी सतर्कता और सावधानी बरतने को कहा गया है*

*सड़क, ट्रेन मार्ग एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी रहेगी*

अर्धसैनिक बलों द्वारा 'ऑपरेशन क्लीन' चलाकर हमारे छह साथियों को बर्बर तरीके से मार डाला गया। पुलिस के इस नरसंहार के खिलाफ 10 जुलाई को कोल्हान बंद का ऐलान किया जाता है।

बंद के दौरान प्रेस, चिकित्सा, एंबुलेंस, बच्चों और मरीजों के अलावा इमरजेंसी सेवाओं को नक्सलियों ने मुक्त रखा है। दूसरी ओर, पश्चिम सिहभूम (चाईबासा) जिले के चक्रधरपुर सोनुआ मुख्य मार्ग के रंगामाटी क्षेत्र में नक्सलियों ने माओवादी पोस्टर और बैनर लगाकर 10 जुलाई की बंद को सफल बनाने का आह्वान किया है। पोस्टर में लिखा है कि नक्सलियों ने कोल्हान सारंडा लिपुंगा के शहीद वीरांगनाओं को शत-शत लाल सलाम। मार का बदला मार है। खून का बदला खून। निवेदक में दक्षिण जोनल कमेटी भाकपा माओवादी लिखा है। इसी तरह पोस्टर में नक्सलियों ने नक्सल विरोधी अभियान का विरोध किया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कोल्हान में लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बंद के दौरान जवानों को अलर्ट किया गया है। नक्सली अपने बंद को सफल बनाने के लिए पुलिस पर हमला भी कर सकते हैं। ऐसे में हर अभियान को पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ चलाने को कहा गया है। कोल्हान से गुजरने वाले सभी सड़क मार्ग और ट्रेन मार्ग तथा सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

# 4.50 लाख आवास उपलब्ध कराने का है लक्ष्य : इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज मंत्री इरफान अंसारी ने झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बहुत कम समय है और काम अधिक है। ऐसे में सतत कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 4.50 लाख आवासहीन गरीब परिवारों को आवास निर्माण कर उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।



मंत्री ने कहा कि आदिम जनजाति क्षेत्र की ग्रामीण सड़क को सड़क से जोड़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिन ग्रामों को अभी तक संपर्क पथ से नहीं जोड़ा गया है, उन ग्रामों को जल्द ही सड़क से जोड़ा जाएगा। राज्य में ग्रामीण पुल का निर्माण, कुंआ का निर्माण सहित बिरसा हरति ग्राम योजना अंतर्गत एक लाख एकड़ भूमि को सिंचित किया जाएगा। पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय चौबे, ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, सीईओ जेएसएलपीएस संदीप सिंह, पंचायती राज निदेशक निशा उरांव, समेत अन्य वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों ने औपचारिक मुलाकात कर विभागीय मंत्री का स्वागत किया और बधाई दी। ग्रामीण विकास मंत्री बुधवार को विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक भी करेंगे।

# मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कामकाज संभाला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मंगलवार को नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री के पद पर कामकाज संभाल लिया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे कांग्रेस भवन पहुंचीं। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में उनका अभिनंदन किया गया।

कांग्रेस प्रदेश के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस नेतृत्व जिस भरोसे पर युवा नेतृत्व को झारखंड में मौका दिया है, उस पर सरकार के चंद दिनों के कार्यकाल में खरा उतरेंगी। नेताओं ने कहा कि अभी चुनौतियों का समय है। लोकसभा चुनाव के कारण इस वित्तीय वर्ष में कार्यों की गति धीमी हो गई है। इसे तेज करने की आवश्यकता है, ताकि किसानों एवं पशुपालन व्यवसाय तथा इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को अधिक से अधिक फायदा कम से कम दिनों में पहुंचाया जाए। सरकार की लाभकारी योजनाएं जनता तक आसानी से पहुंचे, इसकी व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, सुरेंद्र सिंह, गौतम उपाध्याय, अजय सिंह, अख्तर अली सहित कई लोग उपस्थित थे।




#### पशु चिकित्सा सेवा नियमावली में संशोधन प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद की स्वीकृति जल्द : दीपिका

**रांची।** राज्य की कृषि, पशुपालन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पशु चिकित्सा सेवा नियमावली में संशोधन के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद की स्वीकृति जल्द कराने का आश्वासन दिया है। मंत्री ने यह बात पशु चिकित्सा सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल से कही। पशुचिकित्सकों का सेवा नियमावली में प्रोन्नति के चार पद सोपन का प्रावधान है। इस विषय पर पशु चिकित्सा सेवा संघ ने विभागीय मंत्री से मिलकर पशु चिकित्सकों के प्रति मंत्री के सकारात्मक रूप के लिए उनका आभार प्रकट किया है।

# देश के बड़े आदिवासी नेता के रूप में स्थापित हुए हैं हेमंत सोरेन : हेमलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने कहा कि झारखंड विधानसभा से विश्वासमत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन देश के बड़े आदिवासी नेता के रूप में स्थापित हुए हैं। यह विश्वास मत राज्य की जनता की जीत है। उन्होंने भाजपा पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के गंदे विचारों के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अगला पांच माह तक कारावास में समय गुजारना पड़ा। हाई कोर्ट के ईडी पर की गई कड़ी टिप्पणी के बाद वे जमानत पर बाहर आए। भाजपा को यह सोचना चाहिए कि हेमंत का अर्थ होता है सोना। सोना को जितना गलाया और तपाया जाएगा, वह उतना ही चमकेगा। हेमंत सोरेन उसी सोने की तरह चमक रहे हैं। अपने कार्यों से पहले और आगे भी राज्य को भी चमकाने



का काम करेंगे। मुर्मू मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के एक बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके नसीब में केवल भाजपा की पालकी को ही ढोना लिखा है। मुख्यमंत्री का पद उनके नसीब में नहीं है। वे संताल या किसी भी आदिवासी क्षेत्र में जितना भी जोर लगा लें, उन्हें अब आदिवासी समाज अपनाने नहीं जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के विश्वास मत हासिल करने के दौरान चमरा लिंडा और लोबिन हेम्ब्रम का सरकार के पक्ष में किए वोट पर उन्होंने अपनी बातों को रखा। उनसे पूछा गया कि क्या पार्टी अब दोनों पर कार्रवाई नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चमरा लिंडा को लेकर अभी जानकारी नहीं है, लेकिन लोबिन के खिलाफ सदस्यता समाप्त करने का केस गठन हो चुका है। माना जा रहा है कि निलंबित विधायक चमरा लिंडा को पार्टी उपहार दे सकती है। उन्हें निलंबन मुक्त किया जा सकता है। हेमंत सोरेन की जमानत के खिलाफ ईडी के सुप्रीम कोर्ट जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ईडी के पास अब कोई तर्क बचा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के न्याय पर पूरा भरोसा है। हेमंत सोरेन बेदाग थे और रहेंगे। हफीजुल हसन के शपथ ग्रहण पर भाजपा के उठाए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उर्दू राज्य की द्वितीय भाषा है।

# राज्य को ठगबंधन सरकार से मुक्ति दिलाने का लें संकल्प : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कार्यकर्ता ही जमीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा के लिए जूझता है। जनता से संवाद करता है। रोज-रोज होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है। इनका मान-सम्मान बढ़ाना नेतृत्व का कर्तव्य है। तीसरी बार मोदी सरकार कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का ही परिणाम है। अब कार्यकर्ताओं का एक ही लक्ष्य है, राज्य की भ्रष्ट, निकम्मी ठगबंधन सरकार से मुक्ति दिलाना।




मरांडी मंगलवार को धनबाद में कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि यह धोखेबाज सरकार है, जिसने युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता का वादा कर वोट तो प्राप्त किया, लेकिन सत्ता में आते ही भुला दिया। सदन में मुख्यमंत्री ने पांच लाख नौकरी देने, बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही, लेकिन नौकरी देने के नाम पर नौकरियों की बोली लगाई गई। प्रश्न पत्र लाखों में बेचे गए। जेपीएससी-जेएसएससी की सभी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। आज युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया।मरांडी ने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त है। रोज हत्याएं हो रही हैं। राजधानी में सरेआम गोलियां चल रही। जेल से भी अपराधी धमकी दे रहे। व्यवसायियों से खुलेआम फिरौती मांगी जा रही। ऐसे में राज्य में कौन उद्योग धंधा लगाएगा। लगे हुए भी बंद हो रहे।

#### राज्य में जो भी विकास दिखता है वह भाजपा और एनडीए सरकार की देन

मरांडी ने कहा कि 24 वर्ष के युवा झारखंड में 10 वर्षों से ज्यादा इसी ठगबंधन का शासन रहा है, लेकिन इस दौरान केवल घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार ही हुए। उन्होंने कहा कि राज्य में जो भी विकास दिखता है वह भाजपा और एनडीए सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ऐसी भ्रष्ट निकम्मी सरकार से ऊब चुकी है। जनता निजात चाहती है, जिसका स्पष्ट संकेत लोकसभा चुनाव में दिया है। राज्य के 52 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए की बढ़त हुई है।

### नरेंद्र मोदी ने देश को दिशा दी है : खट्टर

**रांची।** केंद्रीय ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर मंगलवार को रिम्स में नवनिर्मित पावर ग्रिड के विश्राम सदन का उद्घाटन किया। मौके पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि झारखंड में पहले भी पार्टी के कार्यक्रम में आया हूं। इससे पहले बेरमो में चुनाव के दौरान में आया था और छोटे से कप में मैंने चाय पिया था। झारखंड में पहले से कई अनुभव रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे नया दायित्व सौंपा है। पहले हरियाणा का मुख्यमंत्री रहने का मौका मिला। पावर ग्रिड विश्राम सदन का उद्घाटन सूर्यास्त से पहले करने का लक्ष्य रखा था। समय पर काम करना समय का पालन करने की आदत रही है। नरेंद्र मोदी ने देश को दिशा दी है। देश को विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। रिम्स में आने वाले मरीज और परिजनों को भटकना नहीं पड़ेगा। साल में 90 हजार लोगों को विश्राम सदन का लाभ मिल सकेगा।

## पृष्ठ एक का शेष

**फुटपाथ दुकानदारों व सब्जी...**

बजाय अन्य जगहों पर वैकल्पिक व्यवस्था करे, जिससे सड़कें आम लोगों के चलने के लिए खुली रहें। कोर्ट ने नगर निगम के अधिवक्ता से पूछा कि लालपुर चौक के पास सब्जी विक्रेताओं के लिए कौन-सी जगह निर्धारित की गई, उसकी भी जानकारी दें। कोर्ट ने यह भी कहा कि राजधानी में सड़कों पर लोग अपने वाहन लगा देते हैं और वेंडर भी अपने दुकान सजा देते हैं। ट्रैफिक पुलिस उन पर एक्शन नहीं लेती है। राज्य सरकार भी राजधानी में जाम की समस्या को गंभीरता से ले, अन्यथा कोर्ट आला पुलिस अधिकारी को तलब कर सकती है।

**भारत-रूस सहयोग से विश्व अर्थव्यवस्था में...**

उन्होंने आशा व्यक्त की कि यूक्रेन संघर्ष के समाधान के प्रति वे आशावान है। मोदी ने भारत के मेक इन इंडिया अभियान में रूस से मिले सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे भारत में रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग से भारत के किसानों और उपभोक्ताओं का बहुत लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी वर्तमान रूस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है तथा लोग इसकी अलग-अलग तरीके से व्याख्या कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन को संबोधित करते हुए कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह कार्यकाल हमारे संबंधों को और गहरा व घनिष्ठ बनाएगा। हम नई-नई उपलब्धियों को लेकर आगे बढ़ेंगे।

**झारखंड में कमजोर पड़ा...**

की भी संभावना है। मानसून ट्रफ राज्य में डालटनगंज से होकर पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी तक कायम है, लेकिन मानसून के कमजोर होने से राज्य में अच्छी बारिश होने की संभावना कम है। दस जुलाई के बाद मानसून के सक्रिय होने की संभावन है। पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 1.3 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 31.7 डिग्री सेल्सियस हो गया है, जो सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक है। जमशेदपुर में 13 मिलीमीटर वर्षा होने के बाद उच्चतम तापमान 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड घटकर 33.6 डिग्री सेंटीग्रेड रह गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक है। डालटनगंज में बारिश नहीं हुई लेकिन अधिकतम तापमान में एक डिग्री की कमी आई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# दुनिया के लोग कहते हैं बदल रहा है भारत : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस की राजधानी मास्को में भारतवंशियों के बीच कहा है कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। इसे देखकर दुनिया भी कहने लगी है कि भारत बदल रहा है। तीसरे कार्यकाल में विकास की इस गति को तीन गुना बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने मास्को में भारतीय समुदाय को संबोधित किया है। उन्होंने कहा, ह्लभारत को हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी करने में केवल एक दशक लगा। भारत को 40 हजार किलोमीटर से अधिक रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण करने में केवल एक दशक लगा। इससे दुनिया को हमारे देश की क्षमता का एहसास होता है। इससे दुनिया को विश्वास होता है कि 'भारत बदल रहा है'। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को मास्को में भारतीय समुदाय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद रूस की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा में प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के सामने अपनी सरकार की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता बताई। राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी दोस्ती का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में वह छह बार रूस आए हैं और 17 बार राष्ट्रपति पुतिन से मिले हैं।



## 'युद्ध के मैदान में समाधान संभव नहीं', रूस-यूक्रेन जंग पर बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को क्रेमलिन में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी अहम बयान दिया। उन्होंने कहा कि युद्ध के मैदान में समाधान संभव नहीं होते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए शांति अत्यधिक सर्वाधिक है।

## भारत-रूस की दोस्ती पर मोदी ने गाया राज कपूर की फिल्म का गाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूस की राजधानी मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत और रूस की दोस्ती का जिक्र करते हुए बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता राज कपूर की फिल्म का गाना 'सिर पर लाल टोपी रूसी' भी गुनगुनाया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दशकों से भारत और रूस के बीच जो अनोखा रिश्ता है, मैं उसका कायल रहा हूं। रूस शब्द सुनते ही हर भारतीय के मन में पहला शब्द आता है, भारत के सुख-दुख का साथी, भारत का भरोसेमंद दोस्त। रूस में सर्दी के मौसम में टेंपरेचर कितना ही माइनस में नीचे क्यों न चला जाए।

## भारत ने एसडीजी को अपनी राष्ट्रीय विकास रणनीति में किया शामिल : पटेल

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने उच्च स्तरीय राजनीतिक फोरम एचएलपीएफ के उद्घाटन के दौरान भारत का पक्ष रखा। उन्होंने कई मुद्दों पर बात की। योजना पटेल ने कहा कि हम ऐसे समय में मिले रहे हैं, जब दुनिया इस दर्दनाक सच्चाई का सामना कर रही है कि एसडीजी लक्ष्यों में से केवल 12 प्रतिशत ही अभी ट्रैक पर है। इसलिए 2030 एजेंडा और इसके लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने की तत्काल जरूरत है। भारत ने एसडीजी को अपनी राष्ट्रीय विकास रणनीतियों में पूरी तरह से शामिल किया है। एसडीजी यानी सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल भविष्य के अंतरराष्ट्रीय विकास संबंधित लक्ष्यों के सेट हैं। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा बनाया गया है और वैश्विक लक्ष्यों के समान प्रचारित किया गया है। राजदूत योजना पटेल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एसडीजी के समाधान के लिए कई केंद्रित हस्तक्षेप भी शुरू किए गए हैं। भारत के प्रमुख राष्ट्रीय थिंक टैंक नीति आयोग एसडीजी को लागू करने में केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों दोनों का मार्गदर्शन कर रहा है।

## अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर मनाया गया मोदी 3.0 का जश्न

**न्यूयॉर्क।** भारत में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने से पूरी दुनिया के भारतवंशियों में जबरदस्त उत्साह है। अमेरिका के न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर पर भारतीय समुदाय के लोगों ने तिरंगा हाथ में थामकर पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत के उत्थान और प्रगति का जश्न मनाया। इस दौरान भारतवंशियों ने टाइम्स स्क्वायर पर भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे भी लगाए। इस बैठक का आयोजन इंडियन माइनॉरिटीज फाउंडेशन (आईएमएफ) और द यूनिटी ऑफ फेथ फाउंडेशन, भारत (टीयूएफएफ भारत) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इसके लिए न्यूयॉर्क में एक राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जहां अलग अलग धर्मों के नेताओं ने मोदी सरकार 3.0 को लेकर चर्चा की।

## आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला जलाया

**कठुआ।** जिला कठुआ की पहाड़ी तहसील बिलावर के बदनोता में हुए आतंकी हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने कठुआ शहर के मुखर्जी चौक में केंद्र सरकार का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के गृहमंत्री से इस्तीफा की मांग करते हुए इसे सुरक्षा में पूरी तरह से चूक बताया है। मंगलवार को कठुआ कांग्रेस कमेटी ने शहर के मुखर्जी चौक में केंद्र सरकार और एलजी सरकार का पुतला जलाकर जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस बीच आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों को नमन किया और वीर जवान अमर रहे के नारे लगाए। कांग्रेस पार्टी युवा नेता राबिन शर्मा ने कहा कि पिछले दो महीने से जम्मू कश्मीर में आतंकी वारदातों में इजाफा हुआ है।

# हाथरस जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम, सीओ व तहसीलदार सहित छह अधिकारी सस्पेंड

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के हाथरस के सिकंदराराऊ में बीते दो जुलाई को सत्संग के दौरान हुई दुर्घटना के तत्काल बाद गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ़ की एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम, सीओ व तहसीलदार सहित छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में कार्यक्रम आयोजक तथा तहसील स्तरीय पुलिस व प्रशासन को भी दोषी पाया है। स्थानीय एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज अपने दायित्व का निर्वहन करने में लापरवाही के जिम्मेदार हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि उप जिला मजिस्ट्रेट सिकन्दराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किये आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया गया। एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की थी। उप जिला मजिस्ट्रेट सिकंदराराऊ, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिकन्दराराऊ, थानाध्यक्ष सिकन्दराराऊ, तहसीलदार सिकंदराराऊ, चौकी इंचार्ज कचौरा एवं चौकी इंचार्ज पोरा को शासन ने निलंबित कर दिया है।



## 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में होगी हाथरस मामले पर सुनवाई

**हाथरस।** हाथरस भगदड़ मामले में बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इस पर अब 12 जुलाई को सुनावई तय की गई है। याचिका में 5 सदस्यीय समिति गठित कर मामले की जांच की मांग की गई है। इसके अलावा, निकट भविष्य में इस तरह की घटना ना हो। इसके लिए विभिन्न राज्यों को दिशानिर्देश जारी करने की भी मांग की गई है। याचिका में घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। सीजेआई ने कहा कि हमने मामले को सूचीबद्ध कर लिया है।

## दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का पदार्फाश किया है। क्राइम ब्रांच ने डॉक्टर समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस रैकेट के तार दिल्ली से लेकर बांग्लादेश तक जुड़े हैं। जानकारी के अनुसार, जिन सात लोगों को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है, उनमें 50 साल की एक नामी डॉक्टर भी शामिल हैं। आरोपी डॉक्टर चेन्नई से तालुक रखती है, वह दिल्ली में रहकर ही इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट से जुड़ी हुई थी। इसके अलावा उनके तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है, जिसमें एक ट्रांसलेटर भी शामिल है।

# पोलैंड, यूक्रेन ने किए द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

**एजेंसी। वारसॉ**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने वारसॉ में एक द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किया है। वाशिंगटन में मंगलवार से शुरू हो रहे उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले दोनों देशों द्वारा द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सोमवार को बताया कि समझौते में यूक्रेन के लिए पोलैंड के निरंतर रक्षा समर्थन, विशेष रूप से वायु रक्षा का जिक्र है। इसके साथ ही पोलैंड ने यूक्रेन को ऊर्जा सुरक्षा का समर्थन करने और पुनर्निर्माण में भाग लेने का भी आश्वासन दिया है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) और 19 देशों ने यूक्रेन के साथ इसी तरह के समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि दस्तावेज में व्यावहारिक द्विपक्षीय प्रतिबद्धताएं शामिल हैं, न कि केवल खोखले वादे। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रक्षा सहयोग और यूक्रेन के सुरक्षाबलों की जरूरतें उनकी सरकार की मुख्य प्राथमिकताएं हैं। वह एक शांतिपूर्ण और मजबूत यूक्रेन के साथ-साथ एक शांतिपूर्ण और मजबूत पोलैंड के निर्माण में विश्वास करते हैं।

---

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर कंप्यूटर और डेटाबेस एक्सपर्ट्स होते हैं, इन्हें डीबीए भी कहा जाता है। ये ग्राहकों, सहकर्मियों और अधिकारियों के लिए डेटा को व्यवस्थित, मैनेज, स्टोर और पुनर्प्राप्त करते हैं। एक व्यापक अर्थ में, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर छोटे से बड़े डेटाबेस या डेटा सेट की इंटेग्रिटी और एक्सेस सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। वे अक्सर अन्य डेटा या कंप्यूटर एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करते हैं। यदि किसी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण डेटा का संग्रह है, तो एक डीबीए ही इसे संभालता है।

# डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर की पढ़ाई कर बना सकते है अपना करियर



### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर क्यों बनें

- डीबीए के रूप में एक कैरियर आम तौर पर अन्य करियर की तुलना में उन्नति और उच्च कमाई की संभावना के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।
- अधिकांश डीबीए 40-घंटे के कार्य-सप्ताह में कार्य करते हैं, यह वर्क-लाइफ बैलेंस प्रदान करता है।
- कोई भी कंपनी जिसे बड़े डेटाबेस को बनाए रखने की आवश्यकता होती है, उसे आमतौर पर डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर की आवश्यकता होती है। अत स्कोप की कोई कमी नहीं है।

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के काम

- डेटाबेस को स्टोर, व्यवस्थित बनाए रखना।
- डिज़ाइन स्टोरेज और रखरखाव प्रक्रियाओं, डेटाबेस सिक्योरिटी प्रोसेस को कार्यान्वित करना।
- सर्वर सॉफ़्टवेयर स्थापित और कॉन्फ़िगर करना।
- शेड्यूल और सर्वर रखरखाव करना।
- डेटाबेस का बैकअप लेने और पुनर्प्राप्त करने के लिए स्ट्रेटजी निर्धारित करना।
- तेजी से क्वेरी रिस्पॉन्स प्रदान करने के लिए मापदंडों का उपयोग करके डेटाबेस डाउनटाइम को कम करना।
- रिपोर्ट, ऑपरेशन मैनुअल, रिकवरी मैनुअल और डेटाबेस नीतियों के रिकॉर्ड को बनाए रखना।
- सुनिश्चित करना कि डेटाबेस क्लाइंट की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य कर रहा है।
- डेटाबेस को अप टू डेट रखना और उन्हें कुशल बनाए रखने के लिए परिवर्तन और नए सॉफ्टवेयर लागू करना।

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर बनने के लिए आवश्यक कोर्सेज़

- बैचलर ऑफ मेनेजमेंट इंफोर्मेशन सिस्टम
- बैचलर ऑफ डाटा साइंस
- बैचलर इन कंप्यूटर साइंस
- बैचलर ऑफ डाटाबेस्ड एडमिनिस्ट्रेन
- मास्टर इन डाटाबेस्ड एडमिनिस्ट्रेन
- मास्टर इन इंफोर्मेशन टेक्नॉलोजी
- मास्टर इन बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन विथ ए कंसंट्रेशन इन इंफोरमेशन सिस्टम

### भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज़

- कालीकट यूनिवर्सिटी
- नाइलिट दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (आईआईटी)
- ब्रेनवेयर यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर
- पीएसजी टेक कोयंबतूर
- हिट्स चेन्नई
- एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई
- स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- निमास कोलकाता

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स के लिए विश्व भर के संस्थान

- कोलंबिया यूनिवर्सिटी
- आइई बिजनेस स्कूल
- यूनिवर्सिटी ऑफ क्लीफोर्निया, बर्कले
- द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो
- मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन
- यूनिवर्सिटी ऑफ साउथेम्पटन
- मिशिगन यूनिवर्सिटी
- युनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ ब्रिटिश कोलंबिया
- टेक्सास ए एम यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ तस्मानिया

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के लिए एम्प्लॉयमेंट सेक्टर

- टेक्नोलॉजी कंपनीज़
- मीडिया आउटलेट्स
- डिफेंस एंड इंटेलीजेंस सहित विभिन्न सरकारी विभाग
- नेटवर्क प्रोवाइडर
- बैंक और वित्तीय संस्थान
- एयरलाइन कंपनियां
- स्कूल, कॉलेज और अन्य एजुकेशनल इंस्टीट्यूट
- ई-कॉमर्स कंपनियां

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के लिए टॉप रिक्रूटर्स

- एक्सेंचर
- टेबलियू
- ओरेकल
- आईबीएम
- डेल टेक्नॉलोजी
- एमेरिकन एक्सप्रेस
- टीसीए
- गूगल
- माइक्रोसोफ्ट
- एपल

